CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

लखनऊ, रविवार 3 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 273 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 8 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा व आरएसएस के निशाने पर : खड़गे पेज 2



यशस्वी जायसवाल ने लगाया टेस्ट करियर का छठा शतक खेल टाइम्स



भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस पेज 11



नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी मुखर्जी बॉलीवुड

## अमेरिका के टैरिफ अटैक के बीच प्रधानमंत्री की ट्रम्प को दो टूक

# मोदी का संकल्प: अब वही खरीदेंगे जिसमें भारत का पसीना बहा हो

वाराणसी, वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है, अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना है।

हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है, लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व हैं। ये बात सिर्फ मोदी ही नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए दूसरे को कहते रहना चाहिए, जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं, ऐसा कोई भी राजनीतिक दल हो, कोई भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़ करके देशहित में हर पल हर जगह देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा। हम स्वदेशी का संकल्प लें! उन्होंने जोर देकर कहा कि 'अब हम कौन सी चीजों को खरीदेंगे, कौन से तराजू से तौलेंगे। अब हम कुछ भी खरीदें, तो एक ही तराजू होना चाहिए। हम उन चीजों को खरीदेंगें, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है, हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया प्रॉड्क्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया समान आएगा, मैं नए सामान की बात कर रहा हूं, वो स्वदेशी ही होगा। ये ज़िम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी।



- कहा: आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही
- भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

## बेटियों के सिंदूर के बदले का वचन पूरा किया: मोदी

- वाराणसी में 2200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि काशी के मेरे मालिक जनता-जनार्दन, सावन का महीना हो, काशी हो, देशभर के किसानों से जुड़ना हो, इससे बड़ा मौका क्या हो सकता है। आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, 26 निर्दोष लोगों की कितनी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार की पीड़ा, उन बच्चों का दुख, बेटियों की वेदना से मेरा हृदय बहुत तकलीफ से गुजरा। तब मैं, बाबा विश्वनाथ से यही मांग रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को ये दुख सहने की हिम्मत दे। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। वाराणसी में ऑपरेशन -शेष पृष्ठ दो पर

# देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्रकैद

## कोर्ट ने 11 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

मैसूरु, वार्ता



- अदालत ने पीड़ित महिला को सात लाख रुपये देने को कहा

**बेंगलुरु की** स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

साथ ही पीड़ित को 7 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

## गैंगरेप पर अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस का विवादित पोस्टर

- सलाह दी, रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है, आपत्ति के बाद हटाया

**अहमदाबाद।** रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है... दोस्तों के साथ अंधेरे, सुनसान इलाकों में न जाएं। सामूहिक बलात्कार हो सकता है... ये विवादास्पद शब्द लिखे पोस्टर्स शुक्रवार की सुबह अहमदाबाद की सड़कों पर नजर आए थे। हालांकि, विवाद होने पर कुछ देर बाद ही ये हटा दिए गए थे। विवाद के बाद डीसीपी ट्रैफिक सफीन हसन ने कहा कि इन पोस्टर्स से अहमदाबाद शहर पुलिस का कोई लेना-देना नहीं है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक एनजीओ को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के पोस्टर्स लगाने की अनुमति है। एनजीओ को सिर्फ रोड सेफ्टी के बैनर और पोस्टर लगाने की स्वीकृति थी, लेकिन महिला सुरक्षा को लेकर ऐसे पोस्टर्स लगाए जाना पूरी तरह से गलत है।

### धनशोधन मामले में वाड्रा को नोटिस, सुनवाई 28 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को शनिवार को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्र ने हरियाणा के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में यह नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले वह वाड्रा और मामले के 10 अन्य के प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनेगी। ईडी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

### ईसी ने बीएलओ स्तर के अधिकारियों का परिश्रम दोगुना किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारियों को भी मानदेय देने का निर्णय किया है। आयोग ने शनिवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि मतदाता सूची बनाने और पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के पारिश्रमिक में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। इसके अलावा, बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है।

### कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को दो आतंकवादी मारे गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तीन से पांच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार की शाम अखल खुलसन वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने वहां छिपे हुए आतंकवादियों पर निशाना साधा जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है।

### अमृत उद्यान 16 अगस्त से खुल जाएगा जनता के लिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव के अंतर्गत इस महीने की 16 तारीख से जनता के लिए खुल जाएगा राष्ट्रपति भवन सचिवालय के अनुसार अमृत उद्यान एक महीने यानी 14 सितम्बर तक जनता के लिए खुला रहेगा। उद्यान हर रोज पूर्वाह्न 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा और शाम को सवा पांच बजे उद्यान में प्रवेश बंद हो जाएगा। रखरखाव कार्यों के लिए उद्यान को हर सोमवार को बंद रखा जाएगा।

# ईसी पर बरसे राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता बोले- मेरे पास सबूत हैं, भारत के पीएम बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं
- लोकसभा चुनाव 2024 में 80 से अधिक सीटों पर धांधली हुई, चुनाव आयोग का अस्तित्व ही नहीं रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत में चुनाव प्रणाली 'बेजान' है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में 'धांधली' हुई है और उनके पास इस दावे को साबित करने के लिए सबूत हैं।

दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें संदेह है कि 2024 के आम चुनाव में 80 से अधिक लोकसभा सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है। भारत के प्रधानमंत्री बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं। अगर 15 सीटों पर धांधली हुई है, तो हमें संदेह है कि यह संख्या 80 से अधिक है, वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। आने वाले कुछ दिनों में हम आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और धांधली हुई भी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर

# उत्तराखंड के चमोली में हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट साइट पर पहाड़ दरका

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जम्मू-कश्मीर में चट्टान गिरने से अफसर-बेटे की मौत, प्रयागराज में 1000 घर बाढ़ में डूबे

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। उत्तराखंड के चमोली में विष्णुगढ़-पीपलकोटी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की डैम साइट पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम चल रहा था। घटना में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे (एनएच-3) और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर -शेष पृष्ठ दो पर

### अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को तीन अगस्त से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी।

### केदारनाथ धाम यात्रा फिर से शुरू, 22 किमी अतिरिक्त चलना होगा पैदल

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण कई दिनों से बाधित यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। अब श्रद्धालुओं को लगभग 22 किलोमीटर अतिरिक्त पैदल चलना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य सड़क मार्ग बाधित होने के कारण विगत कुछ दिनों केदारनाथ की यात्रा रुकी हुई थी। केवल वापस आ रहे यात्रियों को सुरक्षा बलों की मदद से वैकल्पिक पैदल मार्ग से लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार को मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुंड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को दी सलाह


# जातिसूचक अपमानजनक नामों को पुनर्भाषित करें राज्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

### एनएचआरसी ने नामों को बदलने के साथ ही चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

**लखनऊ।** देश के विभिन्न राज्यों में अनुसूचित जाति/जनजाति को लेकर इस्तेमाल में लाए जा रहे जातिसूचक व अपमानजनक नामों की समीक्षा करने के निर्देश राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सभी राज्यों को दिए है।

इस बाबत आयोग के असिस्टेंट रजिस्ट्रार (कानून) बृजवीर सिंह ने सभी राज्यों के पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिवों को आदेश जारी कर भावनाओं और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले नामों को बदलने के साथ ही चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। असिस्टेंट रजिस्ट्रार (कानून) बृजवीर सिंह की ओर से जारी आदेश में प्रमुख सचिवों से कहा गया है कि मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत को देश के सभी मानव अधिकारों की रक्षा और संवर्धन का दायित्व सौंपा है और पीएचआर अधिनियम, 1993 की धारा 13 के अंतर्गत जांच के लिए उसे सिविल न्यायालय के समान शक्तियां प्राप्त हैं। उन्होंने कहा है कि शिकायतकर्ता ने देश के विभिन्न भागों में गांवों, बस्तियों, बस्तियों आदि के लिए जातिसूचक और अपमानजनक नामों के निरंतर उपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। साथ ही अनुरोध किया गया है कि ऐसे नामों की समीक्षा की जाए और उनका नाम बदला जाए, क्योंकि ये अपमानजनक हैं और समानता एवं मानवीय गरिमा के संवैधानिक आदर्शों के विपरीत हैं। शिकायत में कहा गया है कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी, अनुसूचित जातियों के समुदायों को ऐसे नामकरणों के कारण सामाजिक अपमान और कलंक का सामना करना पड़ रहा है। जिन नामों को हटा दिया गया है/प्रतिबंधित किया गया है, वे कई स्थानों पर अभी भी प्रचलन में हैं और माना जाता है कि वे व्यक्तियों की गरिमा का हनन करते हैं। इस बावत आयोग ने अदालती आदेशों और अधिनियमों का हवाला देते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1) (यू) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को अपमानित करने या धमकाने के लिए जानबूझकर जाति-आधारित गालियों के इस्तेमाल को दंडित करती है। इस प्रावधान के तहत चमार, भंगी, मेहतर आदि शब्दों का इस्तेमाल करने पर मुकदमा चलाया जा सकता है। ऐसे में आयोग ने ऐसे नामों को बदलने के लिए उठाए गए कदम के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तलब की है।



## संक्षिप्त समाचार

### मप्र, पंजाब व राजस्थान में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है सेना

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिक प्रशासन की सहायता की प्रतिबद्धता पर अडिग सेना मध्य प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है। सेना ने शनिवार को बताया कि मध्य प्रदेश में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति सामान्य होने के बाद गुना और शिवपुरी जिलों में तैनात सैन्य टुकड़ियों को आज वापस बुला लिया गया। इस बीच अशो. कनगर-ग्वालियर से संचालित एक बाढ़ राहत टुकड़ी राहत और सहायता की संभावित आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए ईसागढ़ और सिहोरा क्षेत्रों का सक्रिय रूप से सर्वेक्षण कर रही है। धौलपुर में सेना की एक टुकड़ी स्थिति बिगड़ने पर सहायता के लिए तैयार है। साथ ही श्रीगंगानगर के उपायुक्त से प्राप्त अनुरोध पर शीघ्र कदम उठाते हुए सेना ने एक टीम तैनात की है। इस टीम को बाढ़ जैसी स्थिति के कारण जलभराव की समस्या के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने का काम सौंपा गया है।

### छात्रा-अध्यापकों पर लाठीचार्ज की निंदा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे छात्रों और अध्यापकों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक्स पर एक वीडियो साझा कर कहा कि देश का युवा सड़क पर है, लाठियां खा रहा है, क्योंकि वो अपने भविष्य के लिए सवाल पूछ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि एसएससी की परीक्षाएं लाखों युवाओं की जिंदगी बदल सकती हैं, लेकिन जब प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में हो तो भरोसा कैसे बचेगा?

### प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपये भेजे

# किसान सम्मान निधि की किश्त जारी

**वाराणसी, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की और कहा कि उनकी सरकार देश के किसानों की खुशहाली के लिए निरंतर काम कर रही है।

प्रधानमंत्री आज अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के 51वें दौरे पर आए। मोदी ने सेवापुरी क्षेत्र के बनौली गांव में एक जनसभा स्थल से पीएम किसान सम्मान की किस्त जारी करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों को 'विकास विरोधी' बताते हुए कहा कि इन पार्टियों ने शुरू में इस योजना के बारे में लोगों और किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर हुई एक घोषणा भी पूरी होना मुश्किल होता था, लेकिन भाजपा सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है! आज पीएम किसान सम्मान निधि सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण बन चुकी है। इस योजना के तहत अब तक देश भर में किसानों को पौने चार लाख करोड़ रुपए मिले हैं। इनमें उत्तर



■ सपा और कांग्रेस को बताया विकास विरोधी, सरकार किसानों के लिए कृतसंकल्प

प्रदेश के करीब ढाई करोड़ किसानों को 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेजी गई है। मोदी ने कहा कि 2019 में जब पीएम-किसान सम्मान निधि शुरू हुई थी, तब समाजवादी पार्टी-कांग्रेस जैसे ने लोगों को गुमराह करने के लिए कहा था 2019 के चुनाव के बाद यह योजना बंद हो जाएगी और मोदी ने जो पैसा अभी जमा किया है ना, वो भी वापस निकाल लेगा।

प्रधानमंत्री ने इस तरह की राजनीति को 'देश का दुर्भाग्य' बताते हुए कहा कि निराशा की गर्त में डूबा हुआ विरोधी मान. सिकता वाले लोग ऐसी ही झूठी सच्चाई को लेकर के जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना में ऐसी पक्की व्यवस्था बना दी है कि न कोई लीकेज होगी, न ही गरीब का हक छीना जाएगा। इसका पैसा बिना किसी कट-कमीशन, बिचौलिए या हेराफेरी के, सीधे किसानों के खाते में पहुंचता है। उन्होंने मंत्रिमंडल द्वारा हाल में स्वीकृत 24 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए, कृषि व्यवस्था मजबूत और विकसित करने के लिए इसे देश के ऐसे जिले में लागू किया जाएगा, जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए, पिछड़े रह गए। इससे उत्तर प्रदेश के भी लाखों किसानों को फायदा होगा। मोदी ने कहा कि किसानों के जीवन में बदलाव के लिए, उनकी आय बढ़ाने के लिए, खेती पर होने वाला खर्च कम करने के लिए, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पूरी शक्ति से काम कर रही है, पूरी ताकत लगा रही है। उन्होंने बताया कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत अब तक पौने दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के किसानों के दावे निपटाए जा चुके हैं।

### 20वीं किस्त जारी करने पर चाहर ने किया मोदी का धन्यवाद

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। चाहर ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र बनारस से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी कर देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपए डाले हैं। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक किसानों के खाते में 3.89 लाख करोड़ रुपए डाले जा चुके हैं। 18 जून 2024 को 19वीं किस्त के रूप में 9.26 करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि एक फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री ने इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य उचित फसल स्वास्थ्य और उचित पैदावार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कृषि आदानों की खरीद में सभी किसान परिवारों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है, जो अनुमानित कृषि आय के साथ-साथ घरेलू जरूरतों के लिए भी है।

# योगी सरकार के एजेंडे को धार देंगे गोयल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी गोयल को नया मुख्य सचिव बनाया है। अधिकारियों की माने तो नए मुख्य सचिव एसपी गोयल विधानसभा चुनाव 2027 के लिहाज से योगी सरकार के एजेंडे को धार देने का काम करेंगे।

हालांकि उनके कार्यकाल के दौरान कई वरिष्ठ नौकरशाहों की उम्मीदों पर भी पानी फिर जाएगा जो देश के सबसे बड़े राज्य के सबसे बड़े प्रशासनिक पद पर बैठने की उम्मीद पाले बैठे थे। उच्च पदस्थ सूत्रों की माने तो सत्ता के गलियारों में अभी से इस बात की चर्चा भी शुरू हो चुकी है कि चुनाव अवधि के दौरान प्रशासनिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए गोयल को कम से कम तीन महीने का विस्तार मिल सकता है। उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल का राज्य नौकरशाही के शीर्ष पर लंबा कार्यकाल तय है, क्योंकि उनकी सेवानिवृत्ति लगभग 18 महीने बाद जनवरी 2027 के अंत में होनी है। उनका संभावित लंबा कार्यकाल उन्हें विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय देगा।

### आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया गया

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सैन्य बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में पल बढ़ रहे आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया गया। काशी के सेवा. पुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली कालिका धाम में एक जनसभा में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का काशीवासियों की ओर से हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि सावन मास में प्रधानमंत्री जी की काशी में उपस्थिति विशेष है, जब 'ऑपरेशन सिंदूर' को पूरी दुनिया ने देखा।

# अंगदान को लेकर पूरे देश में लागू होगी एक यूनिफॉर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंगदान को लेकर अलग-अलग राज्यों में प्रचलित नियम व कानून को 'वन नेशन वन पालिसी' के तहत लाने की तैयारी है। इसके लिए नेशनल आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (नोटो) ने सभी राज्यों की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर लागू करने के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 'मन की बात' के 99 एपिसोड में इसका जिक्र कर चुके हैं। अभी तक अंगदान को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में लोग सर्टिफिकेट के लिए बढ़-चढ़कर प्रतिज्ञा लेते हैं। लेकिन अवसर आने पर इनमें से अधिकांश लोग नदारत हो जाते हैं। दूसरे अंगदान को लेकर अलग अलग राज्यों में अलग-अलग नियम व शुल्क निर्धारित है। जिसको देखते हुए नोटो ने सभी राज्यो की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर वन नेशन वन पालिसी के तहत लागू करने के लिए भारत सरकार के पास भेजा है। जिससे पूरे देश में एक यूनिफॉर्म लागू किया जा सके। एसजीपीजीआई में नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख व यूपी में नोटो के प्रभारी प्रो नारायण प्रसाद ने बताया कि ड्राफ्ट में रजिस्ट्रेशन के लिए आधार आधारित प्रणाली को लागू करने की मांग की गई है।

### अब यूपी पुलिस भी सीबीआई और ईडी के नक्शे कदम पर

**लखनऊ।** यूपी में अब पुलिस की गिरफ्तारी और तलाशी की कार्रवाई अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। यूपी के डीजीपी ने गिरफ्तारी और तलाशी से जुड़े 16 बिंदुओं पर आधारित नया मेमो सभी जिलों को भेजा है। हर गिरफ्तारी की प्रक्रिया को कागजों में दर्ज करना और उसकी पूरी जानकारी नियमानुसार देना अनिवार्य कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक अब हर आरा. 'पी की गिरफ्तारी के लिए एक अधिकारी को नामित करना जरूरी होगा, जो गिरफ्तारी से संबंधित सभी विवरण तैयार करेगा। इसके साथ ही इस विवरण को संबंधित जिले के कंट्रोल रूम में प्रदर्शित भी किया जाएगा।

# भाजपा-आरएसएस पर भड़के खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान को खतरे में बताते हुए भाजपा-आरएसएस पर शनिवार को तीखा हमला किया और कहा कि उनकी विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए चुनाव आयोग तथा उपराष्ट्रपति जैसी संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म कर संसदीय परंपरा को खत्म किया जा रहा है।

खड़गे ने यहां विज्ञान भवन में कांग्रेस विधि विभाग के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, जो हर भारतीय को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और



■ संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा, आरएसएस के निशाने पर: कांग्रेस

भाईचारे का अधिकार देता है, लेकिन आज यही संविधान खतरे में है। सत्ता में बैठे लोग इसके मूल स्वरूप को बदलने की बात कर रहे हैं।

भाजपा आरएसएस के बड़े-बड़े नेताओं का इरादा संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाना है, जबकि इनकी पार्टी के संविधान में ये दोनों शब्द हैं। इस दोहरे रवैए से भाजपा और आरएसएस के चाल, चेहरा और चरित्र को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेवारी न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया की है इसलिए इनकी स्वतंत्रता जरूरी है, लेकिन जब एक न्यायाधीश धर्म विशेष के लोगों के लिए अपशब्द बोलते हैं और उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे समय में जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया से मुख्य न्यायाधीश को हटा दे और मीडिया को पूंजीपतियों के माध्यम से नियंत्रित करे, तो यह लोकतंत्र नहीं तानाशाही है।



सेंसेक्स 81337.95
निफ्टी 2482110



सोना रु. 100000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114900
प्रति किलो



# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी एरसिल

**मुंबई, वार्ता**

देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी) एरसिल ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसने आईपीओ के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेज जमा कराए हैं। वह शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली देश की पहली एआरसी होगी।

आईपीओ के तहत 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 10,54,63,892 इक्विटी शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे। इनमें 6,87,39,034 इक्विटी शेयर एवेन्यू इंडिया रिसर्जेंस द्वारा और 1,94,45,000 शेयर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बेचे जा रहे हैं। लाठे इनवेस्टमेंट 1,62,44,858 इक्विटी शेयर और फेडरल बैंक ऑफ इंडिया 10,35,000 इक्विटी शेयर बेच रहा है।



आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज, आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और जेएम फाइनेंशियल को आईपीओ के लिए बैंकर नियुक्त किया गया है। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (एरसिल) की स्थापना 2002 में हुई थी। यह देश की पहली एआरसी कंपनी है। देश के 12 राज्यों में कई क्षेत्रें में परिसंपत्ति पुनर्गठन का उसका कारोबार फैला हुआ है। उसका नेटवर्थ 2,462. 511 करोड़ रुपए है। कंपनी ने अब तक 652 ट्रस्ट बनाए हैं, जिनमें 199 को सफलतापूर्वक वित्तीय परिसंपत्ति समाधान के बाद बंद कर दिया गया है। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में एरसिल का परिचालन राजस्व 596. 423 करोड़ रुपए और कुल आय 623.399 करोड़ रुपए रही। तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 355.319 करोड़ रुपए रहा।

### दूसरे दिन भी सोने-चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में शनिवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। ये लगातार दूसरा दिन है जब सोने और चांदी के दामों में कमी आई है, जिससे खरीदारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर हो सकता है। विस्तार से जानते हैं कि दिल्ली, हरिद्वार और अन्य प्रमुख शहरों में सोने-चांदी के ताजा भाव क्या हैं? अगस्त के पहले दिन सोने की कीमत में 580 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई थी और आज 2 अगस्त को भी गिरावट जारी रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव लगभग 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास बना हुआ है, जबकि 22 कैरेट सोने का रेट 91,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब है। वहीं, चांदी की कीमत में भी 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई और आज 1,14,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का दाम 99,960 प्रति दस ग्राम रहा, जबकि चेन्नई में 99,810 रुपये था। मुंबई में सोन का भाव 99,960 रहा, जबकि कोलकाता में 99,960 रुपये प्रति दस ग्राम रहा। कुछ विशेषज्ञों का ये भी कहना है कि दीपावली तक चांदी की कीमतें 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती हैं,जिससे ये निवेश का एक आकर्षक विकल्प बन सकता है।

# चावल सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़ चीनी-दालों में नरमी

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के दाम टूट गए जबकि गेहूं की कीमतों में स्थिरता रही। चीनी सस्ती और गुड़ महंगा हुआ। दालों में भी नरमी रही। वहीं खाद्य तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 19 रुपए घटकर 3,805.37 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गयी। गेहूं 2,839.49 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा 11 रुपए चढ़कर 3,301.10 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 112 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 168 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल करीब 14 रुपए चढ़ा, जबकि वनस्पति छह रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। सूरजमुखी तेल 16 रुपए और पाम ऑयल करीब 29 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल में औसतन 30 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। चना दाल 30 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। तुअर दाल 107 रुपए प्रति क्विंटल और दाल मूंग आठ रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा सस्ती हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब नौ रुपए प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी आठ रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7916.04, मसूर काली 8081.89, मूंग दाल 10125.94, उड़द दाल 10452.70, अरहर दाल 10839.79 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.49 रुपए और चावल 3805.37 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4275.77 और गुड़ 4938.78 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17660.97 रुपए, मूंगफली तेल 17681.91 रुपए, सूरजमुखी तेल 15286.49 रुपए, सोया रिफाइंड 13800.12 रुपए, पाम ऑयल 12254.80 रुपए और वनस्पति तेल 14502.00 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बेटियों के..** सिंदूर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनी। ऑपरेशन सिंदूर जवानों के पराक्रम का वो पल और आज किसानों को प्रणाम करने का अवसर मिला है। काशी में शनिवार को एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी के विकास का मंत्र है, जो जितना पिछड़ा उसे उतनी ज्यादा प्राथमिकता। इस महीने केंद्र सरकार ने एक और नई योजना को मंजूरी दी है, जिसका नाम है प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये किसानों के कल्याण के लिए खर्च किए जाएंगे। देश के ऐसे जिले जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए थे। उन जिलों पर प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का फोकस होगा। पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी करने के बाद ये बात कही। जब काशी से धन जाता है, तो अपने आप प्रसाद बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में 2200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। पीएम ने कहा कि आज काशी में 2 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी हुआ है। वाराणसी के मंच से पीएम मोदी ने कहा कि काशी में गंगाजल लेकर जाते हुए शिवभक्तों की दिव्य तस्वीरें देखने का अवसर मिल रहा है, खासकर सावन के पहले सोमवार को जब हमारे बंधु बाबा का जलाभिषेक करने निकलते हैं, यह बहुत ही मनोरम दृश्य होता है। डमरू की आवाज से अद्भुद भाव पैदा होता है। मेरी भी बहुत इच्छा थी कि सावन के पवित्र महीने में बाबा विश्वनाथ और मार्कंडेय महादेव के दर्शन करूं। पीएम मोदी ने हर-हर महादेव का जयकारा भी लगाया।

**ईसी पर...** (ईसी)का अस्तित्व खत्म हो चुका है और वह गायब हो गया है। चुनाव आयोग से मिले दस्तावेजें का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने यह पता लगाया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले 6.5 लाख मतदाताओं में से लगभग 1.5 लाख मतदाता फर्जी थे। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को नष्ट कर दिया गया है और उस पर कब्जा कर लिया गया है, लेकिन हमारे पास ऐसे सबूत हैं, जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का अस्तित्व ही नहीं है, यह गायब हो गया है। इस सबूत को खोजने में हमें लगातार छह महीने लगे हैं। आप बिना किसी संदेह के देखेंगे कि कैसे एक लोकसभा चुनाव चुराया जाता है। 6.5 लाख मतदाता वोट देते हैं और उनमें से 1.5 लाख मतदाता फर्जी होते हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें 2014 से ही कुछ गड़बड़ होने का संदेह था। गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र में अपनी हार के बाद चुनावी गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी, जहां विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले एक करोड़ नए मतदाता सामने आए, जिन्होंने भाजपा को वोट दिया। गुजरात विधानसभा चुनाव में मुझे पहले से ही शक था, बड़ी जीत हासिल करने की यह क्षमता। कांग्रेस पार्टी को राजस्थान, मध्य प्रदेश या गुजरात में एक भी सीट नहीं मिली, जिससे मैं हैरान था। फिर, महाराष्ट्र में कुछ हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में हम चुनाव जीते। फिर चार महीने बाद हम न सिर्फ हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। तीन मजबूत पार्टियां अचानक गायब हो गईं। हमने चुनावी गड़बड़ियों की गंभीरता से जांच शुरू की और पाया कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को गए।

**उत्तराखंड के...** में शुक्रवार रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की कार लैंडस्लाइड की चपेट में आ गई। उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में एसडीएम और उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी समेत 6 लोग घायल हो गए। भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को 3 अगस्त से बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले यह 9 अगस्त को खत्म होनी थी। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर मरम्मत का काम जारी है। बीते दिन सुबह बालटाल रूट से यात्रा शुरू की गई थी, लेकिन बाद में बारिश के चलते यात्रा रोक दी गई थी। मौसम विभाग ने शनिवार को असम, मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल में बारिश का रेड अलर्ट और बिहार, अरुणाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली समेत 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति फेल: महबूबा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 के हटाए जाने के 6 साल पूरे होने से पहले पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जम्मू कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति पूरी तरह से विफल हो गई है।

5 अगस्त 2019 को संविधान में संशोधन करके जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35। को हटाया गया था। इस पर महबूबा मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त 2019 से पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और आर्टिकल 370 को इस दावे के साथ हटा दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह से विफल रही है।



मुफ्ती ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आंतरिक स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ी है। उन्होंने सुरक्षा बलों पर जारी कार्रवाई की ओर इशारा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक रूप से हालात खराब हैं। पिछले छह सालों से रोजाना गिरफ्तारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं, हालांकि आज लोग चुप हैं। यही वजह है कि हमारा देश पाकिस्तान के साथ टकराव की स्थिति में आ गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाजपा का स्कूल बंदी षड्यंत्र पीडीए समाज को शिक्षा व वोट से वंचित करने की साजिश: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में स्कूल बंद किए जाने का निर्णय महज़ शैक्षिक नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक और राजनीतिक साजिश है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर मानसिक रूप से कमजोर करना चाहती है, ताकि वे भाजपा के विरोध में खड़े न हो सकें। साथ ही इन स्कूलों में बनने वाले बूथों को बंद कर पीडीए समाज के वोट डालने की संभावना को भी समाप्त करना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार शिक्षा, नौकरी और रोजगार के मोर्चे पर पूरी तरह असफल साबित हुई है। न तो युवाओं को शिक्षा मिल रही है, न रोजगार। यहां तक



कि परीक्षाएं तक समय से नहीं हो रही हैं, जिससे युवा सड़कों पर प्रदर्शन को मजबूर हैं। अखिलेश यादव ने दोहराया कि भाजपा ने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन उस वादे का हश्र सिर्फ़ झूठ निकला। उन्होंने कहा कि अलग-अलग भर्ती परीक्षाओं के अभ्यर्थी वर्षों से परीक्षाओं और नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। सरकार की नीयत में ही खोट है। शिक्षा विभाग में बड़ी संख्या में शिक्षक पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार स्कूलों की संख्या कम कर इन पदों को समाप्त करने की योजना बना रही है। यही हाल अन्य विभागों का भी है,

जहां पद रिक्त हैं लेकिन उन्हें भरने की कोई कोशिश नहीं की जा रही। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार ने आउटसोर्सिंग के ज़रिए न केवल सरकारी नौकरियों को निजी हाथों में सौंपा है बल्कि आरक्षण खत्म करने की चाल भी चली है। इससे युवा डिलीवरी ब्वॉय बनने को मजबूर हैं और उनका भविष्य बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे आयोजनों को लेकर भी उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लिया और कहा कि इन तमाम दिखावटी आयोजनों के बावजूद ज़मीन पर कोई कम्पनी या फैक्ट्री लगती नहीं दिखती।

## यूपी में स्कूल बंद करने के फैसले के खिलाफ 'आप' का प्रदर्शन

### संजय सिंह बोले, मधुशाला नहीं पाठशाला चाहिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के इको गार्डन में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार द्वारा 27 हजार प्राथमिक स्कूलों को बंद या मर्ज करने के निर्णय के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया।

सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में हुए इस धरने में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी, अभिभावक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। तेज बारिश के बावजूद विरोध प्रदर्शन जारी रहा, जिसे 'स्कूल बचाओ आंदोलन' का नाम दिया गया। प्रदर्शन के दौरान संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह नीति शिक्षा के अधिकार कानून के साथ गरीब बच्चों के भविष्य के खिलाफ एक साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक तरफ स्कूल बंद कर रही है, वहीं दूसरी ओर शराब की दुकानें खोल रही है। इस दौरान उन्होंने 'मधुशाला नहीं, पाठशाला चाहिए' का नारा देते हुए कहा कि सरकार 27 हजार स्कूल बंद कर रही है, जबकि प्रदेश में 27 हजार से अधिक शराब की दुकानें खोली जा चुकी हैं। संजय सिंह ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने मिलकर देशभर में अब तक 90 हजार स्कूल बंद कर दिए हैं, जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश में दस हजार आठ सौ सत्ताईस प्राथमिक स्कूल शामिल हैं। उन्होंने घोषणा की कि यह मामला उच्चतम न्यायालय में ले जाया गया है और राज्यसभा में भी इसे गंभीरता से उठाया जाएगा। संजय सिंह ने इसे चुनावी मुद्दा बताते हुए कहा कि 2027 में जनता इस फैसले का जवाब देगी। प्रदर्शन में उन अभ्यर्थियों ने भी भाग लिया जो 69 हजार शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया में शामिल हैं और जिन्हें अब तक नियुक्ति नहीं मिल सकी है। उनके अनुसार सरकार स्कूलों को बंद कर नई नियुक्तियों से बच रही है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन कर रही है, जिसमें यह स्पष्ट है कि बच्चों को उनके निवास के एक किलोमीटर के दायरे में स्कूल मिलना चाहिए। स्कूलों को दूर-दराज़ में मर्ज करने से यह सुविधा खत्म हो जाएगी। प्रदर्शनकारियों ने शंखनाद और घंटा बजाकर सरकार की नीतियों के खिलाफ सांकेतिक विरोध भी दर्ज कराया।

## हुक्के के धुएं में उलझे युवा, लखनऊ में अवैध बार से 34 दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** में देर रात पुलिस ने एक कैफे में दबिश देकर बिना अनुमति चल रहे हुक्का बार का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में 34 युवक-युवतियों को मौके से हिरासत में लिया गया। बताया गया कि इस स्थान पर लाइसेंस के बिना हुक्का परोसा जा रहा था और युवाओं को नशे की लत में धकेला जा रहा था। यह कार्रवाई ट्रांस गोमती अलीगंज थाना क्षेत्र में की गई, जहां एक कैफे की आड़ में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही थीं। स्थानीय नागरिकों की शिकायत के बाद पुलिस टीम ने जब छापा मारा, तो अंदर कई युवक-युवतियां हुक्का पीते पाए गए।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण: जिलाधिकारी

### तहसील तिलोई में डीएम व एसपी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार



पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील तिलोई में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 09 का मौके पर निस्तारण कराया गया,। गौरीगंज में 44 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 01 शिकायत का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## पीडीए पाठशाला को लेकर छात्र सभा जिलाध्यक्ष हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोईया में समाजवादी छात्र सभा द्वारा पीडीए पाठशाला लगाई गई थी। जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में सपा छात्रसभा जिलाध्यक्ष शिवम सिंह बच्चों को लीक से हटकर पाठ पढ़ाते नजर आ रहे हैं। बच्चों को अ से अखिलेश, आ से आजम जैसे राजनीतिक रूपकों से पढ़ाने पर पुलिस ने छात्र सभा जिलाध्यक्ष शिवम सिंह को शुक्रवार देर रात कोतवाली देहात पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि बच्चों के राजनीतिक इस्तेमाल को लेकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# एलडीए पर पचास हजार का जुर्माना, हाईकोर्ट ने लगाई कड़ी फटकार

### बिना नोटिस दुकान सील करना अनुचित, कोर्ट ने कहा, ऐसे आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की मनमानी कार्रवाई पर तीखी टिप्पणी करते हुए उस पर पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

न्यायमूर्ति विवेक चौधरी की एकल पीठ ने कहा कि बिना किसी वैध नोटिस के किसी दुकानदार की संपत्ति को सील करना न्यायिक सिद्धांतों का उल्लंघन है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने दुकानदार को राहत देते हुए एलडीए को सील की गई दुकान को तत्काल खोलने का आदेश दिया। यह मामला लोहिया पथ स्थित 'सहारा बाजार' नामक व्यावसायिक परिसर से जुड़ा है, जहां सहारा इंडिया द्वारा तीस वर्ष की अवधि के लिए दुकानों का आवंटन किया गया था। वर्तमान में सहारा समूह की संपत्तियों पर सरकार द्वारा कब्जा कर निवेशकों के बकाए भुगतान की प्रक्रिया चलाई जा रही है। इसी क्रम में सरकार ने सहारा अस्पताल को मैक्स हेल्थकेयर को सौंपा है तथा अन्य व्यावसायिक परिसरों और अचल संपत्तियों पर भी नियंत्रण स्थापित कर रही है, जिससे निवेशकों को उनका धन वापस मिल सके। सहारा बाजार की दुकानों पर भी यही कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें एलडीए ने आवंटियों को बिना किसी विधिवत नोटिस के उनकी दुकान से बेदखल कर दुकानों को सील कर अपने कब्जे में ले लिया। इसी के विरुद्ध एक दुकानदार ने उच्च न्यायालय की शरण ली। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिना सुनवाई और पूर्व सूचना के इस प्रकार की सख्त कार्रवाई न केवल अनुचित है, बल्कि संविधान सम्मत अधिकारों का उल्लंघन भी है। कोर्ट ने एलडीए को भविष्य में विधिक प्रक्रिया के पालन की सख्त चेतावनी दी है और कहा है कि किसी भी नागरिक की संपत्ति के अधिकार के साथ इस प्रकार का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।

## दोषी को 7 वर्ष कारावास, 18 हजार रुपये का अर्थदंड

**सीतापुर।** थाना रामपुर मथुरा में वर्ष 2015 में रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बालेसरपुर निवासी राजबहादुर पुत्र बुद्धू के खिलाफ नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज हुआ था। इस केस की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 ने सबूत को देखने, गवाहों व दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद राज बहादुर को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने इस मामले में दोषी राज बहादुर को 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वही दोषी पर 18 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

# बाढ़ राहत पर सख्त योगी, 12 जिलों में 'टीम-11' सक्रिय, हर पीड़ित तक तुरंत पहुंचे मदद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित 12 जिलों में राहत और बचाव कार्यों को तेज़ व प्रभावी बनाने के लिए 11 मंत्रियों की विशेष 'टीम-11' गठित कर दी है। सभी प्रभारी मंत्रियों को तत्काल जिलों का दौरा कर राहत कार्यों की निगरानी और पीड़ितों से संवाद करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राहत में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों, पुलिस कप्तानों और सीएमओ को 247 फील्ड में डटे रहने का आदेश दिया है। तटबंधों की सतत निगरानी, जलनिकासी, साफ-सफाई और राहत शिविरों में भोजन, पेयजल, चिकित्सा व बच्चों-महिलाओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने फसल क्षति, भूमि कटाव और घरेलू नुकसान पर 24 घंटे के भीतर सहायता राशि देने का सख्त आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने पशुधन की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देते हुए कहा है कि जलभराव वाले गांवों से पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और चारा व पशु चिकित्सा की पूरी व्यवस्था की जाए। सभी अस्पतालों में एंटी स्नेक वेनम व एंटी रैबीज इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने राहत सामग्री की आपूर्ति में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को अनिवार्य बताया है। अर्ली वार्निंग अलर्ट जनता तक तुरंत पहुंचाने, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई और पंपिंग स्टेशनों को क्रियाशील रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित विभागों को मुख्यमंत्री कार्यालय को नियमित रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि इस संकट की घड़ी में समन्वय, संवेदनशीलता और तत्परता ही सरकार की पहचान होनी चाहिए।

# आठ साल में शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव

### यूपी के स्कूलों की सूरत बदली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के आठ वर्षों में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल लर्निंग तक बड़े बदलाव हुए हैं।

2017 से पहले जहां विद्यालयों में शौचालय, बिजली, पीने का पानी जैसी सुविधाओं का घोर अभाव था, वहीं अब ऑपरेशन कायाकल्प के तहत राज्य के 96 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में इन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। शासन से जारी विज्ञप्ति में विस्तारपूर्वक बताया गया है कि बालक-बालिकाओं के लिए 1 लाख से अधिक शौचालय बनाए गए हैं, 51 हज़ार से ज़्यादा स्कूलों में बाउंड्री वॉल बनी है, और 4,336 नए भवनों के साथ 7,229 विद्यालयों का पुनर्निर्माण किया गया है। बिजली की उपलब्धता 85.9: और पीने के पानी की सुविधा 88.5: स्कूलों तक पहुंच चुकी है। डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा विस्तार हुआ है।

अब तक 25,784 स्मार्ट क्लास, 5,568 आईसीटी लैब और 2.6 लाख टैबलेट वितरित किए गए हैं। प्रेरणा ऐप के माध्यम से शिक्षकों की मॉनिटरिंग और बच्चों की प्रगति का मूल्यांकन रीयल टाइम में हो रहा है। लाइब्रेरी की सुविधा 2010 के मुकाबले तीन गुनी से अधिक बढ़ी है। अब 1.32 लाख से अधिक विद्यालयों में पुस्तकालय हैं और 15.37 करोड़ पाठ्यपुस्तकें समय से वितरित की गई हैं।

शिक्षक प्रशिक्षण भी अभूतपूर्व रहा है, 2024 तक 4.53 लाख शिक्षक गणित, कोडिंग, जीवन कौशल व डिजिटल विधाओं में प्रशिक्षित किए गए हैं। यूनिफॉर्म, जूते, मोजे और स्टेशनरी के लिए ঘ1,200 की डीबीटी योजना से पारदर्शिता आई है और ঘ1,200 करोड़ से अधिक सीधे खातों में भेजे गए हैं।बालिकाओं की शिक्षा को लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बड़ी वृद्धि दर्ज हुई है। छात्राओं की संख्या 83,584 तक पहुंची है और इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डॉर्मिट्री और कंप्यूटर लैब्स तैयार किए गए हैं। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट स्कूल योजना और पीएम श्री योजना के तहत 1,722 आधुनिक स्कूल विकसित हो रहे हैं। खेल को बढ़ावा देने के लिए 87,000 से अधिक प्राथमिक व 44,000 से अधिक उच्च प्राथमिक स्कूलों को खेल सामग्री के लिए अनुदान दिया गया है। आरटीई के तहत 4.58 लाख बच्चों को निजी विद्यालयों में नामांकन मिला है, जो 2017 के आंकड़ों से कई गुना ज़्यादा है। उत्तर प्रदेश में शिक्षा के इन आठ वर्षों में आया यह परिवर्तन न सिर्फ बुनियादी सुविधाओं तक सीमित है, बल्कि शिक्षण पद्धति, तकनीक, पोषण, पारदर्शिता और समावेशी विकास के स्तर पर भी नया कीर्तिमान स्थापित करता है।

# जिले के सभी तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

### डीएम और एसपी बिसवां तहसील में रहे मौजूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** शनिवार को जिले की सभी सात तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बिसवां तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शिकायत सुनी और उनका निस्तारण किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये।



जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। शिकायतकर्ता द्वारा जिलाधिकारी से खतौनी में दर्ज गलत नाम को हटवाये जाने की शिकायत की, जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए खतौनी से नाम हटवाकर नई खतौनी मौके पर ही जारी करवा दी।

# नए मुख्य सचिव से मिला कर्मचारी परिषद प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के नव नियुक्त मुख्य सचिव एस.पी. गोयल से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल लोक भवन स्थित कार्यालय में भेंट करने पहुंचा। परिषद के अध्यक्ष जे.एन. तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधियों ने मुख्य सचिव को पुष्पगुच्छ और श्रीगणेश प्रतिमा भेंट कर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

प्रतिनिधिमंडल में परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला, उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया, आदित्य नारायण झा और हर्ष कुमार शामिल थे। अरुणा शुक्ला ने लखनऊ में जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद ने नव नियुक्त मुख्य सचिव से कर्मचारियों की अपेक्षाओं और लंबित मुद्दों पर सकारात्मक संवाद की आशा जताई। अध्यक्ष जे.एन. तिवारी ने कहा कि एस.पी. गोयल कर्मचारियों की पहली पसंद रहे हैं और उनके नेतृत्व में न केवल प्रदेश का समग्र विकास संभव है, बल्कि कर्मचारी वर्ग की समस्याओं के समाधान की दिशा में भी ठोस पहल होनी चाहिए।

# ओबीसी युवाओं को एआई

### ड्रोन और साइबर सुरक्षा का मिलेगा प्रशिक्षण, योगी सरकार तैयार कर रही डिजिटल दक्षता की नई नींव

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार अब अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को डिजिटल कौशल से लैस कर रोजगार के नए द्वार खोलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार, पारंपरिक कंप्यूटर प्रशिक्षण को आधुनिक तकनीकी पाठ्यक्रमों से जोड़ते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन तकनीक और साइबर सुरक्षा जैसे उन्नत विषयों को शामिल किया जा रहा है। पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विभाग को इस बाबत विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सरकार चाहती है कि युवा महज़ कंप्यूटर साक्षर न हों,

बल्कि वे कृषि, सुरक्षा, शिक्षा और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में नवाचार और आत्मनिर्भरता का हिस्सा बनें। बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में ओबीसी वर्ग के 29,769 युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया, जिस पर सरकार ने 32.92 करोड़ खर्च किए। अब इस योजना की नियमावली में संशोधन कर ऐसे प्रशिक्षण केंद्र चुने जा रहे हैं जहां एआई, ड्रोन और साइबर सुरक्षा जैसे पाठ्यक्रम प्रभावी ढंग से चलाए जा सकें। प्रशिक्षकों को भी नवाचार आधारित प्रशिक्षण देने की योजना है। सरकार इस योजना को पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने पर ज़ोर दे रही है। इसके लिए भौतिक सत्यापन, फीडबैक प्रणाली और समयबद्ध मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है ताकि लाभार्थियों की वास्तविक जरूरतों तक पहुंचा जा सके। योगी सरकार का यह कदम सामाजिक रूप से पिछड़े युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और तकनीकी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# किसानों को मिली 20वीं पीएम किसान सम्मान निधि किश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने की। राज्यमंत्री की उपस्थिति में प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के विमोचन में दिए जा रहे सजीव सम्बोधन को सुना गया। सजीव सम्बोधन के उपरान्त राज्यमंत्री के द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया गया।

पीएम किसान सम्मान निधि से आच्छादित किसान भाईयों जैसे-शिव प्रकाश, मिथिलेश




कुमार, रामभजन, गया लाल एवं हरिनाम भारती आदि को माद्द राज्यमंत्री राकेश राठौर (गुरू जी) के द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप कृषि निदेशक सीतापुर द्वारा बताया कि जिन किसान भाईयों ने फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अभी नहीं कराया है, वह लोग शीघ्र ही फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करा लें, जिससे किसान सम्मान निधि की अगली किश्त का लाभ समय से मिल सके। खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास निरंतर जारी हैं।

इसके अतिरिक्त जनपद में पीएम किसान उत्सव दिवस के सफल आयोजन हेतु इसका संचालन तहसील, विकास खण्ड, न्याय पंचायत स्तर, एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख खैराबाद अजय विश्वकर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सीतापुर, उप कृषि निदेशक सीतापुर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आयोजन में पीद्दएमद्द किसान सम्मान निधि से अच्छादित किसान एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

# लकड़ी काटने गए दो युवकों पर तेंदुए ने किया हमला, ग्रामीणों के शोर मचाने पर भागा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में तेंदुए के हमले से सनसनी फैल गई है। नेवादा बिरई का पुरवा गांव के पास जंगल में लकड़ी काटने गए दो युवकों पर तेंदुए ने हमला कर दिया। ग्रामीणों की सूझबूझ और साहसिकता से बड़ी अनहोनी टल गई,

लेकिन घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।घटना शनिवार दोपहर की है, जब बलदेव (32 वर्ष), निवासी भैद पुर गाजन पुर दुव रिया और सोनू (28 वर्ष), निवासी बिरई पुर जंगल में लकड़ी काटने गए थे। इसी दौरान काढ़ू नाला के विशाल जंगल से निकला तेंदुआ उन पर झपट पड़ा। युवकों के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ भाग गया, जिससे युवकों की जान बच गई।घायल बलदेव और सोनू को ग्रामीणों की मदद से तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और भाले सुल्तान थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग की टीम ने आसपास के जंगलों में तेंदुए की तलाश की, लेकिन तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामीणों को लाउडस्पीकर के माध्यम से चेतावनी पुलिस और वन विभाग ने लाउडस्पीकर से ग्रामीणों को सतर्क रहने और खतरनाक जंगल क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त तेंदुआ पहले भी कई बार इस क्षेत्र में दिखाई दिया है, लेकिन इस प्रकार का हमला पहली बार हुआ है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि तेंदुआ संभवतः पास में स्थित एक बंद पड़े ईंट-भठे के कमरों में डेरा जमाए हुए है। इससे पहले बहराइच और बाराबंकी में तेंदुए के हमलों की घटनाएं सामने आई थीं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## समाधान दिवस बना इंतजार दिवस, आए बैठे और चले गए अधिकारी... ऐसे सम्पूर्ण हुआ समाधान दिवस

# जनता आई पूरी तैयारी से, एडीएम आई सिर्फ 'हाजिरी' लगाने

**सुमित अग्रवाल**

**मंडी धनौरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां प्रदेश में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर सख्त निर्देश दे रहे हैं और संपूर्ण समाधान दिवस को प्राथमिकता मानते हैं, वहीं अमरोहा जिले की नवागत अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गरिमा सिंह के पहले ही समाधान दिवस ने प्रशासनिक गंभीरता पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। 10 बजे शुरू हुए समाधान दिवस में एडीएम एक बजे पहुंची और डेढ़ बजे रवाना हो गयी। समाधान दिवस जैसी व्यवस्था जनता की उम्मीदों की रीढ़ है, लेकिन यदि ऐसी उदासीनता बनी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब लोग इस मंच पर जाना ही छोड़ देंगे। एडीएम गरिमा सिंह के लिए यह पहला समाधान दिवस था, लेकिन यह शपहली छापश उम्मीद से ज्यादा निराशा लेकर आई। समाधान दिवस में कुल 17 शिकायत दर्ज हुई मौके पर मात्र तीन का ही निस्तारण हो सका।



मंडी धनौरा। समाधान दिवस में फरियादियो को समस्या सुनती एसडीएम विभा श्रीवास्तव खाली पड़ी एडीएम की कुर्सी

धनौरा तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस सुबह 10 बजे शुरू हुआ, लेकिन जिस एडीएम की अध्यक्षता में जनता अपनी समस्याएं लेकर पहुंची थी, वो दोपहर 1 बजे तक भी मौके पर नहीं पहुंचीं। कतारों में खड़े सैकड़ों फरियादी एडीएम के इंतजार में बार-बार घड़ी की ओर देखते रहे, पर जवाब मिला केवल थोड़ी देर और इंतजार करें। कई फरियादी मायूस होकर वापस लौट गए, और जो रुके रहे उन्हें मिला वही पुराना जवाब आपकी शिकायत जल्द निस्तारित की जाएगी। आखिरकार, एडीएम गरिमा सिंह करीब 1 बजे सभागार में पहुंचीं और महज आधे घंटे बाद 1:30 बजे ही वहां से रवाना हो गईं। इस रवैये से न केवल फरियादी, बल्कि किसान नेता, सभासद और जनप्रतिनिधि भी नाराज नजर आए। लोगों का कहना था कि यदि समाधान दिवस सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है, तो फिर आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करे। कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम और तहसीलदार ने जरूर कुछ शिकायतें सुनीं, लेकिन फरियादियों का कहना था कि उनकी समस्याएं उच्च अधिकारी को ही सुनानी थीं। जनता और जनप्रति. निधियों की नाराजगी स्पष्ट संकेत दे रही है कि अगर जिम्मेदार अधिकारी समाधान दिवस को गंभीरता से नहीं लेंगे, तो प्रशासनिक व्यवस्था पर

**■ दस बजे लगा समाधान दिवस, एक बजे पहुंची एडीएम और डेढ़ बजे हो गईं रवाना**

जनता का भरोसा डगमगाने में देर नहीं लगेगी। इस संबंध में एडीएम गरिमा सिंह से दुरभाष पर संपर्क कर समाधान दिवस में देरी से पहुंचने का कारण जानने का प्रयास किया उनकी कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उसको प्रकाशित नही किया जा सका हैं। लेकिन एडीएम की इस लेटलतीफी और खानापूर्ति से फरियादियों में निराशा जरूर है। समाधान दिवस के दौरान एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार योगेश लोधी, राजपाल सिंह, पूर्ति निरीक्षक प्रीति शर्मा, ईओ अवधेश वर्मा, समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



हम सुबह 10 बजे से एडीएम का इंतजार कर रहे थे। उम्मीद थी कि वो किसानों के बीच आकर समस्याएं सुनेंगी, लेकिन वो 1 बजे आईं और 1:30 बजे चली गईं। हमें नजरअंदाज किया गया, यह किसान विरोधी रवैया है। ऐसे समाधान दिवस का कोई मतलब नहीं।

**डूंगर सिंह, किसान नेता**



यह तो समाधान नहीं, समस्याएं बढ़ाने वाला दिवस था। जब अधिकारी ही गंभीर नहीं तो व्यवस्था कैसे चलेगी? कुछ किसान निराश होकर लौट गए और जो रुके उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला। ऐसे दिखावे से जनता ऊब चुकी है।

**नरेश कुमार, किसान नेता**



हम नगर की समस्याएं लेकर पहुंचे थे, लेकिन 12 बजे तक एडीएम नहीं आईं। मजबूरी में हमें ज्ञापन अन्य अधिकारियों को देना पड़ा। सरकार तो जनहित में संजीदा है, लेकिन अधिकारी उसका पालन करें तब न!

**नूतन रानी, भाजपा सभासद**



समाधान दिवस में एडीएम की मौजूदगी केवल रस्म अदायगी जैसी थी। 30 मिनट में क्या समाधान होगा? जनता विश्वास लेकर आती है, और लौटती है मायूसी के साथ। ये जनसेवा नहीं, केवल खानापूर्ति थी

**विवेक सिंह एडवोकेट**

# बदलते मौसम में बढ़ी मरीजों की संख्या

## सीएचसी में उमड़ी मरीजों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मौसम के बदलते मिजाज के चलते नगर स्थित सीएचसी में शनिवार को मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। सीएचसी के हर काउंटर पर मरीजों की भीड़ देखी गई। कभी बारिश कभी धूप के कारण क्षेत्र में बीमारी बढ़ रही है।

शनिवार को नगर की सीएचसी में दवाई लेने वाले मरीजों की भीड़ देखी गई। चिकित्सकों की माने तो मौसम के बदलाव के चलते लोगों को बीमारी हो रही है। सीएचसी में मरीजों में ज्यादातर नॉर्मल खांसी, बुखार, जुकाम आदि के मरीज अधिक पहुंच गये। सीएचसी के पंजीकरण कक्ष, ओपीडी एवं दवाई वितरण खिड़की पर मरीजों की काफी भीड़ देखी गई। मरीजों द्वारा सबसे पहले सीएचसी मेंघ1 का पर्चा बनवाने के बाद ओपीडी में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा जांच कराकर दवाई ली गई। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि ज्यादातर मरीज खांसी जुकाम एवं बुखार से पीड़ित थे, सीएचसी में शनिवार को लगभग 600 मरीजों का उपचार किया गया है।



# अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर-ट्रालियां पकड़ीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** क्षेत्र के अलग-अलग गांव में अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने के बाद तहसील प्रशासन ने छापा मारकर दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियो को पकड़ लिया। खनन अधिकारी को कार्यवाही के लिए लिखा गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक घेर एवं मनौटा के नजदीक से शनिवार को अवैध रूप से मिट्टी का खनन करने की सूचना तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को प्राप्त हुई। उन्होंने नायब तहसीलदार मनोज कुमार को कार्रवाई के लिए मौके पर भेज दिया। नायब तहसीलदार की गाड़ी देखकर अवैध खनन कर रहे लोग मौके से भाग गये लेकिन मौके पर मिट्टी लदी अलग-अलग स्थानों से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया गया। दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली को कोतवाली में लाकर सीज करते हुए खनन अधिकारी के यहां रिपोर्ट भेजी गई है। नायब तहसीलदार मनोज कुमार ने कहा कि अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ लगातार प्रशासनिक कार्रवाई चल रही है। जहां भी इस प्रकार के मामले सामने आएंगे, संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। किसी भी दशा में अवैध मिट्टी खनन नहीं होने दिया जायेगा।

# कांवड़ियों की सेवा में वेंक्टेश्वरा ने किया भण्डारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददात,**

**गजरौला।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित हवन, पूजा एवं

**■ शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो ने किया शुभारंभ**

भण्डारे का शुभारम्भ संस्थापक अध्यश सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ0हरि सिंह ढिल्लो, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति डॉ0 कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव प्रो0 पीयूष पाण्डेय, आचार्य रामनिवास शास्त्री आदि ने महादेव शिव की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके एवं फीटा काटकर किया।



श्रावण मास में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ0हरि सिंह ढ़िल्लो ने कहा कि निसन्देह रूप से महादेव का स्थान सभी देवो में सबसे ऊपर आता है। श्री शिव जी की भक्ति का मतलब यह है कि जो ज्ञान, ध्यान, बल, बुद्धि, शिक्षा, संस्कार एवं पुरूषार्थ में 'श्रेष्ठ' फलदाता हो। प्रतिकुलाधिपति डॉ0राजीव त्यागी ने कहा कि हमारे जीवन में प्रत्येक व्यक्ति के लिए शिव जी की अराधना सबसे बड़ा महापर्व है। एक शिव ही है जो हमे अज्ञानता के अधंकार, भय, क्रोध, भ्रम/सन्देह, मोह, लोभ के बन्धन से मुक्त कराकर ज्ञान, बल एवं बुद्धि के प्रकाश से आलौकित करते है। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, डॉ0राजेश सिंह, डॉ0 ओमप्रकाश गोसाई, डॉ0 तेजपाल सिंह, डॉ0योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ0अनिल जायसवाल, अरूण गोस्वामी, डॉ0मोहित शर्मा, मारूफ चौधरी, डॉ0अश्विन सक्सेना, देवप्रताप, तेजवीर सिंह अलूना आदि मौजूद रहे।

# छुट्टी घोषित होने के बाद भी खुला रहा स्कूल

## डीएम के आदेश को हवा में उड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कांवड़ यात्रा की भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जनपद के सभी स्कूलों को शनिवार, रविवार और सोमवार को बंद रखने का आदेश दिया था। हालांकि, इस आदेश के बावजूद, आदमपुर थाना क्षेत्र के चकफैरी गांव में स्थित एक निजी स्कूल शनिवार को खुला रहा। कांवड़ यात्रा के दौरान छात्रों की सुरक्षा और आवागमन में होने वाली परेशानी को देखते हुए जिलाधिकारी ने तीन दिन का अवकाश घोषित किया था। इसके बावजूद, स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को पढ़ाई के लिए बुलाया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह स्कूल अक्सर सरकारी आदेशों का पालन नहीं करता है। जिलाधिकारी का स्पष्ट आदेश था कि कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि स्कूल संचालक ने किसकी अनुमति से स्कूल खोला। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है और वे स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। प्रशासन को इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिये। ताकि भविष्य में इस तरह के आदेशों की अवहेलना न हो।

# श्रद्धा के लिए किया सम्पत्ति का बलिदान

## पालिकाध्यक्ष प्रवीण ने खुद चलाया हथौड़ा, बुलडोजर से करोड़ों की दुकानों को कराया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रामलीला भूमि विवाद पर आखिरकार शनिवार को वह ऐतिहासिक क्षण आया जिसने नगर की राजनीति और जनभावनाओं को झकझोर दिया। करोड़ों रुपये मूल्य की तीन वैध दुकानों को लेकर चले लंबे विवाद का पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने अपने साहसी फैसले और बुलंद इरादों से न सिर्फ पटाक्षेप किया, बल्कि यह भी दिखा दिया कि जब बात श्रीराम की हो, तो संपत्ति तुच्छ है।

पूर्व घोषणा के अनुसार, पालिकाध्यक्ष ने खुद हथौड़ा उठाया और दुकानों की दीवार पर पहला प्रहार किया फिर बुलडोजर की गरज के साथ देखते ही देखते तीनों दुकानें मलबे में तब्दील हो गईं। यह दृश्य केवल इमारत गिरने का नहीं, स्वार्थ पर श्रद्धा की जीत और त्याग का जीवंत प्रमाण बन गया। प्रवीण अग्रवाल ने कहा यह भूमि उन्होंने 2016 में वैध रूप से खरीदी थी लेकिन जब सवाल भगवान श्रीराम की आस्था



और नगरवासियों की भावना से जुड़ गया, तब उनके लिए संपत्ति कोई मायने नहीं रखती। उन्होंने खुद यह फैसला किया कि इन दुकानों को मिटाकर रामलीला भूमि को समर्पित कर दूं। इस घटनाक्रम के दौरान नगर की सड़कों पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। हर कोई यह नजारा देखने को उत्सुक था कि क्या सचमुच कोई जनप्रतिनिधि खुद की वैध संपत्ति पर हथौड़ा चला सकता है? लेकिन प्रवीण अग्रवाल ने सभी सवालों को अपने कर्म से जवाब दे दिया। बताते हैं कि रामलीला प्रबंध समिति के कुछ सदस्यों द्वारा दुकानों को रामलीला की भूमि पर बताया जा रहा था, जबकि दस्तावेज पालिकाध्यक्ष के नाम थे। इसी विवाद के निपटारे के लिए पिछले सप्ताह उन्होंने सर्व समाज की सार्वजनिक बैठक बुलाकर यह ऐलान किया था कि वह इन दुकानों को खुद ध्वस्त करेंगे, और शनिवार को उन्होंने उसे क्रियान्वित भी कर दिखाया। नगरवासियों ने इस फैसले को नेता नहीं, धर्मवीर का निर्णय बताया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि कैसे पालिकाध्यक्ष दीवार पर हथौड़ा मारते हुए जय श्रीराम के उद्घोष के बीच अपना निर्णय लागू कर रहे हैं। यह घटना आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बन गई है जब कुर्सी पर बैठा व्यक्ति कुर्बानी दे, तब वह केवल जनप्रतिनिधि नहीं, जननायक कहलाता है। शनिवार पालिकाध्यक्ष प्रवीण द्वारा जब दुकानों को ध्वस्त कराया गया इस दौरान सुनील अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, सतीश सभासद, राजेन्द्र सिंह, राजू बादशाह, राजू शर्मा, ओमकार गर्ग, पवन गुप्ता, जागेश अग्रवाल, हितेश, शेंकी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# 21 में से मात्र दो शिकायतों का निस्तारण

## डीएम ने समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जनसमस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश देते हुए शिकायतों का जल्द समाधान किये जाने के निर्देश दिये हैं।

शनिवार को तहसील नौगांवा सादात में सम्पूर्ण समाधान दिवस जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की उपस्थिति में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 21 जनशिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें 04 शिकायतें राजस्व विभाग, 07 विद्युत विभाग, 07 विकास विभाग, 01 नगर पंचायत, 01 डूडा और 01 पूर्ति विभाग से संबंधित थीं। इनमें से 2 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि कुछ मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित



कर मौके पर भेजा गया।श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने पूर्व तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण और फीडबैक की समीक्षा की और विद्युत संबंधी शिकायतों की बढ़ती संख्या और असंतोषजनक फीडबैक पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए सहायक अभियंता और अवर अभियंता की मॉनिटरिंग करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी श्रीमती सरिता द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, उप जिलाधिकारी श्रीमती सुनीता सिंह मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स कक्ष बनवाने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा की सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन मासिक बैठक में पदाधिकारियों ने डीएम निधि गुप्ता वत्स को मांग पत्र सौंपा और कोषागार के पास में पड़ी खाली भूमि पर अन्य जनपदों की तर्ज पर पुराने पेंशनर्स के लिये कक्ष बनाने की मांग भी कई।

शनिवार को आयोजित बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम निधि गुप्ता वत्स, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक राव गौतम के साथ संगठन के संरक्षक एवं माटी कला बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला का बुके व प्रतीक चिन्ह भेंट करके स्वागत किया गया। डीएम ने पेंशनर्स को आश्वस्त किया गया कि उनके मांग पत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए आवश्यक प्रयास किया जाएगा। वहीं ओमप्रकाश गोला ने कहा कि, जनपद से प्रस्ताव शासन को भिजवाइए। शासन स्तर पर भी जो समस्या आएगी उसका वह निराकरण कराएंगे और जनपद में पेंशनर्स कक्ष का निर्माण अवश्य कराया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनूप सिंह पैसल, संरक्षक श्योनाथ सिंह प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह चिकारा, मंत्री राजेंद्र सिंह राणा, शिशुपाल सिंह, अमीपाल सिंह, पुरुषोत्तम मित्तल आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम सेवा समिति कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** श्री राम सेवा समिति के जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर के आवास पर समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सर्वप्रथम नगर कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए मुकुल अग्रवाल नगर अध्यक्ष,जय अग्रवाल नगर महामंत्री एवं अनमोल अग्रवाल को नगर कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी के साथ तीनों नवनियुक्त पदाधिकारी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। उसके बाद तीनों पदाधिकारी द्वारा अपनी कार्यकारिणी की घोषणा बैठक में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर ने बताया कि 11 अगस्त से 18 अगस्त तक बड़ी धूमधाम के साथ समिति के पदाधिकारी द्वारा नगर में प्रभात फेरी एवं शाम को ठाकुर जी की आरती का आयोजन किया जायेगा। 17 अगस्त को शिवाला मंदिर से बड़े ही धूमधाम के साथ श्री कृष्णा ढोल शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। 18 अगस्त को शिवाला मंदिर पर ठाकुर जी को छप्पन भोग लगाया जायेगा। बैठक में काफी संख्या में समिति पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# गंगा में जलस्तर रहा स्थिर

**शाह टाइम्स संवाददात,**

**गजरौला।** गंगा के जलस्तर का आंकड़ा तो स्थिर रहा मगर बिजनौर स्थित बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा शुक्रवार से लगभग बीस हजार क्युसेक ज्यादा रही। आशंका है बैराज से ज्यादा पानी छोड़े जाने के कारण रविवार की सुबह गंगा के जलस्तर में वृद्धि हो जाए।

गंगा के जलस्तर में शुक्रवार को गेज 200.15 मीटर पर था और बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा 59989 क्युसेक थी, शनिवार की सुबह जलस्तर का आंकड़ा तो यही रहा मगर बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा 73844 क्युसेक रही। आशंका है कि रविवार की सुबह जलस्तर बढ़ जाए। पहाड़ों पर हो रही बारिश और बिजनौर बैराज से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा के जलस्तर में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कभी पांच दस सेन्टीमीटर पानी घट जाता है तो कभी बढ़ जाता है। खादर क्षेत्र के गांवो के खेतों में गंगा का पानी भरा हुआ है, जिस कारण किसानों को पशुओं के लिये चारा आदि लाने में भी परेशानी हो रही है और कई दिन से पानी भरा होने के कारण फसलें भी गलने की कगार पर हैं।

## गन्ना भुगतान को लेकर किसानों का आंदोलन तेज, बार एसोसिएशन ने भी दिया समर्थन

# पांच अगस्त तक भुगतान नहीं, तो रोकेंगे रेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गन्ना भुगतान में देरी और मिल प्रशासन की वादाखिलाफी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (असली) का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को दूसरे दिन भी उसी जोश के साथ जारी रहा। शुक्रवार रातभर किसान तहसील परिसर में कढ़ाई-भगौने के साथ जमे रहे, खाना पकाया, बिस्तर बिछाया और खुले आसमान के नीचे अपनी नाराजगी को तपिश में बदला।

धरना अब धीरे-धीरे एक बड़े आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। शनिवार को बार एसोसिएशन मंडी धनौरा ने भी किसानों के धरने को समर्थन दिया। वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने धरना स्थल पहुंचकर किसानों से एकजुटता जताई और किसानों की मांगों को जायज बताया। वकीलों का कहना था कि किसानों को उनका हक दिलाने के लिए वे हर मंच पर आवाज उठाएंगे। इस दौरान किसानों ने एसडीएम विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 5 अगस्त तक गन्ना भुगतान नहीं हुआ, तो रेल रोको आंदोलन शुरू किया जाएगा। मंडल



अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा तीन बार तारीखें दी गईं, तीनों बार धोखा मिला। अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा पांच अगस्त अंतिम सीमा है। उसके बाद किसान रेलवे ट्रैक पर उतरेंगे। जिला महासचिव कपिल प्रधान ने कहा हम अपना हक मांग रहे हैं, कोई खैरात नहीं। किसान धरने पर बैठे हैं, लेकिन सिस्टम सो रहा है। अगर अब भी भुगतान नहीं हुआ, तो संघर्ष और तेज होगा। तहसील अध्यक्ष कलुआ खां ने चेताया यह सिर्फ गन्ने का भुगतान नहीं, किसान की अस्मिता का सवाल है। ये आंदोलन अब रुकने वाला नहीं है। हमने चूल्हे यहां जला दिए हैं, अब तब तक नहीं हटेंगे जब तक हर पैसा नहीं मिल जाता। धरना स्थल पर अब पोस्टरों के साथ-साथ गन्ना भुगतान दो जैसे नारों की गूंज और तेज हो गई है। बार एसोसिएशन का समर्थन मिलने से आंदोलन को कानूनी और नैतिक बल भी मिल गया है। अब जिला प्रशासन की अग्निपरीक्षा शुरू हो चुकी हैख्क्या वह 5 अगस्त से पहले समाधान निकाल पाएगा या फिर किसान आंदोलन की चिंगारी अब रेलवे पटरियों तक पहुंचने वाली है। इस दौरान जिला प्रवक्ता नरेश कुमार, गुरवचन सिंह, जसपाल सिंह गिल, देशराज सिंह खचेड़ू, दिनेश प्रधान, जगदीश यादव, केशव सिंह, नन्हे सिंह, श्यामवली यादव, प्रदीप सिंह, मनोज त्यागी, जन्म सिंह आदि मौजूद रहे।

# योगी सरकार ने बलिया में एयरपोर्ट को लेकर मांगी फिजिबिलिटी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बलिया में एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर स्थानीय प्रशासन से प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी है। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के विधायक उमाशंकर सिंह के प्रस्ताव पर सरकार ने यह निर्देश जारी किया है।



बसपा विधयक ने बलिया की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार से एयरपोर्ट बनाने का आग्रह किया है। दरअसल बलिया में घाघरा, तमसा और गंगा नदी बहती हैं । बारिश की वजह से अक्सर जिले की नदियां उफान पर आ जाती हैं जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। वाराणसी, आजमगढ़, गाज़ीपुर और गोरखपुर में हवाई अढे की सुविधा होने के बावजूद इस जिले के लोगों के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। विधायक उमाशंकर सिंह ने अपने प्रस्ताव में बलिया-लखनऊ मार्ग पर हवाई अढा निर्माण करने की मांग की है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि इस मार्ग पर जमीन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। बसपा विधायक की तरफ़ यह प्रस्ताव सरकार के पास ऐसे समय में आया है जब ओएनजीसी गंगा के किनारे बसे सागरपाली गांव के पास हाइड्रोकार्बन प्रोजेक्ट लगाने की तैयारी में जुटी है। एयरपोर्ट निर्माण के प्रस्ताव को लेकर विधायक उमाशंकर सिंह का कहना है कि, बलिया की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है।

यहां पिछले कुछ सालों में तेज़ी से विकास हुआ है। एयरपोर्ट बनने से यहां की इकोनामी में सुधार होगा और रोजगार भी पैदा होंगे। लोगों के बाहर जाने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी भी मिलेगी। उमाशंकर सिंह के इस आग्रह के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सिविल एवियेशन विभाग को निर्देश दिया है कि फिलहाल बलिया के लोगों को गाजीपुर, आजमगढ़, बनारस, गोरखपुर या कुशीनगर जिलों से हवाई सेवा उपलब्ध हो पाती है। एयरपोर्ट के निर्माण हो जाने के बाद यहां के लोगों को काफ़ी राहत मिलेगी।

## वाराणसी में पुलिस मुठभेड़ में, 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में लंका और दशाश्वमेध थानों की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में 25 हजार रुपए के इनामी गैंगस्टर विशाल कुमार प्रजापति को शुक्रवार रात डाफी टोल प्लाजा के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) टी- सरवणन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि इनामी बदमाश विशाल कुमार प्रजापति हाइवे पर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर दशाश्वमेध थाना प्रभारी वी-के-शुक्ला और लंका थाना प्रभारी राज. कुमार शर्मा ने अपनी टीमों के साथ घेराबंदी की। डाफी टोल प्लाजा से लोटूबीर पुलिया के पास जब पुलिस ने विशाल को रुकने का इशारा किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी।

# काश, मोदी काशी की सच्चाई भी मन से पढ़तेः अजय राय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे से पूर्व कांग्रेस के प्रदेश अजय राय ने उन पर तंज कसते हुए शनिवार को कहा कि काश प्रधानमंत्री वाराणसी की सच्चाई को भी मन से पढ़ते। 2024 के लोकसभा चुनाव में श्री मोदी के खिलाफ कांग्रेस के उम्मीदवार रहे श्री राय ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि प्रधानमंत्री जी का ट्वीट पढ़ा।

काश आप कभी वाराणसी की सच्चाई भी इतने मन से पढ़ते, जितना हम आपके वादों को सुनते रहे हैं। आप फिर काशी आ रहे हैं। करोड़ों की घोषणाओं और कैमरों के शोर के साथ। लेकिन काशी अब सवाल कर रही है। क्या आपने कभी किसी गली में पैदल चलकर यहां के हालात देखे। उन्होंने लिखा कि क्या बीएचयू या किसी विश्वविद्यालय की कक्षा में जाकर छात्रों से पूछा कि उनका भविष्य कैसा दिखता है। क्या किसी किसान से, किसी छोटे दुकानदार से, किसी रिक्शे वाले या महिला समूह से आमने-सामने बात की। हर बार मंच, माइक और मीडिया ।लेकिन काशी की असल तस्वीर उस वीडियो में नहीं दिखती। हर रोज़ की जाम से करा.



हती सड़कें, गैंगरेप और अपराध की खबरों से डरी महिलाएं, रोज़गार के लिए भटकते नौजवान, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालयों में हताश शिक्षाविद ,छात्र एवं कर्मचारी। श्री राय ने अपने पेज पर लिखा कि काशी सिर्फ एक चुनावी पड़ाव नहीं है। ये वो नगरी है जहां राजा भी सेवक बने रहते है। काशी के लोग अब भाषण नहीं, भागीदारी चाहते हैं। उन्हें फोटो नहीं, फिक्र करने वाला चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में काशी की जनता ने इशारा कर दिया था।

# लाल निशान के करीब पहुंची गंगा-जमुना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में संगम नगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना उफान पर हैं और,दोनों नदियां लाल निशान के करीब पहुंच चुकी हैं।

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार शनिवार को गंगा नदी का जल स्तर लगभग 6.83 सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है तो वही यमुना नदी का जलस्तर भी 4.83 सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 146 सेंटीमीटर और छतनाग में 113 सेंटीमीटर बढ़ा है। प्रयागराज के कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी आ गया है रसूलाबाद, छतनाग और दारागंज श्मशान घाट पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं,रसूलाबाद घाट पर आज से अंतिम संस्कार भी बंद कर दिया गया है। अब विद्युत शवदाह गृह में अंतिम संस्कार किया जा रहा है। राजापुर फाफामऊ झूसी छतनाग के कछारी इलाको में पानी तो आ ही गया लेकिन अब पानी का जलस्तर बढ्ने से रिहायशी इलाकों में पानी प्रवेश कर गया है। लोग अपने सामानों के साथ दूसरे मंजिल पर रहने को मजबूर हो गए है जिससे चोरी की घटना भी अब बढ़ गई है। विद्युत व्यवस्था भी बंद कर दी गई है जिससे लोगो को और भी दिक्कतें आ रही है।

## कौशांबी में युवती ने फांसी लगाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के मंझनपुर क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हिसामपुर बहरेमऊ गांव निवासी मोनी देवी (18) ने देर शाम फांसी लगा ली। घटना के समय पिता व भाई राहुल खेत में काम करने के लिए चले गए थे। घर सूना पाकर उसने गले में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का सही कारण का पता चल सकेगा।

# उप्र की भाजपा सरकार में विकास की परियोजनाओं को मिल रही रफ्तारः पाठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार में विकास को नई रफ्तार मिल रही है। श्री पाठक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि आज यूपी इतनी तेज गति से औद्योगिक विकास कर रहा है। देश और दुनिया की बड़ी बड़ी कंपनियां यहां निवेश कर रही हैं,

इसके पीछे भाजपा की विकासपरक नीतियों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने लिखा कि सपा के समय में यूपी में अपराधी बेखौफ थे, निवेशक यहां आने से भी डरते थे। लेकिन भाजपा की सरकार में अपराधी में खौफ है, और निवेशक यूपी के भविष्य में भरोसा देख रहे हैं, मैं विकास की इस रफ्तार के लिए यूपी सरकार को बधाई देता हूं। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुरुवार को ही वाराणसी पहुंच गए थे।



उनके अलावा दूसरे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी वाराणसी पहुंचे हैं। यहां पहुंचने के बाद दोनों नेताओं बी काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया था।

# बड़ी गंडक नदी में बाढ़, 150 लोगों पर बेघर होने का खतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में बड़ी गंडक नदी के निशाने पर रहे महदेवा खास टोला के लोगों ने पिछले वर्ष किसी तरह बाढ़ की त्रासदी झेल ली थी। इस बार बिना बाढ़ के इस टोला के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।

नदी का पानी आबादी के समीप पहुंचने से लोगों की नींद उड़ गई है। पिछले 20 दिनों से जलस्तर चेतावनी बिंदु के आसपास रहा है, लेकिन कहीं कटान नहीं हो रही है। अचानक नदी की धारा महदेवा खास टोला की तरफ मुड़ने लगी है। इससे 30 परिवारों की लगभग डेढ़ सौ आबादी के बेघर होने का डर सताने लगा है। पिछले वर्ष नदी व आबादी के बीच 10 मीटर का फासला रह गया था तो महदेवा खास टोला के लोगों ने भय के साए में बाढ़ को झेला था। उस दौरान अधिकारियों ने इस टोला को कटने से बचाने के लिए तरह-तरह के वादे किए थे।

लेकिन संकट टलने के बाद कोई पूछने नहीं गया।अब नदी के बदले रुख ने आबादी पर संकट खड़ा कर दिया है। इस गांव के सुन्नर, शंकर मल्लाह, रामप्रवेश, महातम, सोहबर, महावीर आदि के घर नदी के निशाने पर आ गए हैं। इन लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष से ही कटान का संकट चल रहा है। बाढ़ के दौरान प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी दौरे पर आए थे।उनके समक्ष हम लोगों ने अपनी परेशानियों को रखा था और दर्द भी सुनाया था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि समस्या का समाधान कराया जाएगा। बाढ़ के समापन के बाद अधिकारी इधर झांकने भी नहीं आए। नदी में पानी कम होने के बाद धारा दूसरी ओर मुड़ गई थी। इस संबंध में मनोरंजन कुमार एसडीओ बाढ़ खंड विभाग ने बताया कि जनपद में अभी ठीकठाक वर्षा नहीं हुई है।

लेकिन नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा के बाद वाल्मीकिनगर बैराज से बड़ी गंडक नदी में डिस्चार्ज बढ़ाया जा रहा है। इससे नदी का जलस्तर बढ़ रहा तो रुख भी परिवर्तित हो रहा है। इधर एक सप्ताह से अचानक धारा परिवर्तित होकर आबादी की तरफ रुख कर ली है। नदी की तेज धारा महदेवा खास के समीप नहीं है और न ही कटान हो रहा है। वहां के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है।

विभाग हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि वाल्मीकिनगर बैराज से शुक्रवार की सुबह चार से 10 बजे तक डिस्चार्ज 65000 क्यूसेक रहा। दोपहर 12 बजे 67100, दो से छह बजे तक 65000 क्यूसेक डिस्चार्ज रहा।आज शनिवार को भैंसहा गेज पर बड़ी गंडक नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु से 30 सेमी ऊपर 95.30 मीटर दर्ज किया गया।

# वाराणसी में गंगा खतरे के निशान के करीब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर वाराणसी में चेतावनी बिंदु को पार कर चुका है और इसके शीघ्र ही खतरे के निशान को पार करने की संभावना है।

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर से ऊपर बढ़कर 70.87 मीटर तक पहुंच गया। गंगा नदी का खतरे का निशान 71.26 मीटर और अधि. कतम जलस्तर 73.90 मीटर है। मंडलायुक्त राजलिंगम ने बताया कि एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज शर्मा के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों-गंगा घाटों तथा वरुणा नदी के किनारे कोनिया, सलारपुर, हुकुलग. ंज और चौकाघाट का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ से निपटने की तैयारियों, त्वरित बचाव कार्यों और राहत वितरण व्यवस्था की गहन समीक्षा की। काशी के सभी 84 घाट पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। मणिकर्णिका घाट पर शवदाह छतों पर और हरिश्चंद्र घाट पर गलियों में किया जा रहा है।

# कोर्ट के स्टे के बावजूद स्वतंत्रता सेनानी के घर पर दबंगों का कब्जा, जेसीबी से गिराया मकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के तेजगढ़ मेहरबान का पुरवा गांव में दबंगई का शर्मनाक चेहरा सामने आया है, जहां एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम आश्रय यादव के चार कमरों के मकान को जेसीबी चलाकर जमींदोज कर दिया गया।



हैरानी की बात यह है कि पीड़ित के पक्ष में न्यायालय का स्थगन आदेश (स्टे) होने के बावजूद यह घटना घटित हुई, जिससे प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।जानकारी के अनुसार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम आश्रय यादव ने वर्ष 2001 में निकउ पुत्र गिरजा से बैनामा कर यह जमीन खरीदी थी, जिस पर उन्होंने चार कमरों का पक्का मकान भी बनाया था। वर्ष 2022 से विपक्षी पक्ष के लोग लगातार थाने और अन्य विभागों में शिकायतें कर विवाद पैदा करने लगे। स्थिति बिगड़ने पर राम आश्रय यादव ने गौरीगंज तहसील और दीवानी न्यायालय में वाद दाखिल कर स्थगन आदेश (स्टे) भी प्राप्त कर लिया था।

# भदोही में गंगा में उफान से सहमे ग्रामीण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भदोही।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश व सीमांत प्रदेशों में हो रही बारिश के कारण भदोही जिले में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। उफनाई गंगा का दृश्य देखकर तटीय इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों की बेचैनी बढ़ गई है। सीतामढ़ी स्थित केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार की शाम तक गंगा का जलस्तर 78-710 मीटर तक पहुंच चुका है।

जल स्तर में चार से पांच सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही। जिले में चेतावनी बिन्दु 80.20 मीटर, जबकि खतरे का बिंदु 81.20 मीटर पर है। पिछले लगभग 12 घंटों में 60 से 63 सेंटीमीटर पानी बढ़ा है। गंगा जलस्तर में हो रही तेजी से बढ़ोतरी के कारण नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की रात की नींद हराम हो चुकी है। ग्रामीणों को चिंता है कि गंगा की गति इसी तरह बनी रही तो एक दर्जन से अधिक गांव में नदी के पानी का भराव हो सकता है। गंगा का पानी अब सीतामढ़ी के महर्षि वाल्मीकि गंगा घाट होते हुए सीतामढ़ी स्थित महर्षि वाल्मिकी आश्रम व उड़यि बाबा आश्रम के पास तक पहुंच गया है, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर हैं। डीएम के आदेश पर जिला प्रशासन ने तटीय क्षेत्र के गांवों में निगरानी बढ़ाने के साथ बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नावों की व्यवस्था व राहत सामग्री जुटाने का काम भी तेजी से चल रहा है।

## यमुना का जलस्तर बढ़ने से दादो घाट पुल के संपर्क मार्ग में दरार

**शाह टाइम्स ब्यरो**

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में लगातार बढ़ रहे यमुना नदी के जलस्तर से फतेहपुर बांदा को जोड़ने वाला दादो घाट पुल के एप्रोच मार्ग पर दरार आने से आवागमन अवरुद्ध हो गया है। जिला प्रशासन ने वाहनों की आवागमन पर रोक लगा दी है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर हैं। उप जिलाधिकारी अभिनित कुमार ने बताया कि यमुना नदी पर लगातार बढ़ रहे जलस्तर से के कारण दादो घाट पुल के एप्रोच मार्ग पर दरार आ गई है।

# पर ब्लॉक वन क्रॉप कार्यक्रम से बागवानी को मिलेगा क्षेत्रीय आधार और वैश्विक बाजार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की ओर ले जाते हुए राज्य सरकार अब बागवानी क्षेत्र में एक नई पहल करने जा रही है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि 'पर ब्लॉक वन क्रॉप' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक विकास खंड में एक विशिष्ट, उच्च मूल्य वाली औद्यानिक फसल को बढ़ावा दिया जाएगा, जो उस क्षेत्र के एग्रो क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप हो। इस क्रम में 4 अगस्त से 8 अगस्त 2025 तक पूरे प्रदेश मेंवन कवर आप सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान सभी जिलों और विकास खंडों में गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी, जिनकी अध्यक्षता संबंधित मंडलीय उप निदेशक (उद्यान) करेंगे। इन बैठकों में किसने दृषक उत्पादक संगठनों निर्यातकों कृषि एवं विपणन विभागो और अन्य हितधारकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल क्षेत्रीय स्तर पर विशिष्ट फसलों का उत्पादन बढ़ाना है, बल्कि किसानों को प्रसंस्करण, पैकेजिंग, गुणवत्ता मानकों और निर्यात की समग्र श्रृंखला से जोड़ना भी है। इससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ प्रदेश की कृषि निर्यात क्षमता को भी नई ऊर्जा मिलेगी। बीते 6-7 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने फल और सब्जियों के उत्पादन में जबरदस्त प्रगति की है। कुल मिलाकर 3 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल और 211 लाख मीट्रिक टन उत्पादन की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इसे प्रदेश की आर्थिक प्रगति में बागवानी क्षेत्र की निर्णायक भूमिका बताया। राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय कोऑर्डिनेशन कमेटी भी गठित की है, जो मंडलीय और जनपदीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम की प्रगति पर नजर रखेगी। मंत्री ने सभी जनपदीय उद्यान अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र की चयनित फसलों पर आधारित गोष्ठियों का सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करें और विभाग को समयबद्ध रिपोर्ट भेजें। किसानों को कार्यक्रम से जुड़ी योजनाओं, तकनीकी जानकारी और निर्यात की संभावनाओं के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल कृषि को बाजार से जोड़ेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश के बागवानी उत्पादों को ब्रांडिंग और वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित होगा।

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज क्षेत्र में शनिवार की रात लगभग दो बजे थाना पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर बदमाशों को एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि महेशगंज क्षेत्रान्तर्गत बहोरीपुर नहर पुलिया के पास के पास चेलकग के दौरान पुलिस ने बदमाशों को ललकारा जिस पर उन्होने फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर पर गोली लगी जिसे गिरफ्तार कर लिया गया जबकि दूसरे का पीछा करने के बाद धर दबोचा गया। गिरफ्तार बदमाशों में एक उमेश पर 25 हजार रुपए का ईनाम है वहीं नीरज कुमार पटेल उर्फ वकील शातिर अपराधी है। घायल को ईलाज के लिये सीएचसी महेशगंज ले जाया गया है।

गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से दो तमंचा , कारतूस और एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों पर प्रयागराज , भदोही और प्रतापगढ़ में लूट, चोरी ,हत्या का प्रयास , आर्म्स एक्ट जैसे संगीन अपराध पंजीकृत है।

## एक नजर

### बाढ़ राहत कार्यों की तेज़ रफ्तार प्रशासन ने संभाला मोर्चा

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में शनिवार को यमुना नदी खतरे के निशान से लगभग चार मीटर ऊपर बह रही है। इससे कालपी, जालौन और माधौगढ़ तहसीलों के कई गांवों में गंभीर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जलप्रलय के इस संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन और राज्य सरकार की ओर से त्वरित राहत एवं पुनर्वास कार्यों को पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ अंजाम दिया जा रहा है। कालपी तहसील के मंगरौल व अन्य बाढ़ग्रस्त गांवों में शुक्रवार को उच्चाधिकारियों का संयुक्त दल स्टीमर के माध्यम से पहुंचा। इस दल में मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे, डीआईजी केशव कुमार चौधरी, जिला. धिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ- दुर्गेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, विधायक विनोद चतुर्वेदी और पूर्व विधायक नरेंद्र जादौन शामिल रहे। संयुक्त दल ने मंगरौल स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए राहत केंद्र व कम्युनिटी किचन का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में मौजूद बाढ़ पीड़ितों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं तथा ज़रूरतें जानीं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग और पशु चिकित्सा विभाग द्वारा लगाए गए शिविरों की व्यवस्थाएं जांची गईं। मंडलायुक्त दुबे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत शिविरों में जीवन रक्षक दवाओं, प्राथमिक चिकित्सा सामग्री, और पशुओं के लिए टीकाकरण व चारे की व्यवस्था समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। प्रशासन द्वारा राहत शिविरों में मौजूद पीड़ितों को संपूर्ण राहत किटें वितरित की गईं। प्रत्येक किट में आटा, चावल, दाल, भुना चना, चीनी, नमक, बिस्किट, लाई, आलू, तेल, हल्दी, मसाले, नहाने व कपड़े धोने का साबुन, डेटॉल या सेवलॉन, सैनिटरी पैड, सूती कपड़ा, तौलिया, माचिस, मोमबत्ती, बाल्टी, मग और तिरपाल जैसी दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावित नागरिकों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचना हमारी प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और समर्पण के साथ राहत कार्यों में जुटा है। सभी विभाग एकजुट होकर काम कर रहे हैं।

### भव्य कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से बरसाए गए फूल

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में शनिवार को निकाली गई भव्य कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों के साथ साथ बड़ी संख्या में नगरवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कावंड यात्रा का न केवल जगह जगह पर जोरदार स्वागत किया गया बल्कि राजकीय हेलीकॉप्टर में सवार जिला. धिकारी मृदुल चौधरी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बीबीजीटीएस मूर्ति ने शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा भी की। बुंदेलखंड कांवड़ यात्रा समिति द्वारा आठ वर्षों से लगातार इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार की यात्रा में विशेष रूप से महिला शिवभक्तों ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभायी साथ ही पहली बार सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। झांसी के निकट मध्य प्रदेश की रामराजा सरकार की नगरी ओरछा धाम से शुरू हुई 25 किलोमीटर लंबी इस कांवड़ यात्रा का पूरे यात्रा मार्ग पर जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा के झांसी में प्रवेश करने पर बस स्टैंड के पास से ही आठ से 10 हजार महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा में सबसे आगे 100 छात्राएं महारानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में चलीं। यात्रा में पांच से छह हजार से अधिक कांवडियें जल लेकर झांसी के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर मंदिर के लिए निकले। यात्रा में रथ पर भगवान भोलेनाथ के स्वरूप, भगवान श्रीराम दरबार और भारत माता के स्वरूप सहित 40 से 50 डीजे भी शामिल रहे। यात्रा का भव्य स्वागत महानगर के चर्चित इलाइट चौराहे पर किया गया, जहां कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश उमा भारती ने राज्य सभा सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेई के साथ साथ बुंदेलखंड के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शिवभक्तों पर जमकर पुष्पवर्षा की। जिलाधिकारी और एसएसपी ने इलाइट से लेकर यात्रा के समापन स्थल सिद्धेश्वर मंदिर तक पूरी मार्ग पर हेलीकॉप्टर से कांवडियों पर पुष्पवर्षा की। यात्रा का समापन सिद्धेश्वर मंदिर पर हुआ जहां बड़ी संख्या में आए कांवडियों ने अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया।

### जनसेवक पद नहीं, जनसमर्पण की तपस्या है: महाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जनसेवा कोई साधारण कार्य नहीं, बल्कि एक नि:स्वार्थ तपस्या है, जो धैर्य, समर्पण और समाज के प्रति अटूट विश्वास से ही संभव है। उन्होंने कहा कि जनसेवक वह होता है जो स्वयं को नहीं, बल्कि समाज को प्राथमिकता देता है। श्री महाना ने कहा कि जनसेवा और जनसेवक मात्र पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का वह दायरा है, जो लोगों के जीवन में मुस्कान लाने से परिभाषित होता है, न कि आंकड़ों से। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता जब किसी जनप्रतिनिधि को चुनती है, तो वह उसमें अपने हित, सुरक्षा और भविष्य की झलक देखती है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज की प्रगति और जनकल्याण की जिम्मेदारी निर्वाचित प्रतिनिधियों पर होती है और इसे पूरी निष्ठा से निभाना ही सच्चे जनसेवक की पहचान है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर यह भी दोहराया कि वे जनहित के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे और समाज के विश्वास पर खरे उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

### मैनपुरी में किसान की सोते समय हत्या

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के भोगांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक किसान की सोते समय हत्या कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि नगला मधु निवासी कृपाल सिंह (60) शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद पशुओं के बाढ़े में सोने चला गया था। सुबह उसके परिजनों ने उसे मृत अवस्था में देखा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कृपाल सिंह की हत्या गोली लगने से हुई है। पुलिस में घटना की रिपोर्ट अज्ञात में दर्ज कराई गई है।

# भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## जनसमस्याओं को लेकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में बढ़ती विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने तहसील समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

यूनियन ने मांग की कि धामपुर नगर पालिका के प्रस्तावित सीमा विस्तार में मौजमपुर जैतरा सहित कई ग्रामों को केवल आंशिक रूप से शामिल किया जा रहा है, जो ग्रामीणों के साथ अन्यायपूर्ण है। संगठन ने आग्रह किया कि इन गांवों को पूर्ण रूप से पालिका क्षेत्र में सम्मिलित किया जाए ताकि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं



का लाभ मिल सके। किसान यूनियन ने वर्ष 2004 से 2021 तक लागू की गई महायोजना पर भी आपत्ति जताई और कहा कि इस योजना में किसानों की भूमि को चिन्हित तो कर लिया गया, लेकिन आज तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। इससे किसानों को भारी मानसिक व आर्थिक क्षति पहुंची है। यूनियन ने या तो योजना को निरस्त करने या फिर किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

संगठन ने बिजनौर विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इसमें धामपुर, नगीना, नजीबाबाद और चांदपुर जैसे क्षेत्रों को शामिल करने से किसानों की कृषि भूमि प्रभावित होगी, जिससे आमजन पर आर्थिक भार बढ़ेगा। यूनियन ने मांग की कि विकास प्राधिकरण केवल जिला मुख्यालय तक सीमित रखा जाए।

ज्ञापन में क्षेत्र में गुलदार के हमलों और आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं का भी जिक्र किया गया। यूनियन ने कहा कि इन मामलों में प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे किसानों में रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो किसान विरोध दर्ज कराने के लिए मजबूर होंगे और इन पशुओं को सरकारी कार्यालयों में बाधने का निर्णय ले सकते हैं। इस मौके पर दुष्यंत चौहान, यशपाल सिंह, महक सिंह, गजेंद्र सिंह, अजय चौहान, पवन शर्मा, अरविंद सिंह, रंजीत सिंह, दिनेश कुमार, वीर सिंह व दर्शन सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कृष्णा में बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



## इलमा परवीन रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ एजुकेशन के बी.एड. पाठयक्रम के द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। बी.एड. के विभागाध्यक्ष एम.एस. अंसारी ने बताया कि बी.एड. द्वितीय वर्ष में इलमा परवीन ने 78.42 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, सदफ मलिक ने 78 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान और शाजिया बानो ने 77.92 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि हमारा सदैव यही प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को एक अच्छा शैक्षिक वातावरण उपलब्ध हो जिससे कि वह भविष्य में अपना उज्जवल भविष्य बना सके एवं भविष्य में अच्छे शिक्षक बन सकें। संस्थापक एवं निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बी.एड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. दीपशिखा अग्रवाल, सुनील कुमार, कुमारी प्रतिमा ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त की।

# बदलते मौसम से स्वास्थ्य पर पड़ रहा सीधा असर : डा. जानिब नसीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** जैसे-जैसे मौसम करवट ले रहा है, वैसे वैसे बीमारियों ने भी दस्तक देना शुरू कर दिया है। तेज उमस, बीच-बीच में बरसात और फिर तीखी धूप इन सभी ने लोगों की सेहत पर सीधा असर डाला है।

मोहल्ला मिल्कियान के प्रसिद्ध और जागरूक चिकित्सा डॉ. एंडी हाशमी उर्फ नहटौरी के पुत्र डॉ. जानिब नसीम हाशमी ने मौसम को लेकर एक प्रेस वार्ता में कई गंभीर पहलुओं को सामने रखा। डॉ. जानिब नसीम हाशमी जो अपनी वैज्ञानिक सोच और जिम्मेदार सामाजिक दृष्टिकोण के लिए जाने जाते हैं। डॉ. जानिब नसीम हाशमी ने कहा कि जब मौसम इस कदर करवट लेता है तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर सीधा असर पड़ता है। वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम, डायरिया और स्किन इंफेक्शन जैसी मौसमी बीमारियाँ बहुत तेजी से फैल जाती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन बीमारियों को सामान्य समझकर अनदेखा करना खतरनाक हो सकता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए। उन्होंने कहा कि कई लोग घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा कर लेते हैं लेकिन बिना जाँच कराए



खुद दवा लेना खतरनाक साबित हो सकता है। लक्षण चाहे मामूली हों या गंभीर बिना समय गंवाए चिकित्सक से सलाह लेना सबसे समझदारी भरा कदम होगा। डॉ. जानिब नसीम हाशमी ने आम जनता को विशेष रूप से इन बातों का ध्यान रखने की अपील की, जिससे न सिर्फ उनकी बल्कि पूरे समाज की सेहत सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि फ्रिज का खाना बार-बार गर्म कर खाना सेहत को नुकसान पहुँचा सकता है। दही, छाछ और नींबू जैसे प्राकृति स्रोत प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। शरीर में पानी की कमी न होने दें लेकिन ठंडे पानी से बचें। ज्यादा मीठा, ज्यादा मसालेदार या स्ट्रीट फूड से परहेज करें, खानपान में नियमितता लाएं, समय पर खाएं, ओवरईटिंग न करें।

# सड़क हादसे में किसान की दर्दनाक मौत

**शेरकोट।** धामपुर मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक किसान की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला अचारजान निवासी विजयपाल सैनी (55 वर्ष) पुत्र होरी सिंह शनिवार की सुबह अपने खेत पर जा रहे थे, जब वे मनोकामना मंदिर के पास सड़क पार कर रहे थे। तभी अफजलगढ़ से धामपुर की ओर जा रही एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार दो युवक भी इस हादसे में घायल हो गए। दोनों युवक पीलीभीत के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा है। विजयपाल सैनी की मौत से उनके परिवार में शोक की लहर है।

# स्योहारा में दशकों से लंबित बस स्टैंड निर्माण फिर बना विवाद का केंद्र

## निष्पक्ष और स्थायी समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में लंबे समय से प्रतीक्षित बस स्टैंड निर्माण एक बार फिर नगर की राजनीति और चर्चाओं के केंद्र में है। इस बार विवाद का कारण प्रस्तावित स्थल की वैधता है, जिसे लेकर न सिर्फ नगरवासियों में मतभेद देखने को मिल रहे हैं बल्कि नगर पालिका बोर्ड की बैठकों में भी तीखी बहस का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय जनता का कहना है कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। दिवंगत समाजसेवी बबलू स्वामी ने वर्षों तक लगातार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने का प्रयास किया। उन्होंने कई बार लखनऊ जाकर मंत्रियों व विधायकों से मुलाकात की और स्योहारा की आवश्यकता को पूरी गंभीरता से उठाया। दुर्भाग्यवश उनके जीवनकाल में यह सपना साकार नहीं हो सका, लेकिन उनकी मेहनत को आज भी नगरवासी सम्मान के साथ याद करते हैं। पूर्व पालिका अध्यक्ष तरन्नुम नईमुल हसन जो नईमुल हसन की पत्नी है ने भी अपने कार्यकाल में इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश की थी। उस दौरान तत्कालीन मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान के सहयोग से प्रक्रिया आगे बढ़ी लेकिन प्रस्तावित भूमि को लेकर कानूनी और सामाजिक विवाद खड़े हो गए, जिससे कार्य फिर ठप हो गया।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी अख्तर जलील के समय में भी इस प्रस्ताव को पालिका बोर्ड से पास करवाया गया था लेकिन वो प्रयास भी भूमि विवाद और स्पष्ट नीति के अभाव में आगे नहीं बढ़ सका। अब एक बार फिर वर्तमान पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी इस योजना को धरातल पर लाने के लिए प्रयासरत हैं, उनके द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया तेजी से कराई जा रही है लेकिन उसी के साथ विवाद भी फिर उठ खड़ा हुआ है। आरोप है कि जिस भूमि पर बस स्टैंड के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है, वह विवादित है।

नगर में चर्चा है कि उक्त जमीन पर पहले से कानूनी अड़चनें हैं, जिनका समाधान किए बिना निर्माण कार्य आरंभ करना जनविरोध को जन्म दे सकता है।

हाल ही में पालिका बोर्ड की बैठक में भी इस प्रस्ताव को लेकर विरोध के स्वर सुनाई दिए। कई पार्षदों और नागरिक प्रतिनिधियों ने मांग की कि पहले इस भूमि की कानूनी स्थिति स्पष्ट की जाए और फिर ही निर्माण कार्य की स्वीकृति दी जाए।

### सभी राजनीतिक दल करें विचार

**स्योहारा।** नगरवासियों का मानना है कि स्योहारा की बढ़ती जनसंख्या और यातायात दबाव को देखते हुए एक आधुनिक बस स्टैंड की सख्त आवश्यकता है लेकिन यह कार्य राजनीति और विवादों से ऊपर उठकर जनहित को प्राथमिकता में रखते हुए किया जाना चाहिए। स्योहारा के बस स्टैंड का मुद्दा सिर्फ एक निर्माण परियोजना नहीं बल्कि जनता की वर्षों पुरानी मांग और उम्मीदों से जुड़ा विषय है। अब समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस मुद्दे को राजनीति का साधन बनाने की बजाय एक स्थायी और कानूनी समाधान की ओर कदम बढ़ाएं।

# निडर होकर कलम चलाएं : मेहरबान

## सच्चाई के लिए लड़ने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मीडिया क्लब रजिस्टर्ड किरतपुर के नव-निर्वाचित अध्यक्ष मौहम्मद मेहरबान और महासचिव कपिल रस्तौगी ने पदभार संभालते ही पत्रकारिता के मूल्यों और दायित्वों को लेकर एक स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों से कहा कि अब समय आ गया है जब पत्रकारिता को किसी दबाव, लोभ या भय से मुक्त किया जाए और उसे सच्चाई, न्याय और जनहित के आधार पर आगे बढ़ाया जाए।





उन्होंने कहा कि हमारी पत्रकारिता का उद्देश्य सत्ता या प्रभावशाली वर्गों को खुश करना नहीं, बल्कि समाज में फैले अन्याय, भ्रष्टाचार और अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि मीडिया क्लब का हर सदस्य निडर होकर कलम चलाए और जनता के बीच सच्चाई को उजागर करने का कार्य करे। आज की पत्रकारिता को एक ऐसे मोड़ पर खड़ा कर दिया गया है, जहां सत्य और निडरता बिकने लगी है और चापलूसी और चमचागीरी को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर पत्रकार ही डर गया, तो जनता का कौन होगा? अगर पत्रकार बिक गया, तो गरीब की आवाज कौन उठाएगा?

मीडिया क्लब रजिस्टर्ड किरतपुर की यह नई टीम इसी सोच के साथ आगे बढ़ रही है कि पीड़ितों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, हक और सच्चाई के लिए लड़ेंगे। क्लब के अध्यक्ष मौहम्मद मेहरबान और महासचिव कपिल रस्तौगी के नेतृत्व में यह उम्मीद की जा रही है कि नगर में पत्रकारिता की खोई हुई गरिमा को फिर से स्थापित किया जाएगा और पत्रकारों को एकजुट होकर, उनके हक की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

# श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम मंदिर आश्रम सत्संग भवन में चल रही सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शनिवार को सामूहिक हवन यज्ञ एवं भंडारे के साथ समापन हो गया है।

इस अवसर पर दो दर्जन से अधिक जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण भी किया गया। श्रद्धालु परिवारों ने हवन कुंड में आहुतियां देते हुए सभी सनातन परिवारों में शांति व खुशहाली के लिए, भगवान भोलेनाथ चरणों में कामना की। सामूहिक हवन यज्ञ को पंडित आकाश शुक्ला एवं पंडित सत्यम तिवारी ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। श्री राम मंदिर आश्रम के उत्तराधिकारी आचार्य पंडित शशिकांत वशिष्ठ ने भगवान शंकर के प्रिय मास श्रावण मास के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दौरान नगर के विभिन्न भागों तथा बाहरी स्थानो से पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा श्रवण की गई। कथा को उनके जीवन का स्वर्णिम एवं उल्लेखनीय पहलू बताते हुए श्रवण की गई कथा को अपने जीवन में स्थान दिलाने की बात कही। इस अवसर पर सौरव वशिष्ठ, प्रियंका वशिष्ठ, अशोक अग्रवाल, सेवादार राकेश मिश्रा, रमेश शंकर तिवारी, चंद्र प्रकाश फौजी, आकाश प्रजापति, शुभम शुक्ला, टिल्लू पाल सहित आदि भक्ति गण उपस्थित रहे।

# राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती पर विचार एवं काव्य गोष्ठी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ के तत्वावधान में हरिकांत निवास पर देश के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रबल समर्थक राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती पर एक विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के कवियों और शायरों ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

गोष्ठी में कवि अनिल शर्मा 'अनिल' ने कहा- देश धर्म निज धर्म, मातृभूमि के हितार्थ कार्य करो निस्वार्थ, यही होना चाहिए। कवि नरेंद्र 'अनाम' की रचना - तुम हिमालय में बसे हो, मैं शिवालय में खड़ा हूं, रोको अंतर्द्वंद मेरा, मैं स्वयं से ही लड़ा हूं। डॉ. भूपेंद्र 'अनाड़ी' ने अपने अंदाज में कहा- मेरा यार फोन पर व्यस्त मिले, मैं जब फोन मिलाया। राज कुमार सिंह की पंक्तियाँ थीं- तुम रहे हो साथ मेरे, दिल में धड़कन की तरह, जिंदगी रंग भरते सुबह के सूरज की तरह। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत, राज कुमार 'राजन', अजय पाल शर्मा, विभूति कांत शर्मा, इंदु कांत शर्मा, वीरेन्द्र 'बेताब', राम सिंह 'सुमन', संजय 'बिल्लू', रजनीश शर्मा सहित कई साहित्य प्रेमियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि यशपाल 'परम' ने की, जबकि संचालन हरिकांत शर्मा ने किया। गोष्ठी के अंत में कवयित्री अल्पना जैन के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### आईटीआई अफजलगढ़ के प्रवेश बिजनौर में होंगे

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल ने बताया कि राजकीय आईटीआई अफजलगढ़ के भवन का अभी निर्माण कार्य जारी है। निर्माण कार्य पूर्ण होने तक राजकीय आईटीआई अफजलगढ़ हेतु चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश राजकीय आईटीआई बिजनौर में ही किए जा रहे हैं। अतः ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिनका चयन राजकीय आईटीआई अफजलगढ़ के लिए हुआ है, वह राजकीय आईटीआई बिजनौर में ही अपने प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रविवार अवकाश में भी प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी।

# कांवड़ यात्रा ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** कांवड़ यात्रा ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड की अचानक तबियत बिगड़ गई, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक होमगार्ड की पहचान मदनपाल सिंह पुत्र घसीटा सिंह के रूप में हुई है, जो गांव



मकसूदाबाद थाना अफजलगढ़ के निवासी थे।

मदनपाल सिंह की ड्यूटी हाईवे स्थित राजपूताना रिसोर्ट के सामने अस्थाई पुलिस शिविर पर लगी थी। ड्यूटी करते समय शनिवार की सुबह अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। उनके मुंह और नाक से खून आने लगा। ड्यूटी पर तैनात उनके अन्य साथियों ने घटना की सूचना अधिकारियों को देते हुए 108 एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

होमगार्ड की अचानक मौत से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक होमगार्ड के परिजनों को सूचना दे दी गई है और शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पुलिस प्रशासन ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया

## किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी किए जाने के अवसर पर विकास खंड धामपुर में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत स्थानीय किसानों ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन देखा और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि नीरज प्रताप सिंह, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, विभागीय कर्मचारी व क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस मौके पर



पीएम किसान योजना से संबंधित पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, लाभ और अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह योजना किसानों की आय को मजबूत करने के लिए शुरू की गई थी और अब तक लाखों किसान इसका लाभ प्राप्त कर चुके हैं। किसान हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ लें और कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को अपनाकर अपनी उत्पादन क्षमता को और बेहतर बनाएं। कार्यक्रम के दौरान सुजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, सुबोध राजपूत, प्राची राजपूत, हेमलता समेत अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

## एक नजर

### छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**चांदपुर।** गजरौला रेलवे स्टेशन पर एक छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। छात्र तहसील चांदपुर के ग्राम दतियाना निवासी हरेंद्र कुमार का पुत्र अंश उपाध्याय बताया गया है। अंश कुमार उपाध्याय गजरौला जनपद अमरोहा में किराये के मकान पर रहकर अपनी पढ़ाई कर रहा था। अंश उपाध्याय कक्षा 12 वीं का छात्र था। रेलवे जीआरपी पुलिस इंचार्ज राजीव कुमार के अनुसार अंश कुमार उपाध्याय की उसके पिता हरेंद्र कुमार से फोन पर बात हुई थी। पिता ने अंश उपाध्याय को डांट दिया था। सम्भवतः अंश ने नाराज होकर गजरौला रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर पहुंचकर क्रांति एक्सप्रेस के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। गजरौला रेलवे जीआरपी पुलिस इंचार्ज राजीव कुमार के अनुसार अंश उपाध्याय ने शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर उसकी सूचना मृतक छात्र के परिजनां को दी। सूचना पर अंश के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

### छात्रा ने लिया अंकित रस्तोगी एड. का इंटरव्यू



**किरतपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा स्तुति रस्तोगी ने एडवोकेट अंकित रस्तोगी (अध्यक्ष, एडवोकेट एसोसिएशन किरतपुर) का इंटरव्यू लेकर विधिक जागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल की। स्कूल प्रोजेक्ट के तहत लिए गए इस साक्षात्कार में छात्रा ने न्याय प्रणाली, बाल अधिकार, महिला सुरक्षा कानूनों और विधिक शिक्षा जैसे गंभीर विषयों पर सवाल पूछे। अधिवक्ता ने सहजता से जवाब देते हुए छात्रा की जागरूकता की सराहना की। स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों ने भी छात्रा के प्रयास की प्रशंसा की।

### हरिपाल शास्त्री की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ




**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय श्री हरिपाल शास्त्री की 23 वीं पुण्यतिथि पर यज्ञ हवन कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक अशोक कुमार शास्त्री ने कहा कि जनपद बिजनौर में स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री का नाम प्रमुख समाजसेवियों में लिया जाता है। स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री ने अनेक पदों पर असीन रहकर लोगों की तन, मन और धन से सेवा की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर, पूर्व अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक तथा प्रमुख समाजशास्त्री थे। उन्होंने कहा कि हरिपाल शास्त्री महाविद्यालय छात्रों के भविष्य निर्माण में सदैव अग्रणी रहेगा। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगाया गया शिक्षा का यह पौधा श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय में वंचितों तथा विशेष कर बालिकाओं के लिए यहां का शैक्षिक वातावरण बहुत ही सुगम है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर छात्रों को भी अपने नेतृत्व का विकास करना चाहिए। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित हवन पूजन कार्यक्रम से पूर्व समस्त स्टाफ ने स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। यज्ञ कॉलेज पुरोहित सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर रश्मि राजपूत, कॉलेज डायरेक्टर आकाश राजपूत, हंसा राजपूत, कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, डॉ. दलीप कुमार, डा. शिवाली राजपूत, डॉ. ओमपाल त्यागी, सुषैन बाबू शर्मा, सचिन कुमार, नीशु देवल, छाया राजपूत, सोनू कुमार, ललित शर्मा, रुचि राजपूत, शनि चौहान आदि उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन



**चांदपुर।** मौ. सरायरफी धनौरा रोड़ पर स्थित सुरेश कुमार प्रजापति के निवास पर चल रही प्रित्र गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान तथा श्री मद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान के अन्तर्गत आज तृतीय दिवस पर महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी जी महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण कर भक्त आत्म विभोर हो गये। श्री गुरु महाराज जी ने कहा कि संसार का प्रत्येक प्राणी परीक्षित है और सभी को इन्हीं सात दिनों में संसार से चले जाना है। परीक्षित महाराज परम् ज्ञानी एवं विवेक है। जब उन्हें जात हुआ कि मुझे सातवें दिन तक्षक नाग डस लेगा तो वह घबराये नहीं बल्कि वह साधु संतों की शरणागति में जाकर मृत्यु से निर्भयता तथा जनम मरण के चक्कर से मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग पूछते हैं। ताकि समस्त जनमानस का कल्याण हो सके। जबकि हम सब कुछ जानते हुए अपनी अपनी ना मृत्यु का चिन्तन करते हैं और ना ही कोई मोक्ष प्राप्ति का उपाय सुझाते हैं। कलयुग में श्रीमद्भागवत पुराण श्री कृष्ण भगवान जी का वांग्मय रूप है जिसकी छत्र छाया में रहने का मतलब भगवान श्री कृष्ण जी की ही शरणागति है। श्रीमद्भागवत कथा ही हमें कलिकाल के दुष्ट प्रभाव से बचा सकती है। आज के प्रसंग में श्री गुरु महाराज जी ने श्री शुकदेव जी महाराज का जन्म, महाराज परीक्षित जी की जन्मकथा तथा कलिकाल के आगमन के प्रसंगों को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। श्री मद्भागवत कथा में आज सुरेश कुमार तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी देवी, प्रमोद कुमार तथा धर्मपत्नी श्रीमती बीना देवी, कु. भावना देवी, सुमित कुमार, दक्ष प्रजापति, हर्षित कुमार, हरिदास भारद्वाज, अंकित भारद्वाज कथा व्यास, पं. रोहित भारद्वाज, हर्षित भारद्वाज का विशेष योगदान रहा।

### किसानों को श्री अन्न मिनी किट वितरित



**नहटौर।** ब्लॉक के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी में किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने का प्रोजेक्ट के माध्यम से लाइव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। इस मौके पर किसान सम्मान निधि से संबंधित जानकारी भी किसानों को दी गई। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया गया। जिन किसानों के पंजीकरण नहीं है उनसे शीघ्र पंजीकरण कराने के लिए कहा गया। इसके अलावा आयोजित कार्यक्रम में 20 किसानों को श्री अन्न मिनी किट वितरित की गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, बीडीओ प्रताप सिंह, एडीओ दीनदयाल, अमोल तोमर, सुभाष सिंह, राजू सिंह, मनोज कुमार, कमल कुमार के अलावा किसान धर्मेंद्र, जयपाल, योगेश, सुभाष चंद्र, नरेश, गंभीर सिंह आदि ने भाग लिया।

# रिश्वत लेते रंगेहाथ बिजली विभाग का लिपिक दबोचा

■ बिल सही करने के नाम पर मांगे थे 20 हजार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली की टीम को एक बार फिर बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। बिजली विभाग के कर्मचारी को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। फिलहाल आरोपी बिजली कर्मचारी के खिलाफ थाना कोतवाली में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

दरअसल अजीत कुमार पाण्डेय निवासी गाजीपुर, जिला लखनऊ अधिषासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम बरेली के कार्यालय में सहायक लिपिक के तौर पर तैनात है। एसीबी से मीरगंज के ग्राम गूला के रहने वाले एक शख्स ने शिकायत की थी कि सहायक लिपिक अजीत कुमार उनका गलत बिल सही करने के नाम पर 20 हजार की रिश्वत मांग रहा है। लिहाजा भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने शनिवार को जाल बिछाया। कार्यालय में 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी लेने के बाद टीम को आरोपी लिपिक के पास से 1.76 लाख रुपये भी अलग से बरामद हुए हैं। जिसके बारे में पूछने पर आरोपी लिपिक कोई जवाब नहीं दे पाया। माना जा रहा है कि ये भी अवैध धन उगाही करने कमाए गए हैं। थाना एंटी करप्शन टीम प्रभारी इश्तियाक वारसी ने बताया कि कोतवाली थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# डीएम के सामने जुटी फरियादियों की भीड़

■ जेल गए लेखपाल को लगाई कड़ी फटकार, 247 शिकायतें दर्ज, सात का निराकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शनिवार को डीएम और एसएसपी के सम्पूर्ण समाधान दिवस में शामिल होने की सूचना पर आयोजन में फरियादियों कि भारी भीड़ जुटी। आज के आयोजन में 247 शिकायतें दर्ज की हैं, जिनमें से 7 का निराकरण किए जाने का दावा किया गया है।

12:45 बजे एसपी देहात उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम अविनाश सिंह ने जैसे ही शिकायतें सुननी शुरू कीं, वैसे ही इधर-उधर टहल रहे फरियादियों का हुजूम उमड़ पड़ा। ब्लॉक भदपुरा के गांव विसी रम्पुरा के ग्राम प्रधान शिशुपाल शर्मा द्वारा ग्राम के तालाब और बंजर भूमि को गांव के एक दबंग ओमप्रकाश पर पाटकर उसपर कब्जा करने का आरोप लगाया। ग्राम प्रधान ने क्षेत्रीय लेखपाल जयेंद्र पाल सिंह पर भी सरकारी तालाब और बंजर भूमि के साथ ही उपले पाथने वाली भूमि पर कब्जा कराए जाने और शिकायतों का फर्जी निस्तारण किए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की, जिसपर डीएम अविनाश सिंह लेखपाल जयेंद्र पाल सिंह पर भड़क गए, और तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से भ्रष्टाचार के मामले में दो बार जेल जा चुके आरोपी लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के सख्त निर्देश दिए।



इसके साथ ही सभासद दरवेश्वर सिंह ने वार्ड विजौरिया के ग्राम समाज के तालाव से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की, जिसपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका के ईओ को तत्काल ही कार्यवाही के आदेश दिए हैं। ग्राम गरगईया के मो. हाशिम ने थाना हाफिजगंज के गांव कुंवरपुर बंजरिया के रहने वाले महसर पर विदेश भेजे जाने के नाम पर 85 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई, जिसपर एसपी देहात उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा ने कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव को कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

कस्बे के रहने वाले हाजी हामिद अली ने एक शिकायती पत्र देकर कहा कि उन्होंने अपनी क्षेत्र के गांव डंडिया वीरमनगला स्थित भूमि को जाने वाले चक मार्ग से अवैध कब्जा हटवाए जाने को डेढ़ साल पहले तहसील दिवस में शिकायत की थी, जिसका डेढ़ साल बाद भी निस्तारण नहीं किया गया है, जिसपर डीएम ने एसडीएम उदित पवार को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही कस्बे के ही रामसिंह राठौर ने तहसील के एक लेखपाल विजय पर 50 हजार रुपए लेने के बाद भी कुरा बंटवारे की गलत रिपोर्ट लगाए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया, जिसपर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप ने कार्यवाही के आदेश दिए हैं। आयोजन में कस्बे के शुभम कुमार राठौर ने कस्बे के एवीएम इंटर कॉलेज के संचालक केपी गंगवार से वेतन के 45 सौ रुपए दिलाए जाने की मांग की, जिसपर डीएम ने डीआईओएस को कार्यवाही के आदेश दिए।कस्बे के वार्ड याकूबपुर के हरिशंकर, हरदेव सिंह, रतन लाल आदि ने बस्ती के पढ़े तालाब को रातों रात पाट दिए जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की।

# गांव मवई जरेल में चोरों ने बोला धावा

■ जेवरात लेकर हुए फरार, महिला को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शुक्रवार रात अज्ञात चोरो ने गांव मवई जरेल को अपना निशाना बनाया। रात्रि लगभग 10 बजे चोर दीवार पर सीढ़ी लगाकर घर में घुस रहे थे। तभी लघु शंका को उठी गृह स्वामी की पत्नी ने चोरों को ललकारने की कोशिश की। अचानक एक चोर ने महिला का गला दबाकर लात घूंसों से जमकर पीटा। महिला बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में चोर महिला के पहने हुए जेवर कुण्डल और जेवरी लेकर भाग गए।

आधे घण्टे बाद महिला को होशआया, तब उसने पूरी घटना परिजनों को बताई। परिजनों ने तुरन्त ग्रामीणों व पुलिस को सूचना दी। वहीं पुलिस से लिखित शिकायत की। उधर पुलिस ने मामले में छीनेती की जगह चोरी का मुकदमा दर्ज किया और न ही महिला का मेडिकल कराया है, जिससे ग्रामीणो में दहशत व्याप्त है। ग्राम मवई जरेल निवासी विपिन मौर्य ने बताया कि शुक्रवार रात्रि लगभग 10 बजे उसके घर में एक चोर सीढ़ी लगाकर घुस आया था। बाकी कुछ लोग घर में घुसने की कोशिश कर रहे थे कि अचानक पत्नी विनीता लघु शंका करने को कमरे से निकली। वह कुछ समझ पाती उससे पहले ही चोर ने उनका गला दबा दिया। पत्नी बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में चोर कानों से सोने के कुण्डल और पैरों से चांदी की जेबरी निकाल कर भाग गया। लगभग आधा घण्टे बाद पत्नी को होश आया तब उसनें आप बीती पति को बताई। पत्नी की बात सुन पति ने शोर मचाकर परिजनों व ग्रामीणों के साथ चोरों को तलाश किया। मगर चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। महिला के पति की मानपुर में बिसात खाने की दुकान है। दुकान से आकर वह खाना खाकर सो गया था।

## लूट व चोरी की बढ़ती घटनाओं से ग्रामीणों में बढ़ रही दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** एक तरह ड्रोन चोरों की अफवाह ने ग्रामीणों की नींद उड़ा कर रख दी है। खौफजदा ग्रामीण रात में जागकर घर व गांव की रखवाली करते नजर आ रहे है। लेकिन चोर एक के बाद एक बड़ी घटना करके पुलिस को कड़ी चुनौती दे रहे है।

शीशगढ़ थाना क्षेत्र में गत दिवस भिड़या रसूलपुर निवासी इंदरजीत के मकान में कच्छा बनियान धारी बदमाशों ने धावा बोलकर महिला को गन प्वाइंट पर लेकर लाखों के जेवरात लूटकर फरार हो गए थे। घटना के दूसरे दिन ही बदमाशों ने फिर चुनौती देकर ग्राम मवई जरैल निवासी विपिन मौर्य की पत्नी की पिटाई करके कानों में सोने के कुंडल व चांदी की पायल छीनकर फरार हो गए।

पुलिस का अभी तक किसी भी घटना का पर्दाफाश करना तो दूर रहा बल्कि पुलिस लूट की घटना को चोरी बताने में लगी है। पुलिस की निष्क्रियता के कारण अब इलाके में दहशत बढ़ती जा रही है।

# आखिरी कुल के साथ मामू मियां का उर्स सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** हजरत हामिद मियां उर्फ मामू मियां का सालाना तीन रोजा उर्स आखिरी कुल के साथ सम्पन्न हो गया। उर्स के मौके पर बीती रात एक दीनी कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें उलेमाओं ने तकरीर और नातो मनकबत पेश किए। फातिहा ख्वानी के बाद मुल्क में अमन चौन की दुआ की गई। उर्स के मौके पर जायरीनों और अकीदतमंदों ने मामू मियां की दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी की और फातिहा ख्वानी कराई।

यहां रेलवे स्टेशन स्थित हजरत हामिद मियां उर्फ मामू मियां के सालाना तीन रोजा उर्स के पहले दिन तरहई मुशायरा हुआ। मुशायरे में उलेमाओं ने ''मेरे मामू तेरी दुहाई है'' मिसरा पर अपने-अपने कलाम पेश किए। बीती शुक्रवार की रात इशा की नमाज के बाद एक दीनी कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें नातो मनकबत के बाद उलेमाओं ने मामू मियां की शीरत पर रोशनी डाली। शनिवार को तिलावते कुरान के साथ आखिरी कुल की शुरूआत की गई। फातिहा ख्वानी के बाद दोपहर 1 बजकर 25 मिनट पर मामू मियां के आखिरी कुल की रस्म अदा की गई।

उर्स के मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नसीम अहमद, सभासद ताहिर पप्पू, मोहम्मद आजम, किस्मत अली, सलीम चंदा आदि ने मामू मियां की दरगाह पर पहुंचकर मामू मियां की दरगाह पर चादरपाेशी की, और फातिहा ख्वानी कराई। मजार के सज्जादानशीन हाजी सलीम उर्फ नवाब मियां ने उर्स में आए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

# विधवा ने कप्तान से लगाई विवेचना हटाए जाने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** 18 जुलाई को कस्बे की एक विधवा काजल वर्मा ने घर में घुसकर मारपीट और अश्लील हरकतें करने का एक मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें अभी तक कोई भी कार्यवाही न किए जाने से आहत विधवा ने कप्तान से गुहार लगाते हुए थाने के दरोगा से विवेचना हटाकर दूसरे थाने से विवेचना कराए जाने की मांग की है। कप्तान को दिए गए शिकायती पत्र में विधवा काजल वर्मा ने कहा कि दबंग उसे रास्ते में घेरकर पुत्र को उठवा लेने के साथ ही तेजाब फेंकने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है।

# धोबी तालाब पर बने मकानों को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** धोबी तालाब पर बने मकानों को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नगर पालिका द्वारा इन मकानों को नोटिस दिए जाने के बाद पूर्व चेयरमैन पति नसीम ने मोहल्ले वालों के साथ प्रदर्शन किया, और इसकी शिकायत बहेड़ी एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव से की।

नसीम अहमद के साथ में बड़ी संख्या में लोग नारे लगाते हुए तहसील दिवस में जाने की कोशिश कर रहे थे। वहां मौजूद पुलिस का कहना था कि अंदर सिर्फ पांच लोग जा सकते हैं। इसी बात को लेकर पुलिस और नसीम अहमद और उनके साथ में समर्थकों से पुलिस की काफी बहस हुई। बाद में कुछ लोग ही अंदर गए तब जाकर मामला शांत हुआ।



मोहल्ले वालों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नोटिस वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि उनके मकान नगर पालिका की जमीन पर नहीं बने हैं, और वे वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं। मोहल्ले वालों ने नोटिस को असत्य तथ्यों पर प्रेषित किया गया बताया है। उनका कहना है कि उनके आवास गाटा संख्या 227 व 228 आदि पर निर्मित हैं, जिनसे नगर पालिका व अन्य सरकारी विभागों का कोई वास्ता नहीं है।

एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा जारी किए गए नोटिस वापस लिए जाने के आदेश किया जाना चाहिए।

# तहसील दिवस में सुनीं गई शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील समाधान दिवस में एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 25 शिकायतें आईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि बाकी शिकायतों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों के अफसरों को सौंप दिया गया।

तहसील दिवस में गन्ना भुगतान का मुद्दा छाया रहा। किसानों ने एडीएम से शिकायत कर जल्द गन्ने का भुगतान कराए जाने की मांग की। इसके अलावा राशन कार्ड बनवाने के लिए भी कई शिकायतें आईं।

एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने कहा कि शिकायतों का सही व समय से निस्तारण किया जाए। इस मौके पर तहसीलदार भानू प्रताप सिंह, ईओ शशि प्रभा, एडीओ अमित कुमार सहित तमाम विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# रुड़की गांव से कांवड़ियों का जत्था रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गांव रुड़की में सावन के पवित्र महीने में कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर पत्रकार अयाज खान ने कांवड़ियों की सेवा की और फल वितरण किए। गांव रुड़की से लगभग 50 से अधिक कांवड़ियों का जत्था डाक कांवड़ लेने हरिद्वार के लिए रवाना हुआ।

पत्रकार अयाज खान ने कांवड़ियों की सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, और उन्हें फल वितरित किए। कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से जल लेकर वापस आएगा, और अपने गांव के शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करेगा।

# कमिश्नर ने तहसील दिवस में सुनीं शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की उपस्थिति में शनिवार को जनपद बरेली की तहसील सदर स्थित सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

कमिश्नर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों की उपस्थिति को जांचते हुए बिना अनुमति गैर हाजिर होने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसील से अनुमति प्राप्त होने के उपरांत ही अपने प्रतिस्थानी अधिकारी को ही सम्पूर्ण समाधान दिवस में सम्मिलित होने के लिए भेजें। तहसील दिवस में आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, जमीन विवाद आदि से सम्बंधित कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को शासन की मंशानुरुप शिकायतों को प्राथमिकता स्तर पर संज्ञान लेते हुए ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाये, उससे दूरभाष पर वार्ता कर शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं की जानकारी के उपरांत ही रिपोर्ट लगाई जाये। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में जो भी शिकायतकर्ता आये उसके शिकायत पत्र पर मोहर तथा पर्ची अवश्य लगायी जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, तहसीलदार सदर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महिलाओं को मिले संतुलित आहारः मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महिला एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने संभव अभियान तथा विभागीय कार्यो व योजनाओं की समीक्षा करते हुए कुपोषण में कमी लाने हेतु गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार दिये जाने के निर्देश दिये।सर्किट हाऊस में समीक्षा बैठक से पहले श्रीमती मौर्य द्वारा संभव अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त भारत की थीम पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा विभाग एवं आईटीसी के सहयोग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया। विभाग द्वारा की जारी गतिविधियों के अंतर्गत मंत्री द्वारा पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। समीक्षा के दौरान उन्होंने जनपद में चल रहे विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी ली। आईटीसी द्वारा निर्मित कराए गए आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत बच्चों की लर्निंग में होने वाले सुधार हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया गया जिसमें 137 मुख्य सेविकाओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करते हुए बच्चों में आने वाले सुधार हेतु कार्ययोजना का विश्लेषण किया गया। उनके द्वारा आईटीसी संस्था से यह अपेक्षा की गई कि उनकी संस्था संभव अभियान के दौरान भी विभाग के साथ सहयोग एवं समन्वय करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करें कि वह कुपोषण में कमी लाने हेतु धात्री महिलाओं को छोटे बच्चों के ऊपरी आहार में चावल का मांड, दाल का पानी तथा उबला हुआ पीसा हुआ आलू देने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत माताओं को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती मौर्य द्वारा मवीकलां आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया तथा आईटीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ पंकज कुमार थे।

## अखिलेश यादव के संघर्ष की जीत

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाड़ा ने कहा कि पीडीए पाठशाला चलाने के बाद सरकार को बैक फुट पर आना पड़ा यह है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संघर्ष की जीत है। यह संघर्ष बच्चों के शिक्षा के अधिकार मिलने तक जारी रहेगा।फरहाद आलम गाडा ने कहा कि पीड़ीए पाठशाला शुरू करने के बाद बैक फुट पर आई भाजपा सरकार ने जो अब फैसला लिया है वह नाकाफी है। बच्चों को उनके शिक्षा का अधिकार देने के लिए सरकार को अपना निर्णय पूरी तरह से वापस लेना चाहिए। फरहाद ने बीएसए मांग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा यू टर्न के बाद लिए निर्णय के अनुसार ऐसे स्कूलों की सूची उपलब्ध कारण जहां 50 से कम बच्चे हैं।

## कई थानाध्यक्ष बदले

**सहारनपुर।** एसएसपीआशीष तिवारी ने प्रशासनिक हित में कई थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए सतपाल सिंह भाटी को बेहट थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया ।एसएसपी श्री तिवारी ने प्रभारी निरीक्षक बेहट सूबे सिंह को अपना पीआरओ बनाया वहीं सरसावा प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र शर्मा को देवबंद थाने का चार्ज दिया है और देवबंद प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार को थाना प्रभारी तीतरो बनाया गया है। वहीं तीतरो के प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार को अपराध शाखा में भेजा गया है। एसएसपी ने थाना बिहारीगढ के प्रभारी निरीक्षक जावेद खान को अपराध शाखा में और उनके स्थान पर पुलिस लाइन से अक्षय शर्मा को थानाध्यक्ष बिहारीगढ बनाया है। वहीं गागलहेडी थानाध्यक्ष विनोद कुमार को थानाध्यक्ष सरसावा और गागल हेडी के उपनिरीक्षक प्रवेश कुमार को थानाध्यक्ष गागालहेडी बनाया ।

## एक नजर

# पत्नी को पति से काम पर जाने का कहना पड़ गया भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

गुस्साए पति पत्नी को जमकर पीटा, पति समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**फतेहगंज पश्चिमी।** पत्नी की मामूली बात काम पर जाने के लिए कहने पर पति और उसके परिजनों ने विवाहिता को मार पीटकर घर से बाहर निकाल दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव सोरहा निवासी पीड़िता राखी ने बताया उसने अपने पति सुनील से काम पर जाने को कहा। ये बात पति को इतना नागवार लगी कि उसने सुबह शाम दो बार लात घूंसो लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया।आरोप है पीड़िता ने पति की करतूत को अपने ससुर, जेठ को बताया तब उन्होंने ने भी उसी का समर्थन किया।आरोप है कि पति सुनील अपनी भाभी का कहना मानकर उसके साथ मारपीट करता है।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सुनील परिजन दीनदयाल, छत्रपाल और जेठानी द्रौपदी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा दिया है।

# दो बाइकों में हुई आमने-सामने की टक्कर, हालत गंम्भीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** एएनए रोड पर तेज रफ्तार दौड़ रही बाइक आमने सामने से भिड़ी।आपस में भिड़ने के कारण दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। राहगीर की मदद से पुलिस ने दोनो को एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को शीशगढ़ कस्बा निवासी रामस्वरूप बाइक के द्वारा बरेली किसी काम से जा रहे थे। थाना शाही के गांव भगोती पुर निवासी लालता प्रसाद बाइक के द्वारा एक रिश्तेदारी से लौट रहे थे। दोनों की बाइक अनियंत्रित होकर एएनए रोड पर भिड़ गई।हादसे में दोनो बाइक सवार गंभीर घायल हो गए।पुलिस ने राहगीरों की मदद से उन्हें एंबुलेंस के द्वारा बरेली अस्पताल भेज दिया।

# नाबालिग लड़की को फिर से भगा ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक कहना है कि उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक दोबारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित पिता का कहना है कि उसकी नाबालिग पुत्री को अरविंद पुत्र हरद्वारी लाल उर्फ दन्ने निवासी ग्राम दभौरा थाना भोजीपुरा फरवरी माह में स्कूल जाते समय बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। उसने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद उसकी पुत्री को कोर्ट ने उसके सुपुर्द कर दिया था।

अब 31 जुलाई को उसके गांव से कांवड़ियों का जत्था रवाना हो रहा था, वह अपने परिवार के साथ उनको विदा करने गया था। उसकी नाबालिग पुत्री भी उसके साथ थी, तभी उसकी पुत्री वहां से लापता हो गई। उसने अरविंद पर शक जताते हुए फिर से एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है।

# ब्लॉक सभागार में हुआ कृषक संवाद कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को 20वीं किस्त किसानों को सम्मान निधि के तौर पर उनके खातों में डाले जाने पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की योजनाओं कि प्रशंसा की गई।



ब्लॉक सभागार में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल के माध्यम से वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त को जारी किया, एवं देश के लिए संबोधन दिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सम्मानित किसानों ने हिस्सा लिया, और किसानों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। आयोजन में जमुना प्रसाद, शशि कपूर, जितेन्द्र चड्ढा, एडीओ एग्रीकल्चर राधेश्याम गंगवार सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इसके साथ ही इफको सेवा केंद्र पर हुए कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता, सभासद राम प्रकाश गंगवार, केंद्र प्रभारी देवेश कुमार सिंह आदि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी की गई किसानों की 20 वीं सम्मान निधि के प्रसारण को देखा।

# राज्यमंत्री ने निर्माणाधीन परियोजनाओं के सम्बन्ध में की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग दानिश आजाद अंसारी ने शनिवार को हज-2026 एवं राज्यानुदानित मदरसों तथा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई।



बैठक में राज्यमंत्री ने हज-2026 के अन्तर्गत आवेदन करने की तिथि के सम्बन्ध में, खादिमुल हुज्जाज के चयन के सम्बन्ध में, पासपोर्ट बनवाने को लेकर आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में तथा हज सम्बन्धी अन्य विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों के द्वारा हज-2026 के सम्बन्ध में विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किये गये। राज्यमंत्री ने हज यात्रा पर जाने वाले लोगों के लिये पासपोर्ट बनवाने के सम्बन्ध में आ रही समस्याओं को लेकर पासपोर्ट अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये। वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जे, अतिक्रमण के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के क्रम में वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जा, अतिक्रमण पाये जाने की दशा में सुसंगत प्राविधानों के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के भी निर्देश दिये गये। राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत जनपद बरेली के हजियापुर में निर्माणाधीन राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। राज्यमंत्री द्वारा राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उ0प्र0 राज्य हज समिति के सदस्य नदीम उल हसन एवं सदस्य हाफिज एजाज, अहमद शाहीन अंसारी, उप निदेशक/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, राज्य अनुदानित मदरसों के कर्मचारीगण, हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0, क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी, परियोजना प्रबन्धक मैसर्स वेन्सा इन्फ्रा0 लि0 सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0-9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डीएम और एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को किया निर्देशित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील मिलक में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने पूर्व समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की फीडबैक रिपोर्ट की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य रूप से राजस्व, विद्युत, पूर्ति, सिंचाई आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 06 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि जनता को त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान दिलाना है। इस हेतु अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए गए और कुछ मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु राजस्व टीमों का गठन कर स्थलीय जांच के लिए भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस में मौजूद थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था संबंधी शिकायतों का निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान किया जाए। समाधान दिवस के दौरान विद्युत, श्रम एवं पूर्ति विभाग द्वारा जन सहायता के लिए स्टॉल भी लगाए गए, जहां आम नागरिकों को



विभागीय योजनाओं, शिकायत निवारण की प्रक्रिया तथा आवश्यक सेवाओं की जानकारी दी गई।

इसी प्रकार तहसील स्वार में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 19 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील टाण्डा में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 18 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील शाहबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई और 01 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# रामनगर बैराज से 8327 क्यूसेक पानी कोसी नदी में छोड़ा

**■ पुलिस ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** उत्तराखंड के रामनगर बैराज से कोसी नदी में पानी छोड़े जाने को लेकर कोसी नदी किनारे बसे ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत की गई है और नदी के आसपास ना जाने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को उत्तराखंड के रामनगर बैराज से स्थानीय कोसी नदी में 8327 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है और स्वा तहसील प्रशासन के अधिकारियों को अलर्ट किया गया है। अचानक पानी छोड़ जाने से कोसी नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीणों में हलचल पैदा हो गई है वहीं चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने पट्टी कला के गांव



घोसीपुरा मुकंदपुर करीमपुर चौहद्दा समेत आसपास के गांव पहुंचकर महिलाओं और बच्चों को कोसी नदी से दूर रहने की हिदायत की गई है और कोसी नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीणों को पानी छोड़े जाने की मुनादी कर दी गई है। मवेशियों और उनके चारा लेने के लिए कोसी पार न जाने की सलाह दी गई है सीतारामपुर फतेहगंज और अलीगंज के ग्रामीणों को भी पानी छोड़े जाने को लेकर जागरूक किया गया है। गौरतलब है कि मसवासी क्षेत्र के लगभग 12 गांव कोसी नदी किनारे स्थित है जिससे इन गांव में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और कोसी नदी किनारे स्थित खेतों की फसलें और पशुओं का चारा भी नष्ट हो जाता है।

# नाहल नदी की जमीन पर अवैध रूप से किए कब्जे मुक्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** समाजसेवी अंकित कुमार जोशी ने संपूर्ण समाधान दिवस में एक ज्ञापन देकर बताया कि नगर के अब्दुल्लापुर रौरा खुर्द वार्ड नंबर 25 में भूमाफियाओं द्वारा नदी की सरकारी जमीन जिसका गाटा संख्या 352 रखवा 1.4160 जो नदी के रूप में दर्ज है। इस पर कई लोगों द्वारा पक्के मकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों पूर्व में कई बार की तो मौके पर हल्का लेखपाल द्वारा पैमाइश की गई जिसमें दबंग व्यक्तियों के मकानों का अवैध निर्माण पाया गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा अवैध मकान का निर्माण हटाने के लिए नोटिस भी



जारी किया गया था। इसके बावजूद भी उक्त दबंग व्यक्तियों का नदी की सरकारी जमीन पर कब्जा जारी है। अंकित कुमार जोशी ने कहा कि नदी की सरकारी जमीन पर बनाए गए अवैध मकानों की जांच कराकर अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है।

# पर ड्रॉप-मोर क्रॉप के अंतर्गत खेत तालाब योजना में जनपद को 54 का लक्ष्य प्राप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत सरन ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के पर ड्रॉप-मोर क्रॉपश के अन्तर्गत भूमि संरक्षण इकाई द्वारा संचालित वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना में इकाई को कुल 54 लक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

खेत तालाब योजना में लाभार्थी कृषकों की चयन/बुकिंग प्रक्रिया के आधार परीजजचे://हतपकंतोंद.नच. हवअ.पद के खेत तालाब कार्नर पर चल रही है।

योजना के अन्तर्गत 22◦20◦3 मी. तालाब के निर्माण पर 50 प्रतिशत अनुदान जिसकी अधिकतम सीमा 52500 रुपये का भुगतान लाभार्थी को डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि योजना हेतु लक्ष्य के 40 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्र होगें जिन्होंने आवेदन तिथि तक विगत 07 वर्षो में उद्यान/कृषि विभाग के माध्यम से अपने खेत पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना की गयी हो एवं वर्तमान में चालू स्थिति में हो तथा अवशेष 60 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्रता की श्रेणी में आयेगें, जिन्होंने पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित नहीं की है, परन्तु अब खेत तालाब के निर्माण के साथ ही सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के इच्छुक हैं। ऐसे कृषकों को खेत तालाब का अनुदान तभी देय होगा जब वह सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने हेतु उद्यान विभाग का त्रिपक्षीय अनुबंध सत्यापन के समय उपलब्ध करायेगें। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत अनुदान का भुगतान दो किस्तों में किया जायेगा।

देय अनुदान का 75 प्रतिशत निर्धारित न्यूनतम आकार के तालाब की खुदाई का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त प्रथम किस्त के रूप में एवं शेष 25 प्रतिशत का भुगतान पक्का कार्य (इनलेट) पूर्ण करने पर द्वितीय किस्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत वाटर लिफ्टिंग डिवाइस अन्तर्गत पम्पसेट (इलैक्ट्रिक/डीजल), जिस पर मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 15000 रुपये प्रति इकाई अनुदान भी कृषक के खाते में हस्तांतरित किया जायेगा। योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने वाले कृषक विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार कृषि विभाग के पोर्टल/एग्री दर्शन पोर्टल पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित किये जाने के साक्ष्य (उद्यान विभाग का पंजीकरण संख्या एवं शपथ पत्र) के साथ पंजीकरण करेंगे। इच्छुक कृषक किसी भी प्रकार की समस्या/जानक. ारी के लिए भूमि संरक्षण कार्यालय अथवा अवर अभियन्ता प्रशान्त कुमार के मो.नं.-9118956946, अवर अभियन्ता सौरभ कुमार गंगवार के मो. नं.- 9140979770 एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक, ग्रुप-ए दुष्यन्त कुमार मो. नं.-9045885091 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# क्योंरार जीरो पॉइंट पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** विशाल भंडारा जीरो प्वॉइंट क्योरार पर भगवान भोलेनाथ की कृपा से किया जा रहा है जिसमें सभी भोले भक्त, कांवरियों के द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। जिसमें उपस्थित रामकिशोर पांडे सुरेश पांडे नरेश पांडे तरुण कुमार पांडे टिंकल पांडे, धर्मेंद्र देव गुप्ता, रामअवतार पांडे वेदराम यादव, चौधरी घनवीर सिंह अशोक पांडे, हरपाल, और संजय प्रधान कपिल प्रधान विश्वजीत पांडे सूरज पांडे विक्की पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

# लिखित परीक्षा के घोषित परिणाम की तिथि के आधार पर हो पदोन्नतिः लेखपाल संघ शाहाबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की शाखा शाहाबाद ने आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश अनुभाग चार लखनऊ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय को सौंपते हुए ज्ञापन के जरिए मांग की है कि वर्ष 2015 में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में समस्त जिलों में लेखपाल पद पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा एक साथ आयोजित की गई थी। विज्ञप्ति से लेकर लिखित परीक्षा के आयोजन तक नियुक्ति से संबंधित समय सारणी का अनुपालन हुआ लेकिन उसके बाद न केवल जिला रामपुर बल्कि अन्य जिलों में भी लिखित



परीक्षा के उपरांत की कार्यवाही समयबद्ध एवं एकरूप ना रहने के कारण चयन के परिणाम स्वरुप नियुक्ति तिथि में विषमता उत्पन्न हो गई। वर्ष 2015 में ही परिणाम घोषित हुआ सितंबर द्वारा 15 में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए लेकिन जिला रामपुर में वर्ष 2016 में नियुक्ति पत्र वितरण हुए। विचारणीय है कि एक ही चयन में किसी विशेष जिले के समस्त लेखपाल एक साथ पदोन्नति प्राप्त कर लेंगे जबकि उक्त चयन में ही चयनित लेखपाल अधीनस्थ रह जाएंगे जो कि अव्यावहारिक एवं न्याय विरुद्ध है। लेखपाल संघ शाखा शाहाबाद ने मांग की है कि। लेखपाल परीक्षा दिनांक 15 मई 2015 के आलोक में नियुक्त लेखपाल की कोटि क्रम सूची लिखित परीक्षा के घोषित परिणामों की तिथि के आधार पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश की लिखित परीक्षा के परिणाम द्वारा तैयार की गई योग्यता सूची के आधार पर तैयार कर जिला रामपुर के लेखपालों को न्याय प्रदान करने की अपील की है। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष राहुल कुमार तहसील मंत्री रमन कुमार, सुमित सक्सेना,गौरव कुमार, मोहम्मद सालिक, सुखदेव, सुरेश गंगवार, विनेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग कराए प्रशासनः उस्मान

**■ किसान यूनियन ने तहसील सदर में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्य क्रम के अंतर्गत किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में तहसील सदर परिसर में एकत्रित हुए और प्रदर्शन करने के बाद पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे हैं उप जिलाअधिकारी सदर कुमार गौरव को सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव करने कैमरी रोड पहाड़ी गेट पर लकड़ी छिलाई बंद कराने बांसी आराजी भूमी कब्जा मुक्त कराने यूरिया खाद के साथ टैगिंग बंद कराने तथा पीलिंग मशीनों की लकड़ी खरीद की जांच करने आदि मांगे शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा जनपद के किसी भी गांव में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव नहीं किया जा रहा। जबकि मलेरिया विभाग मच्छर



नाशक दवा और छिड़काव के लिए धन ग्राम पंचायत को देता है जिसका बंदरबांट ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी कर लेते हैं।

उन्होंने आगे कहा इस समय धान की फसल में यूरिया की टॉप ड्रेसिंग का कार्य चल रहा है और प्राइवेट दुकानदार खाद की कलाबारी कर रहे हैं। यह लोग शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर उर्वरक बिक्री कर रहे हैं इतना ही नहीं यह लोग किसानों को जबरदस्ती यूरिया के साथ कोई ना कोई अन्य उत्पाद जरूर दे रहे हैं। जिससे किसान की जेब पर अधिक भार पड़ रहा है जिसको किसी कीमत सहन नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार सक्सेना, मजहर अली खान, बबलू, फैजान खान, किशन कुमार, साजिद, शमीम जहां, नूर मोहम्मद, विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# मीटर रीडरों के विरुद्ध डीएम को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम कोयला निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र स्व.तेजराम ने जिला अधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजकर उल्लेख किया है कि केलाशो पत्नी नामालूम मीटर नं. -3881525 बी.सी.डी. व रियासत मीटर नं.-3737380 रीडिंग पिछली 9682 मौके पर 2855 बी.सी.डी. निवासीगण ग्राम ढक्का हाजीनगर, तहसील सदर, थाना अजीमनगर, जिला रामपुर का राजेन्द्र सिंह पुत्र चुन्नी लाल बिजली घर खौद, जिला रामपुर में लाईन मैन के पद पर कार्यरत है और इनके द्वारा मीटर की रीडिंग घटाई व बढ़ाई गयी है। नरेश पुत्र जानकी मीटर नं.-387178 पिछली रीडिंग 7513 बी.आर. 3970 कराया गया नौरंगपुर, जिला रामपुर व अलीम पुत्र अब्दुल करीम मीटर नं. -69013580 पिछली 3843 बी.आर. 3814 ग्राम हरेटा कराया गया व शाहिद पुत्र नामालूम मीटर नं. -387776 मौके पर रीडिंग 13742 बी.सी.डी. न्यू कनेक्शन दे दिया गया।

ग्राम नौरंगपुर, जिला रामपुर व चम्पिया पत्नी अशर्फी लाल मीटर नं. -359855 पिछली रीडिंग 4808 मौके पर रीडिंग 2365 बी.आर. नौरंगपुर, जिला रामपुर का कराया गया व धर्मवति पत्नी बालमुकन्द मीटर नं.-360672 पिछली रीडिंग 4893 मौके पर 1430 बी.आर. ग्राम नौरंगपुर थाना अजीमनगर, जिला रामपुर में सद्दाम पुत्र निसार अली निवासी ग्राम बगरव्वा, थाना अजीमनगर, जिला रामपुर मीटरों में गड़बड़ी करता है उक्त सद्दाम (फिटर ढक्का हाजीनगर) व राजेन्द्र सिंह (फिटर केशोनगली) खौद बिजली घर रामपुर लाईन मैन के पद पर कार्यरत हैं और काफी समय से खौद बिजली घर पर कार्य कर रहे हैं और खौद के क्षेत्र में सभी लोगों से अच्छी जान पहचान होने के कारण मीटरों में घटाना बढ़ाने के लिये घरेलू कनेक्शन के लोगों को पैसे कमाने के उद्देश्य से गलत कार्य करते है तथा उक्त लोगों के कनेक्शन धारकों को बाईपास बिजली चोरी कर चलाने की सलाह देते है और उक्त लोगों से अवैध वसूली करते है जोकि भारत सरकार को बहुत बड़ी क्षति हो रही है और बड़ी संख्या में भारत सरकार को भी पैसों की हानि हो रही है इसलिए उक्त सद्दाम व राजेन्द्र सिंह को तत्काल जांच कराकर पद से टर्मिनेट किया जाये और दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल एफ.आई.आर. किये जाने के आदेश किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने उक्त सद्दाम व राजेन्द्र सिंह को तत्काल जांच कराकर पद से टर्मिनेट किया जाये और उक्त दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल एफ.आई.आर. किये जाने का आदेश पारित करने की मांग की है।

# करंट लगने से हैचरी पर काम करने वाले युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** हैचरी पर काम करने वाले एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जालिफ नगला में राम वाटिका के निकट एक मछली पालन की हैचरी बनी हुई है उसकी देखने के लिए मजदूर वहीं रहकर काम करते हैं शनिवार की शाम करीब 7 बजे हैचरी पर काम करने वाला नोयन मित्रा निवासी हरि नगर कॉलोनी जनपद 24 परगना कोलकाता पश्चिम बंगाल हैचरी पर लगे समरसेबल को खोलने गया तब उसके करंट लग गया। यह देखकर उसके एक साथ ही ने उसे बचाने की को. शिश की जिसके बाद वो बुरी तरह से झुलस गया। इसके बाद उसके साथी लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर पहुंचे जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। घटना पर पहुंची पुलिस में शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया घटना की सूचनाओं के परिजनों को दे दी गई है।



# भाजपा नेताओं से सरकारी रास्तों को कब्जा मुक्त कराने के लिए डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने गांधीवादी रवैया अपनाते हुए भारतीय परिधान धोती कुर्ता और टोपी लगाकर नंगे पैर चलकर तहसील मिलक में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस में अध्यक्षता कर जिलाधिकारी को दो पत्र देकर अवगत कराया है।

उन्होंने अवगत कराते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद मिलक के खसरा संख्या 776 एवं 781 पर दो भाजपा नेताओं ने अवैध रूप से कब्जा करके पक्का निर्माण कर लिया गया है लेकिन अधिशाषी अधिकारी द्वारा झूठ बोला जा रहा है कि रास्ता के सम्बन्ध में प्रकरण मा. सिविल न्यायालय रामपुर में विचाराधीन है जो कि पूरी तरह से गलत है।

जनहित में दोनों रास्तों को भाजपा नेताओं से कब्जा मुक्त कराने हेतु आग्रह किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत भैंसोड़ी में खसरा संख्या 211 एवं 808 जो तालाब के रूप में दर्ज हैं इनपर कई लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है लेकिन हल्का लेखपाल द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की



जा रही है। जिलाधिकारी ने तत्काल उपजिलाधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश शंखधार ने कहा कि आज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का रवैया सकारात्मक है अब हमें न्याय की उम्मीद है।

इस मौके पर सर्वराज यादव, पुष्पेन्द्र गंगवार, प्रवीण गौड़, विशाल दुबे, दीनदयाल, प्रताप सिंह, कल्लू राम, राजेन्द्र, भगवान दास, नत्थूलाल, विजयपाल, बॉबी यादव, राजेश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधन दिवस में 18 शिकायतों में 4 का निस्तारण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** स्थानीय तहसील में एसडीएम राजकुमार भास्कर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को रेफर कर दिया गया। शनिवार को स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग,आपूर्ति,नगरपालिका, बिजली एवं पुलिस विभाग से संबंधित कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण करने के निर्देश के साथ सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को रेफर कर दिया गया। इस दौरान ग्राम हौंसपुर नगली, विकास खण्ड सैदनगर के लोगों ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की गांव में एक शमशान घाट है वहां दूसरे समुदाय के लोगों ने यूके लिप्टिस के पेड़ लगा लिए हैं।उन्होंने पेड़ हटाए जाने की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान शिकायतकर्ता बब्बू, रामचंद्र, जयपाल सिंह, दौलत राम, हेमराज आदि मौजूद रहे।एसडीएम ने हल्का लेखपाल को मौके पर जाकर जांचोपरांत उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।इस अवसर पर सीओ कीर्तिनिधि आनंद, तहसीलदार निश्चय कुमार,नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित,अमित कुमार, एसडीओ विद्युत शिवम कुमार आदि मौजूद रहे।

# यूरिया खाद की कालाबाजारी पर किसानों की जिला कृषि अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार भारतीय किसान यूनियन (भानू) के पदाधिकारी बिलासपुर तहसील परिसर में एकत्र हुए और किसानों को यूरिया खाद न मिलने की समस्या पर गंभीर चिंता जताई। संगठन ने आरोप लगाया कि जिले में यूरिया खाद की कालाबाजारी जोरों पर है, जिससे किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने की। उन्होंने तीन सूत्रीय ज्ञापन तैयार कर प्रदर्शन करते हुए तहसील दिवस के मौके पर एडीएम को सौंपा। ज्ञापन में खाद की किल्लत, कालाबाजारी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपे जाने से पहले किसानों को संबोधित करते हुए मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा बिलासपुर की तहसील की सरकारी समितियों पर किसानों को खाद नहीं मिल रही है, जबकि यह समय फसल में



यूरिया डालने का है। सरकारी दुकानों पर खाद नहीं है, लेकिन प्राइवेट दुकानों पर कैसे उपलब्ध है? यह स्पष्ट रूप से कालाबाजारी का मामला है।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी समितियों और दुकानों के प्रभारी 60 प्रतिशत खाद वितरण कर रहे हैं, जबकि 40 प्रतिशत खाद माफियाओं को बेच दी जाती है, जिससे जिला कृषि अधिकारी को मोटी कमाई होती है। किसानों की मांग है किख़ाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए कालाबाजारी पर रोक लगे जिला कृषि अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए एडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से शामिल रहे:युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद आसिम राजा, ब्लॉक अध्यक्ष सतनाम सिंह, तहसील प्रभारी मोहम्मद अहमद प्रधान, मीडिया प्रभारी अहकाम मिर्जा, जयपाल, हरदीप सिंह, मुन्नीलाल, मुबारक हसन, सफदर अली, सलीम, इमरान, रिजवान अली, जमुना प्रसाद, रामपाल, सज्जाद, सत्य प्रकाश, प्रेमपाल सहित कई किसान और संगठन पदाधिकारी।

# हाइवे पर दूर तक नजर आए कांवड़ियों के जत्थे, शिवमयी हुआ वातावरण

आस्था

**कांवड़ जत्थों और झांकियों ने लोगों का मन मोहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सावन माह के चौथे व अंतिम सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये शनिवार को हाईवे पर दूर दूर तक कांवड़ियों के जत्थे दिखाई दिए। कई स्थानों पर लगे सेवा शिविरों पर कांवड़ियों के लिये भोजन व विश्राम की व्यवस्था की गई। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस पूरी तरह से सतर्क रही।

शनिवार को अपनी- अपनी कांवड़ को सजाकर कांवडिये पैदल चलते रहे। कई महिलाएं और बच्चे भी कांवड़ ले जाती दिखीं। पूरा हाइवे भोले के रंग में नजर आया। कांवड़ जत्थों के साथ चल रहे डीजे से भगवान शिव के भजन गूंज रहे थे तो वहीं बम भोले की, हर हर महादेव के जयकारे भी वातावरण को गुंजित कर रहे थे। कांवड़िए केसरिया रंग के वस्त्र धारण करके पूरे मनोयोग से अपनी मंजिल की ओर बढ़ते नजर आए। डीजे पर बज रहे भजनों पर कांवड़ियों ने नृत्य भी किए। कई कांवड़ बेड़ों के साथ रासलीला के कलाकार भी आए और उन्होंने नृत्य व शिव पार्वती के नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत करके मन मोह लिया। नगर के स्वागत होटल पर कांवड़ियों की सेवा हेतु शिविर लगाया गया तो वहीं श्री झारखंडी महादेव सेवक संघ द्वारा भी बसंत होटल के सामने सेवा शिविर लगाकर कांवड़ियों के भोजन व विश्राम की व्यवस्था की गई। शनिवार को कांवड़ियों की भीड़ के चलते पुलिस ने खासी सतर्कता बरती। कांवड़ मार्ग पर पुलिस पिकेट लगातार निगरानी करतीं रहीं तो वहीं सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने भी कांवड़ मार्ग का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।






## पुलिस ने ड्रोन कैमरे से भी की निगरानी

**गजरौला।** पुलिस कांवड़ियों की सुरक्षा में पूरी तरह सतर्कता बरत रही है। हाइवे पर पुलिस की गाड़ियां पैट्रोलिंग कर रही हैं तो वहीं जगह जगह पिकैत तैनात हैं। इतना ही नहीं पुलिस कांवड़ मार्ग की निगरानी ड्रोन कैमरे के जरिये भी कर रही है।

## हाइवे पर रहा जीरो ट्रैफिक

सुरक्षा

**कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर पुलिस प्रशासन ने लिया निर्णय**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** शनिवार को हाइवे पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर पुलिस प्रशासन ने हाइवे की दोनो लेनों को जीरो ट्रैफिक व्यवस्था लागू की और कारों को भी डायवर्जन करके निकाला गया।

बता दें कि पिछले तीन सोमवारों को कांवड़ियों की सुरक्षा के द्रष्टिगत एक लेन पर कांवड़िए और दूसरी लेन पर छोटे वाहनों के संच. ालन की अनुमति दी गई थी, लेकिन सावन के अंतिम व चौथे सोमवार को जलाभिषेक करने के लिये शनिवार को भारी संख्या में कांवड़ियों ने ब्रजघाट गंगा से जल भरा। बड़े बड़े कांवड़ जत्थे और बेड़े यहां से हाइवे से होकर निकले, इसलिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के द्रष्टिगत हाइवे की दोनों ही साइडों को कांवड़ियों के आवागमन के लिये रिजर्व कर दिया। केवल एंबुलैंसो और दोपहिया वाहनों को हाइवे से गुजरने दिया गया अन्यथा सभी छोटे बड़े वाहन बदले हुए मार्ग से निकाले गए। पुलिस के साथ साथ यातायात विभाग के जवान भी तैनात रहे।

### ट्रेनों में रही भीड़

**गजरौला।** कांवड़ियों की सुरक्षा के द्रष्टिगत हाइवे पर वाहनों का संचालन न होने के कारण ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

# हसनपुर पालिका विस्तार का सपा ने किया विरोध

## नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं देने में पालिका नाकाम: कमाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर के नेतृत्व में हसनपुर में नगर पालिका परिषद के हो रहे सीमा विस्तार को गलत ठहराते हुए अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

शनिवार को कांठ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के नेतृत्व में सपाईयों ने अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पालिका द्वारा शहरियों को मिलने सुविधा नहीं मिल पा रही है। नगर के अंदर 25 वार्ड है जिनकी आबादी लगभग 1 लाख के करीब है। नागरिकों को मिलने वाली सुविधा सफाई व्यवस्था सड़क व्यवस्था पालिका द्वारा प्रदान नहीं की जा रही है। नगर पालिका हसनपुर के सीमा विस्तार का प्रस्ताव शासन के पास है। नगर की जनता को सुविधा नहीं मिल पा रही है तो इन गांवों के लोगों को कैसे सुविधा मिल पायेगी। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग में रखकर कर्मचारियों द्वारा सफाई की जा रही है। हसनपुर नगर में सफाई व्यवस्था नहीं हो पाती है। मगर मैं सड़कों की हालत खस्ता है 60% टूटी हुई है। प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह चौपट है।हसनपुर नगर पालिका परिषद द्वारा जो सीमा विस्तार प्रस्ताव भेजा है वह नियम विरुद्ध है। यह निरस्त करने योग्य है।

**कांठ विधायक के नेतृत्व में एडीएम को सौंपा ज्ञापन**

उन्होंने कहा कि जिन गांवों को जोड़ा जा रहा है वह नगर पालिका परिषद से दूर है। नगर पालिका परिषद की सीमा विस्तार की आवश्यकता नहीं है। शासन की मंशा ठीक नहीं है। जो गांव नगर पालिका परिषद में शामिल किये जाते हैं। उनका अधिग्रहण किया जाता है तथा मुआवजा किसानों को दुगना दिया जाता है। इससे लगता है कि सरकार सीमा विस्तार से किसानों की जमीन चाहती है। पूर्व मंत्री ने सीमा विस्तार प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है। पत्र पर आरिफ अख्तर, नगर प्रभारी यूसुफ कुरैशी, बदर कुरैशी, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष फैसल अली, वसीम मलिक, शराफत मलिक, इकबाल हमीद, राशिद कुरैशी, गुड्डू प्रधान मौजूद थे

# 14 किसानों के नलकूपों से स्टार्टर चोरी

## क्षेत्र के गांव बरखेड़ा सादात की घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा सादात में शुक्रवार रात चोरों ने 14 किसानों के नलकूप से स्टार्टर व केबिल चोरी कर लिया। शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचे पीड़ित किसानों ने डीएम-एसपी को मांग पत्र सौंपकर रात्रि गश्त बढ़ाने व घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।

शुक्रवार रात गांव में घुसे चोरों ने राजेंद्र सिंह, वीरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेश सिंह, चंद्रपाल सिंह, धर्म सिंह, विचित्रपाल सिंह, राज.ेश कुमार, मोहम्मद रफी, सुरेंद्र यादव, कन्हैया सिंह, नरेंद्र सिंह व राजेंद्र सिंह समेत 14 किसानों के नलकूप को अपना निशाना बनाया। केबिल व स्टार्टर के अलावा कोठरी में रखा अन्य सामान चोरी कर लिया। सभी किसानों को चोरी की जानकारी शनिवार सुबह उस समय हुई जब वह चारा लेने के लिए अपने-अपने खेतों पर पहुंचे। वहीं, एक रात में 14 नलकूप से स्टार्टर व केबिल चोरी होने से गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद किसान एकत्र होकर नौगावां सादात तहसील में चल रहे तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने अफसरों से ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने व चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

# अमरोहा के पांच मौहल्लों में मचा चोर का शोर

## अफवाहों का बाजार गर्म, रातें जागकर काट रहे लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शुक्रवार रात पांच मोहल्लों में चोरों का शोर मचने से हड़कंप मचा रहा।अफरातफरी के बीच लाठी-डंडे लेकर घरों से निकले लोग चोरों के खौफ में रातभर जागते रहे। मोहल्लों में बंद घरों की तलाशी भी ली गई लेकिन चोर कहीं दिखाई नहीं दिए। अफवाहों के चलते पुलिस भी पूरी रात दौड़भाग करती रही।

शुक्रवार रात शहर के कई मोहल्लों में चोरों के घुसने का शोर मचने से हड़कंप मचा रहा। रात करीब 12 बजे मुख्य बाजार से सटे मोहल्ला घेर मुनाफ से मचना शुरू हुआ चोरों का शोर धीरे-धीरे मोहल्ला चकली, बेगम सराय, शफातपोता होते हुए कसाईखाने तक पहुंच गया। सोते हुए जागे घबराए लोग घरों से बाहर निकल आए, मोहल्लों में अफरातफरी का माहौल बन गया। युवाओं ने मोहल्लों में बंद पड़े घरों की तलाशी ली लेकिन चोर कहीं दिखाई नहीं दिए। इसके बाद बतौर एहतियात पहरा देने के लिहाज से सभी मोहल्लों में युवाओं की टोलियां बन गईं। सड़क से लेकर छतों तक लोग दिन निकलने तक पहरा देते रहे। वहीं, सूचनाओं को लेकर पुलिस भी हलकान नजर आई। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि इस बावत प्रभारी निरीक्षक व चौकी प्रभारियों को मोहल्लों में जागरूकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# मारपीट की तीन घटनाओं में नौ पर मुकदमा

## सिनौरा, पलौला व इकौंदा में घटी मारपीट की घटनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली कोतवाली पुलिस ने मारपीट की तीन घटनाओं में चार महिलाओं समेत नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटनाएं अलग-अलग गांव की हैं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मारपीट की पहली घटना गांव सिनौरा की है। यहां रहने वाले किसान तहसीन अहमद का आरोप है कि गांव निवासी बाबू का बेटा सानिब आए दिन बेटे अबुजर के साथ मारपीट करता है। काफी दिन से परेशान कर रहा है। शुक्रवार को भी सानिब ने अबुजर को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी सानिब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बीती 31 जुलाई की दूसरी घटना गांव पलौला की है। यहां रहने वाला इमरान गांव में जाहिद हुसैन के ट्यूबवेल के पास खड़ा था। आरोप है कि पुरानी रंजिश में गांव के रहने वाले उमर व जुनैद ने मारपीट की। इसके बाद इमरान अपनी दुकान पर बैठा था। आरोप है कि वहां पहुंची उमर की पत्नी निशात ने अपनी रिश्तेदार जौहरा के साथ मिलकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर दोनों झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए चली गईं। घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। तहरीर व वीडियो फुटेज के आधार पर मामले में पुलिस ने दोनों महिलाओं समेत चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट की तीसरी घटना गांव इकौंदा की है। यहां रहने वाले अशोक कुमार की पत्नी उर्मिला शुक्रवार सुबह करीब छह बजे घर की सफाई कर रही थी। आरोप है कि बहन संजू, भाई सतीश, उसकी पत्नी पूनम व सोनिया ने घर पर चढ़ाई कर दी। उर्मिला को मारपीट कर घायल कर दिया। बाद में आरा.ेपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते मसीह समाज के लोग।

# ननों को झूंठे केस में फंसाने की जांच हो

## मसीह समाज ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** धार्मिक ननों पर मानव तस्करी की घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

शनिवार को राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज रोबर्ट के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने 25 जुलाई को छत्तीसगढ़ से बस्तर जाते रेलवे स्टेशन पर दो ननों सिस्टम प्रीति मैरी व सिस्टर वंदना फ्रांसिसि के साथ असमाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करने तथा उन पर धर्मान्तरण व मानव तस्करी का झूंठा मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेजने की कड़े शब्दों में निंदा की। इस घटना से ईसाई समाज में रोष है। ईसाई समाज के धर्मगुरू अगर कहीं यात्रा करते हैं तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मनोज रोबर्ट, आशीष, राजेश पैट्रिक, शर्मेन्द्र सिंह, झम्मन, शेखर सिंह, संजीव कुमार आदि शामिल रहे।

# छात्रा से ब्लैकमेल के आरोपी को जेल भेजा

## बीते दिन छात्रा ने तंग आकर की थी आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर 26 वर्षीय छात्रा रुचि की आत्महत्या के मामले में मुख्य आरोपी अरुण कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना थाना क्षेत्र के गांव देहरा मिलक की है। जहाँ 31 जुलाई की रात रुचि ने अपने हाथ पर सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली थी। रुचि के परिजनों के अनुसार, अरुण कुमार और उसके भाई ब्लैकमेल करके उसे लगातार परेशान कर रहे थे। जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। शुक्रवार की सुबह जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें रुचि का शव और उसके हाथ पर लिखा हुआ सुसाइड नोट मिला था। जिसमें उसने अपनी मौत के लिए गांव के ही रहने वाले अरुण कुमार और उसके भाई को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए परि.



जनों की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। देर रात पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि दूसरे आरोपी भाई सुशील को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। और लोग दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पलौला में दो भाईयों को सांप ने डसा

## गंभीर हालत में मुरादाबाद में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** चारपाई पर सो रहे दो भाईयों को सांप ने डस लिया। बेहोशी की हालत में दोनों को मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी है। यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पलौला का है। यहां रहने वाले किसान नासिर के परिवार में पत्नी नसरीन व तीन बेटे फैजान उर्फ फैजू, संजिल व वासिफ हैं। वासिफ अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में पढ़ता है। जबकि फैजान की जोया कस्बा में कास्मेटिक की दुकान है। संजिल कक्षा 9 का छात्र है। शुक्रवार रात फैजान व संजिल बरामदे में चारपाई पर सो रहे थे। लगभग 1 बजे सांप चारपाई पर आ गया तथा दोनों भाइयों को डस लिया। संजिल की चीख निकली तो पास में सो रही मां नसरीन जाग गई। टार्च की रोशनी में देखा तो सांप चारपाई पर बैठा था। जबकि दोनों भाई बेहोश पड़े थे। फैजान के पैर व संजिल के कंधे में डसने का निशान मिला है। स्वजन ने डंडे से सांप को चारपाई से नीचे फेंका तथा उसे मार दिया। फौरन ही दोनों भाइयों को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी स्थिति चिंतानजक है। दोनों बेहोशी की हालत में हैं।

# किसानों के लिए समर्पित है केन्द्र व प्रदेश सरकार: विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'किसान सम्मान निधि' की 20 वीं किस्त जारी करने के उपलक्ष्य में कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला में 'किसान सम्मान उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन पर आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर किसानों को बीज किट भी बांटी गईं। इस मौके पर सीडीओ अश्विनी मिश्र, वैज्ञानिक डॉ.शीशपाल सिंह, डॉ. अमित तोमर, डॉ.हादी हुसैन खान, डॉ.प्राची पटेल, डॉ.आरपी सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक सभागार में आयोजित 'किसान उत्सव कार्यक्रम' में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि, भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। किसान सम्मान निधि सहित भाजपा सरकार ने सभी योजनाओं को क्रियान्वित किया है। इस दौरान किसानों को बीज की किट बांटी गईं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पायल सक्सेना, बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल, अंग्रिश कुमार, विपिन कुमार, भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, एड. मनमोहन सिंह सैन, सुनील कुमार, संजीव कुमार, दुर्गेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं: मीनाक्षी**



## समाधान दिवस में 27 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों के समक्ष 27 शिकायत दर्ज की गई। तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को ब्लॉक सभागर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव सीओ दीप कुमार पंत के समक्ष 27 शिकायतें आयी। जिनमें से तीन का मौके पर निस्तारण करते हुए अन्य शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिये गये। अधिकारियों ने कहा की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



# अंडर-17 कबड्डी में एसआरएस ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की अंडर-17 बालक कबड्डी टीम ने सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश लिया। टूर्नामेंट जमदग्नि पब्लिक स्कूल लक्सर में आयोजित हो रहा है।

2 अगस्त से हो रहे कबड्डी टूर्नामेंट में एसआरएस की टीम ने नेहरू इंटरनेशनल स्कूल नोएडा और एमएस पब्लिक स्कूल आगरा को पराजित किया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। दोनों मैचों में मयंक और वर्णित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके बेहतरीन डिफेंस और आक्रमण ने विरोधी टीमों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। टीम ने अपने पहले दो मैचों में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। टीम को स्कूल स्पोर्ट्स कोच संदीप यादव द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जो लक्सर में भी टीम के साथ मौजूद हैं। वहीं स्कूल प्रबंधन की ओर से निदेशक पुनीत सिंह ने टीम की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे खिलाड़ियों ने जिस लगन और समर्पण के साथ खेला है, उससे पूरी उम्मीद है कि हमारी टीम फाइनल मैच जीते। उन्होंने बताया कि कल होने वाले क्वार्टर फाइनल में टीम सहारनपुर से भिड़ेगी।

**आज सहारनपुर की टीम के साथ होगी टक्कर**

# पांचवां टेस्टः सिराज का घातक प्रदर्शन

● भारत के स्टार तेज गेंदबाज का जलवा जारी, पहली पारी में 4 विकेट लेकर स्टोक्स को पछाड़ा



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला के दौरान भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का जलवा जारी है। जसप्रीत बुम. राह की गैरमौजूदगी में उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और पहली पारी में चार विकेट झटके। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बल्लेबाजों के लिए और घातक साबित होते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि उनके आंकड़े बता रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने चार विकेट लेकर बेन स्टोक्स को भी पीछे छोड़ दिया है। शुक्रवार के दिन ओवल टेस्ट में 15 विकेट गिरे। यह इस सीरीज के एक दिन के खेल में सर्वाधिक है। इससे पहले लाड्र्स टेस्ट के चौथे दिन 14 विकेट गिरे थे। दरअसल, इस सीरीज में दो टेस्ट ऐसे आए, जिनमें बुमराह नहीं खेले। इससे पहले एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में बुमराह नहीं खेले थे। उस मैच को भारत ने 335 रन से जीता था और इतिहास रचा था। उस मुकाबले में भी सिराज ने गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया था और घातक गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और दूसरी पारी में एक विकेट लिया था। अब उन्होंने कुछ ऐसा ही ओवल में आखिरी टेस्ट में किया है। ओवल टेस्ट की पहली पारी में सिराज ने कप्तान ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक और जैकब बेथेल के महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने भी चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप को एक विकेट मिला। सिराज ने फ्रंट से लीड किया और इंग्लैंड के मुख्य बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। सिराज ने अब तक 41 टेस्ट की 75 पारियों में 31.49 की औसत से 118 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने चार बार पारी में पांच विकेट लिए, जबकि 15 रन देकर छह विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। इन 75 पारियों में से 28 पारियों में सिराज के साथ बुमराह नहीं थे। यानी बुमराह उन पारियों में सिराज के साथी गेंदबाज नहीं थे। वैसी 28 पारियों में सिराज ने 25.6 की बेहतरीन गेंदबाजी औसत से 44 विकेट चटकाए। वहीं, बुमराह के साथ उन्होंने टेस्ट की 47 पारियों में गेंदबाजी की है और 35 की गेंदबाजी औसत से 74 विकेट चटकाए। यानी बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बेहद घातक साबित हुए हैं। चार विकेट लेने के साथ ही सिराज के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 200 विकेट भी पूरे हो गए। उन्होंने टेस्ट में 118 विकेट लेने के अलावा वनडे में 71 और टी20 में 14 विकेट लिए हैं। वह इस मुकाम को छूने वाले भारत के 15वें तेज गेंदबाज बने। इतना ही नहीं, सिराज ने मौजूदा एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 18 विकेट ले लिए हैं और बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 35.7 की औसत से ये विकेट लिए हैं। इस सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 रन देकर छह विकेट रहा है।

## मुकाबला देखने ओवल पहुंचे हिटमैन

### स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हुए



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला लंदन के ओवल मैदान में खेला जा रहा है। तीसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी जारी है।

हालांकि, इस मैच को देखने के लिए एक ऐसा शख्स पहुंचा, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इस मैच को देखने के लिए ओवल पहुंचे। वह स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हो गए। पिछले इंग्लैंड दौरे पर बतौर खिलाड़ी स्टेडियम में एंट्री लेने वाले हिटमैन को ओवल में लाइन में लगकर और टिकट दिखाने के साथ-साथ पहचान पत्र दिखाकर एंट्री लेनी पड़ी। रोहित इन दिनों पत्नी रितिका और परिवार के साथ यूरोप टूर पर हैं। वह इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल टेस्ट देखने का फैसला किया। दो महीने पहले तक वह इस भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान हुआ करते थे। हालांकि, मई में टेस्ट से संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। रोहित ने इंस्टाग्राम पोस्ट में सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास का ऐलान किया था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डायलो को हराकर फ्रिट्ज नेशनल बैंक ओपन के चौथे दौर में पहुंचे

**टोरंटो, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को हराकर नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं महिला एकल वर्ग के मुकाबले में जेसिका पेग. ला को हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की रात खेले गये तीसरे दौर के मुकाबले में फ्रिट्ज ने 6 फुट 8 इंच लंबे गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराया। फ्रिट्ज का चौथे दौर में चेक गणराज्य के 19वें वरीय जिरी लेहेका से मुकाबला होगा। लेहेका ने 15वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। मैच के बाद फ्रिट्ज ने कहा कि मेरा मानना है कि टूर्नामेंट में कनाडाई खिलाड़ी के साथ खेलने के दौरान दर्शकों ने बहुत अच्छा व्यवहार किया। मुझे लगा था कि दर्शक अधिक आक्रामक होंगे। लेकिन सभी बहुत अच्छे थे। मैंने इससे भी बदतर हालात का सामना किया है।

### भारत-पाक मैच के लिए सहमति के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**जम्मू, वार्ता।** शिवसेना की जम्मू-कश्मीर इकाई ने बीसीसीआई द्वारा आगामी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए सहमति जताए जाने का आज विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जन भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। वरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शिवसेना के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले चार दशकों से जम्मू-कश्मीर में हमलों सहित आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा।

## भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का जीता खिताब



● भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिला टीम का खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने आज कहा कि भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीत लिया है।

डब्ल्यूएफआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए लिखा कि भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीता। अमेरिका (दूसरे) और जापान (तीसरे) स्थान पर रहा। भारतीय युवा पहलवानों के लिए गर्व का क्षण। डब्ल्यूएफआई के अनुसार भारतीय महिला कुश्ती टीम ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीते। यह उपलब्धि विश्व मंच पर भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम की लगातार दो ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। कुल 151 अंकों के साथ, भारत ने कुश्ती की दिग्गज टीम अमेरिका को पछाड़ा। अमेरिका 142 अंक के साथ दूसरे और जापान ने 113 अंकों के साथ तीसरा स्थान पर रहा।

## भारत को अब तक नहीं मिला पुजारा का रिप्लेसमेंट

● करुण नायर के बाद सुदर्शन भी नंबर-तीन पर फेल, बनाए 140 रन



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में चार बदलाव किए। जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, अंशुल कंबोज और ऋषभ पंत यह मैच नहीं खेले। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। चेतेश्वर पुजारा को टीम से बाहर करने के बाद अब तक भारत को नंबर तीन पर कोई स्थाई खिलाड़ी नहीं मिल पाया है। इस दौरान टीम इंडिया ने कई खिलाड़ियों को आजमाया है, लेकिन बस नाकामी हाथ लगी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर आजमाया गया, फिर करुण नायर को भी आजमाया गया, लेकिन दोनों तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुछ खास नहीं कर सके हैं। ऐसे में, नंबर तीन पर एक मजबूत बल्लेबाज की खोज जारी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का का मौका मिला। हालांकि, उस टेस्ट में हार के बाद उन्हें अगले टेस्ट से बाहर कर दिया गया। हेडिंग्ल में सुदर्शन पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में 30 रन बनाए थे। इसके बाद करुण को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका मिला। करुण ने एजबेस्टन में 31 और 26 रन की पारी और लाड्र्स में 40 और 14 रन की पारी खेली। इसके बाद मैनचेस्टर टेस्ट के लिए करुण को भी ड्राप किया गया और वापस से सुदर्शन पर भरोसा जताया गया। सुदर्शन पहली पारी में जरूर 61 रन बनाए, लेकिन फिर उनके बल्ले से रन ही नहीं निकले। मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके। फिर ओवल में पहली पारी में सुदर्शन 38 रन और दूसरी पारी में 11 रन बना सके। इस तरह नंबर तीन पर सुदर्शन की पहली अंतर्राष्ट्रीय सीरीज का अंत तीन टेस्ट की छह पारियों में 140 रन के साथ हुआ। इस दौरान उनका औसत 23.3 का रहा। वहीं, करुण ने नंबर तीन पर चार पारियों में 111 रन के साथ किया। जब विराट कोहली टेस्ट टीम का हिस्सा थे तो गिल को नंबर तीन स्थान दिया गया था। कोहली के संन्यास लेने पर नंबर चार पर कोहली के स्थान पर गिल को शिफ्ट किया गया और उन्होंने इतिहास रच दिया। वहीं, रहाणे के नंबर पांच पर पंत पिछले कुछ समय से काफी सफल रहे हैं। हालांकि, गिल के नंबर तीन से हटने के बाद से कोई स्थाई नंबर तीन नहीं मिल पाया है। पिछले 10 टेस्ट यानी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बात करें तो भारत ने पांच खिलाड़ियों को अब तक नंबर तीन पर आजमाया है। इनमें गिल के अलावा देवदत्त पडिक्कल, केएल राहुल, साई सुदर्शन और करुण शामिल हैं। पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खिलाने के बाद अगले टेस्ट में ड्राप कर दिया गया। वहीं, गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट में नंबर तीन पर खेले, लेकिन चौथे टेस्ट में उन्हें बाहर कर दिया गया।

## रूट के साथ जुबानी जंग पर प्रसिद्धः यह योजना का हिस्सा था

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनके शब्द जो रूट की लय बिगाड़ देंगे और रूट को पवेलियन की राह दिखाने की यह एक बड़ी वजह बनेंगे जिसके चलते भारत ओवल टेस्ट में ड्राइविंग सीट पर पहुंच जाएगा।

रूट जब बल्लेबाजी के लिए आए थे तब इंग्लैंड 129 के स्कोर पर दो विकेट के नुकसान के साथ अच्छी स्थिति में था। दोपहर में धूप से भरे मौसम के बाद बादल छाने लगे और प्रसिद्ध ने आकाश दीप और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर इंग्लैंड की पारी की रफ्तार को धीमा करना शुरू किया। रूट ने पहली गेंद का जब सामना किया तब प्रसिद्ध की गुड लेंथ पर पड़ी गेंद उछाल के साथ उनके दस्ताने पर जा लगी। दो गेंद बाद, एक वोबल सीम गेंद पर वह प्रसिद्ध के खिलाफ डिफेंस पर बीट हुए और संभवतः तभी प्रसिद्ध ने रूट से यह शब्द कहे थे। इसकी ठीक अगली गेंद पर रूट ने स्क्वायर ड्राइव पर चौका जड़ते हुए प्रसिद्ध को भी कुछ शब्द कहे और अंपायर कुमार धर्मसेना को बीच-बचाव करना पड़ा और उन्होंने प्रसिद्ध से बात की। धर्मसेना जब प्रसिद्ध से बात कर रहे थे तब के एल राहुल और शुभमन गिल भी वहां पहुंच गए और यह चर्चा दो मिनट से अधिक देर तक चली। अगले कुछ ओवरों तक धर्मसेना ने प्रसिद्ध पर नजरें जमाई रखीं और इस दौरान अन्य भारतीय खिलाड़ी रूट के साथ उलझते रहे। प्रसिद्ध ने माना कि रूट के इस तरह घबरा जाने से वह हैरान थे। उन्होंने बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल को कहा मुझे नहीं पता कि रूटी ने ऐसा क्यों किया। मैंने बस इतना कहा कि आप बहुत अच्छे फॉर्म में दिख रहे हो' और फिर बात गाली-गलौज वगैरह में बदल गई। प्रसिद्ध ने स्वीकार किया कि रूट को बहस में उलझाकर उनका ध्यान भटकाने की योजना ओवल टेस्ट से पहले मेहमान टीम ने बनाई थी। उन्होंने मीडिया ब्रीलफग में कहा कि यही योजना थी, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे कुछ शब्दों पर उनकी इतनी तीखी प्रतिक्रिया होगी। प्रसिद्ध ने कहा कि उन्हें 'आक्रामक' होने में मज़ा आता है और यह सिर्फ 'प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त' लेने के चलते रूट और उनके बीच 'मज़ाक' हुआ। जब मैं गेंदबाजी कर रहा होता हूं, जब मैं अपने खेल का आनंद ले रहा होता हूं, तो मैं ऐसा ही होता हूं। अगर इसका मतलब है कि मैं बल्लेबाज से थोड़ी-बहुत बात. चीत कर पाता हूं और जब मैं बल्लेबाज को परेशान कर पाता हूं और उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त कर पाता हूं, तो इससे मुझे मदद मिलती है। लेकिन मुझे वह एक इंसान के रूप में पसंद हैं। वह खेल के दिग्गज हैं और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होता है जब दो लोग किसी खास पल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और विजेता बनने की चाहत रखते हैं। इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेसकॉथिक, रूट को परेशान करने की भारत की योजना को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहते थे। रूट इस सीरीज में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। ट्रेसकॉथिक ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने कोई टिप्पणी की है, है ना? जाहिर है कि उन्होंने (प्रसिद्ध) रूट पर दबाव बनाने और उन्हें थोड़ा उत्तेजित करने की कोशिश की। हो सकता है कि उन्होंने पिछले कुछ मैचों में उन्हें इतना अच्छा खेलते देखा हो कि भारत ने एक अलग तरीका अपनाया, और जो ने जवाब दिया, जैसा कि वह कभी-कभी करते हैं। आम तौर पर, वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो बस हंसते-खिलखिलाते रहते हैं और चीजों को होने देते हैं।

## मोहम्मद शमी ईस्ट जोन के दल में शामिल, इशान किशन करेंगे कप्तानी

● 15 सदस्यीय दल में आकाशु दीप, मुकेश कुमार, रियान पराग, व अभिमन्यु जैसे खिलाड़ी शामिल है



**कोलकाता, वार्ता।** भारत और बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर मैदान में वापसी करने वाले हैं। शमी को ईस्ट जोन के दल में दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए शामिल किया गया है। इशान किशन सितारों से भरे हुए इस दल की कप्तानी करेंगे। 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार और रियान पराग-अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ईश्वरन को इस दल का उप-कप्तान बनाया गया है। 34 वर्षीय शमी आखिरी बार आईपीएल 2025 में खेले थे, जहां उन्होंने अपनी नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए नौ पारियों में छह विकेट लिए थे। उनका पिछला लाल गेंद का मैच नवंबर 2024 में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में था। एसआरएच में शमी के साथी किशन, फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए दो अर्द्धशतक लगाकर वापसी कर रहे हैं। इस दल में पिछले सीजन में बंगाल के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप चटर्जी के लिए कोई जगह नहीं है, जबकि उनके बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप कुमार घरामी स्टैंडबाय में हैं। झारखंड के दोनों सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट सिंह और शरणदीप सिंह ईस्ट जोन की टीम का हिस्सा हैं, और बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी भी इस दल में शामिल हैं, जिन्होंने सात मैचों में 22 विकेट लिए हैं। जिसमें तमिलनाडु के खिलाफ पिछले दौर के मैच में 49 रन देकर 4 विकेट शामिल हैं। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने भारत के अंडर-19 इंग्लैंड दौरे पर युवा वनडे मैचों में सबसे तेज शतक लगाया था और दो अनौपचारिक टेस्ट मैच खेले थे, वह भी छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल हैं। छह टीमों वाली दलीप ट्रॉफी क्षेत्रीय प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय चयनकर्ता नहीं, बल्कि

## जियोस्टार करेगा डीपीएल सीजन-2 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण

**नई दिल्ली, वार्ता।** जियोस्टार दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के सभी मैचों का सीधा प्रसारण करेगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के लिए जियोस्टार के साथ तीन साल के ऐतिहासिक प्रसारण समझौते की घोषणा की है। इस समझौते के तहत डीपीएल के सभी मैचों का स्टार स्पोर्ट्स 2 लहदी पर और जियो हॉटस्टार पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। डीपीएल का दूसरा सत्र आज से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ और गत विजेता ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बीच मैच के साथ शुरू होगा। दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2

## वार्नर ने इंग्लैंड के रूट पर एशेज को लेकर कटाक्ष किया

● इंग्लैंड नवम्बर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज जीतने की कोशिश करेंगे

**लंदन, वार्ता।** डेविड वार्नर ने कहा कि अगर इंग्लैंड को इस सर्दी में ऑस्ट्रेलिया में सफल होना है, तो जो रूट को 'अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा'। 38 वर्षीय वार्नर, द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के साथ खेलने के लिए इंग्लैंड में हैं और हालांकि वह एक महीने के लिए लॉर्ड्स को अपना घर कहने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन वह अपने पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वियों पर एक हल्का-फुल्का कटाक्ष करने से खुद को नहीं रोक पाए।

इंग्लैंड नवंबर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज श्रृंखला जीतने की को. शिश करेंगे। वार्नर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा कि 'इसमें सबसे बड़ा एंकर रूटी (इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट) हैं, जिन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में शतक नहीं बनाया है। रूट के अक्सर एलबीडब्ल्यू आउट होने की धारणा के संदर्भ में, वार्नर ने कहा कि जोश हेजलवुड का नंबर अक्सर उनके सामने होता है। उन्हें अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा। पिछले साल अंत. रराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वार्नर मंगलवार को ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अपना शतक लगाने के लिए तैयार हैं। वह 14 अगस्त को लॉर्ड्स में रूट की ट्रेंट रॉकेट्स से भिड़ सकते हैं। रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज़ हैं और इंग्लैंड की एशेज जीतने की उम्मीदों के लिए अहम हैं, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी शतक नहीं बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गें. दबाज हेजलवुड ने उन्हें 18 टेस्ट मैचों में 10 बार आउट किया है - ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कलमस और भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह द्वारा उन्हें 11 बार आउट किए जाने से एक कम। वार्नर ने कहा कि 'सब कुछ गेंदबाज़ों पर निर्भर करता है। अगर इंग्लिश गें. दबाज ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं तो वे मुकाबले में आ जाएंगे। वार्नर को इस साल द हंड्रेड में अपने एक अन्य पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वी अनुभवी गेंदबाज जेम्स एंडरसन का भी सामना करना पड़ सकता है।

## ओवल टेस्टः दूसरी पारी में भारत 300 पार

● इंग्लैंड पर मिली बढ़त, 281 रन, जडेजा-जुरेल पिच पर, जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया



**द ओवल, वार्ता।** भारत ने द ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 281 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 305 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल पिच पर हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक पूरा कर लिया हैं। उन्हें जोश टंग ने जैमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। कप्तान शुभमन गिल 11 और नाइट वाचमैन 66 रन बनाकर आउट हुए। गस एटकिंसन ने 3, जोश टंग ने 2 और जैमी ओवर्टन ने 1 विकेट लिया। टीम इंडिया ने आज 75/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को भारत की पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। आकाश दीप 2011 के बाद पहले भारतीय नाइट वाचमैन बने हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल मैदान पर 50 से ज्यादा रन बनाए। अमित मिश्रा ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 84 रन बनाए थे। आकाश दीप नाइट वाचमैन के रूप में नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे और फिफ्टी लगा दी। ओवल टेस्ट के तीसरा दिन का दूसरा सेशन मिलाजुला रहा है। टीम इंडिया ने इस सेशन में 115 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड ने 3 विकेट हासिल किए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 304/6 है। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल की जोड़ी नाबाद है। यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। 67वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा क्लै लेकर पगबाधा आउट होने से बच गए। जोश टंग की यार्कर उनके पैर के जूते पर लगी। उन्हें फील्ड अंपायर आउट भी दे दिया। ऐसे में जडेजा ने क्लै की मांग की। वीडियो देखने के बाद थर्ड अंपायर ने फैसला बदला। 65वें ओवर में भारतीय टीम ने छठा विकेट गंवाया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश टंग ने जिमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। 58वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया। जिमी ओवर्टन के ओवर की चौथी बाल पर बेन डकेट से यशस्वी जायसवाल का कैच ड्रॉप हुआ। इतना ही नहीं, बाल बाउंड्री लाइन के बाहर चली गई। इन 4 रनों के सहारे टीम ने 250 रन का आंकड़ा हासिल किया। 55वें ओवर में भारतीय टीम ने 5वां विकेट गंवाया। यहां करुण नायर 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। नायर पिछले ओवर में मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। 54वें ओवर में हैरी ब्रूक से कैच ड्राप हुआ। तब वे 12 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ओवल टेस्ट के तीसरे दिन का पहला सेशन भारतीय टीम के नाम रहा। टीम इंडिया ने 26 ओवर के इस सेशन में एक विकेट खोकर 114 रन बनाए। आकाश दीप 66 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद लौटे हैं।

# अमेरिका ने सात महीने में 1700 भारतीय निकाले

## इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं, विदेश राज्य मंत्री बोले: बीते 5 साल में 5541 डिपोर्ट किए

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने साल 2025 में शुरुआती 7 महीने में अबतक 1703 भारतीय नागरिकों को भारत डिपोर्ट किया है। इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी।



■ कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी
■ अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है

उनका जवाब डीएमके सांसद कनिमोझी ने विदेश मंत्रालय के सवाल पर आया, जिसमें पूछा गया था-क्या सरकार जनवरी 2025 से अमेरिका से डिपोर्ट किए भारतीय नागरिकों का डेटा रखती है? सिंह ने कहा: बीत 5 साल (2020 से 2024) के बीच अमेरिका से कुल 5541 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। इसी अवधि में ब्रिटेन से 311 भारतीयों को वापस भेजा गया है। यहां से 2025 में अबतक 131 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि डिपोर्ट की वास्तविक संख्या में अंतर आ सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में भारतीय नागरिकों के पास वैध यात्रा दस्तावेज होते हैं, फिर भी ब्रिटेन सरकार उन्हें सीधे डिपोर्ट कर देती है। इसके अलावा अवैध भारतीय प्रवासियों को जारी किए गए आपातकालीन यात्रा दस्तावेज (ईटीडी) का पूरा उपयोग नहीं हो पाता, क्योंकि वे कोर्ट में अपील करके अपने डिपोर्टेशन को टाल सकते हैं। मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा: अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है। 5 फरवरी 2025 के बाद अब तक किसी डिपोर्ट फ्लाइट में यात्रियों के साथ अमानवीय व्यवहार की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा: अमेरिका में हथकड़ी पहनाए जाने, साथ ही महिलाओं-बच्चों के साथ व्यवहार को लेकर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इसके अलावा धार्मिक-सांस्कृतिक संवेदनाओं जैसे पगड़ी पहनने और खानपान की प्राथमिकताओं को लेकर भी औपचारिक तौर पर अमेरिकी प्रशासन से बात की गई है।

## अमेरिका के मोंटाना में गोलीबारी, चार मरे

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में मोंटाना राज्य के एनाकोंडा में शुक्रवार को एक बार में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। एनबीसी मोंटाना की रिपोर्ट के अनुसार गोलीबारी कल सुबह दक्षिण-पश्चिमी मोंटाना के एनाकोंडा शहर के द आउल बार में हुई। एनाकोंडा-डियर लॉज काउंटी कानून प्रवर्तन केंद्र द्वारा एक फेसबुक पोस्ट के अनुसार संदिग्ध की पहचान माइकल पॉल ब्राउन के रूप में हुई है। पोस्ट में कहा गया है, 'जानकारी के लिए बता दें कि गोलीबारी करने वाला संदिग्ध हथियारबंद और खतरनाक हो सकता है। अधिकारियों ने फेसबुक पर संदिग्ध की एक तस्वीर पोस्ट की और लोगों को स्टंपटाउन क्षेत्र और आसपास के इलाकों से दूर रहने की सलाह दी।



मिर्जापुर। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद आबादी में पहुंचे पानी से गुजरते राहगीर।

## कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति उरीबे को 12 साल की नजरबंदी की सजा

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे (73) को प्रक्रियात्मक धोखाधड़ी और गवाहों को रिश्वत देने का दोषी पाए जाने के बाद 12 साल की नज़रबंदी की सजा सुनाई गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार बचाव पक्ष के वकील ने पहले घोषणा की थी कि वे अपील दायर करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने खुद को निर्दोष बताया था। बोगोटा के 44वें आपराधिक न्यायालय की न्यायाधीश सैंड्रा हेरेडिया ने पूर्व राष्ट्रपति को इन अपराधों का दोषी पाए जाने के चार दिन बाद शुक्रवार को सज़ा की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### अभी भी महसूस किए जा रहे रूस में भूंकप के झटके

**मॉस्को।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई को आए भीषण भूकंप के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान क्षेत्र में भूकंप के 140 से अधिक झटके महसूस किए गए हैं। आपात स्थिति से संबधित मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा ष्क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 3.2 से 6.2 तीव्रता वाले 146 झटके महसूस किए गए। आबादी वाले क्षेत्रों में 2 से 5 तीव्रता वाले 20 से अधिक झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि बेज़्मियानी, शिवेलुच, क्लुचेवस्कॉय और कारिस्की ज्वालामुखी सक्रिय हो गए हैं।

### कुरील द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क।** कुरील द्वीप समूह के पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय समय 18:20 बजे पर कुरील द्वीप समूह के पूर्व में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 50.21 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 159.09 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10.0 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

### जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई रहा सबसे गर्म महीना

**टोक्यो।** जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई का महीना सबसे गर्म रहा जहां तापमान सामान्य से 2.89 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने शुक्रवार को बताया कि देशभर में जुलाई महीने का औसत तापमान 1898 में शुरू हुए तुलनात्मक रिकॉर्ड के बाद से सबसे अधिक रहा जिसने 2024 में स्थापित पिछले रिकॉर्ड को 2.16 डिग्री सेल्सियस से तोड़ दिया। मौसम अधिकारियों के मुताबिक इस साल सामान्य तापमान का अधिक होने का रिकार्ड पिछले आंकड़ों से कहीं जयादा है।

# सुना है भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा: ट्रम्प

## कहा: उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, पर अगर ऐसा होता है, तो ये अच्छी बात होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी बात होगी। आगे देखते हैं कि क्या होता है। इससे पहले रायटर्स की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है।

इसके बाद शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है। वहीं, रायटर्स के दावों को खारिज करते हुए एएनआई ने कहा कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। रायटर्स ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन आयल कार्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की खरीदी को रोक दी है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इसमे यह भी कहा गया था कि, पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की मांग नहीं की गई है। भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चा तेल कम खरीद रही हैं, क्योंकि वहां से मिलने वाली छूट 2022 के बाद से सबसे कम हो गई है। अब रिफाइनरियों को डर है कि रूस पर लगे नए प्रतिबंधों से विदेशी व्यापार में मुश्किलें आ सकती है। यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे। जिसमें रूसी तेल और ऊर्जा उद्योग को और अधिक नुकसान पहुंचाने के उपाय भी शामिल हैं। इस बीच एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने सूत्रों को बताया कि तेल की खरीद का फैसला पूरी तरह आर्थिक वजहों पर आधारित होता है, जैसे कि तेल की कीमत, उसकी किस्म, मौजूदा भंडार, लाजिस्टिक सुविधा और दूसरी व्यावसायिक जरूरतें। अधिकारियों ने कहा कि रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक और निर्यातक है। वह हर दिन करीब 9.5 मिलियन बैरल तेल निकालता है, जो दुनिया की कुल मांग का करीब 10 प्रतिशत है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए ऊर्जा के अपने स्रोतों को रणनीतिक रूप से तय किया है ताकि सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति बनी रहे। भारतीय सूत्रों ने बताया कि रूस से तेल खरीदने पर कोई अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध नहीं है। हां, जी-7 देशों और यूरोपीय यूनियन ने इसकी कीमत पर एक सीमा जरूर तय की है, ताकि रूस को बहुत ज्यादा कमाई न हो और दुनिया को तेल की सप्लाई भी बनी रहे। भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जब ओपीईसी+ देशों ने तेल का उत्पादन बहुत कम कर दिया था, उस समय अगर भारत ने रूस से सस्ता तेल नहीं खरीदा होता, तो दुनिया में तेल की कीमतें और ज्यादा बढ़ जातीं। इससे महंगाई भी और बढ़ती।



■ यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे
■ भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है

## रूसी ऑयल खरीदना बंद करने में अमेरिकी दबाव नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव में रूस से आयल खरीदना बंद कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा: बाजार में जो चीज मौजूद हैं और दुनिया में जो हालात हैं, भारत उसी हिसाब से फैसले लेता है। दरअसल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने हाल ही में दावा किया था कि भारत की सरकारी आयल रिफाइनरियों ने पिछले हफ्ते रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत को मास्को से तेल नहीं खरीदने की चेतावनी दी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि भारत एक दिन पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है। रणधीर जायसवाल ने इस बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# 2000 ईरानी मौलवियों ने की ट्रम्प की हत्या की मांग

**तेहरान।** ईरान में 2000 से ज्यादा मौलवियों ने खुलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की मांग की है। इन मौलवियों ने कहा है कि ट्रम्प का खून हलाल है यानी कोई भी उन्हें खत्म कर दे तो गुनाह नहीं है। मौलवियों ने कहा है कि जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये बयान 1 अगस्त यानी शुक्रवार को ईरान के सबसे बड़े धार्मिक शिक्षा केंद्र कुम सेमिनरी की तरफ से जारी किया गया।

इसमें कहा गया कि अब सब्र का दौर समाप्त हो गया है। ट्रम्प का खून और उसकी संपत्ति अब हलाल है। सुलेमानी की शहादत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये खूनी अपराधी अब नहीं बचेगा। दुनिया चुप नहीं बैठेगी। बदला जरूर लिया जाएगा। जनरल कासिम सुलेमानी, ईरान के एक ताकतवर सैन्य अधिकारी थे जिन्हें 2020 में बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में मार दिया गया था। जनरल कासिम इराक और सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ने के लिए चर्चित थे। ईरान मौलवियों के इस बयान के पीछे इजरायली डिफेंस मिनिस्टर इसरायल काट्ज का एक इंटरव्यू है। इसमें उन्होंने कहा था कि अगर खामेनेई हमारे निशाने पर होते, तो हम उन्हें भी खत्म कर देते। मौका नहीं मिला, वरना काम कर देते। उन्होंने ये भी कहा कि इसके लिए इजरायल को अमेरिका की इजाजत की जरूरत नहीं थी। इजरायली मंत्री के इसी बयान ने ईरानी मौलवियों ने भी प्रतिक्रिया दी। धर्मगुरु अयातुल्ला नासिर मकारेम शिराजी ने जवाब में कहा कि जो भी इस्लामिक लीडर्स को धमकी देता है या उन पर हमला करता है, वो खुदा का दुश्मन है। बयान पर छोटे छात्रों से लेकर बड़े-बड़े मौलवियों के साइन हैं।



■ बोले: ट्रम्प का खून करना हलाल, सुलेमानी की मौत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज

# उत्तरी वियतनाम में बाढ़, आठ लोगों की मौत, तीन लापता

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत डिएन बिएन में हाल के दिनों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद आठ लोगों की मौत हो गई है और अन्य तीन लापता हैं। वियतनाम समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार शनिवार सुबह 06 बजे तक लगभग 60 घर बाढ़ के पानी में बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने के से तीस गांवों को अन्य इलाकों से संपर्क टूट गया। लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस, सैन्य बल, स्थानीय मिलिशिया और विभिन्न जन संगठनों के सदस्यों सहित लगभग 700 कर्मियों को तैनात किया गया है। जा डुंग कम्यून के एक क्षेत्रीय दौरे के दौरान आज सुबह वियतनामी उप प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा ने स्थानीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करें कि कोई भी आपदा से पीड़ति व्यक्ति भूखा न रहे, लंबे समय तक संपर्क से दूर न रहे, या सूचना तक उसकी पहुंच न हो। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि बचावकर्मियों और बाढ़ प्रभावित निवासियों, दोनों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

■ बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने से तीस गांवों का अन्य इलाकों से संपर्क टूटा

## चीन ने आंधी-तूफान व उच्च तापमान के लिए किया अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन ने शनिवार को मौसम संबंधी अलर्ट जारी करते हुए कई क्षेत्रों में आंधी-तूफान और उच्च तापमान की चेतावनी दी। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने आंधी-तूफान के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और शनिवार से रविवार तक भीतरी मंगोलिया, हेइलोंगजियांग, जिलिन, लियाओनिंग, शांक्सी, हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, जिआंगसू, शंघाई, झेजियांग, अनहुई, जियांग्शी, फ़ुज़ियान, ग्वांगडोंग, गुआंग्शी, युन्नान और ताइवान द्वीप के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। एनएमसी के अनुसार इनमें से कुछ क्षेत्रों में प्रति घंटे 70 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हो सकती है जिसके साथ आंधी-तूफान भी आ सकते हैं।

# रूस के पास दो एटमी पनडुब्बियां तैनात करेगा अमेरिका

## रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव की धमकी पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियां तैनात करने का आदेश दिए। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पनडुब्बियां कहां तैनात की जाएंगी। ट्रम्प ने अपने इस कदम के पीछे रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी को जिम्मेदार बताया। साथ ही ट्रम्प ने मेदवेदेव के परमाणु हमले की धमकी पर कहा कि अमेरिका रूस के परमाणु खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल मेदवेदेव ने एक्स पर कहा था-हम इजरायल या ईरान नहीं हैं। ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा। उन्होंने ट्रम्प को याद दिलाते हुए कहा था कि रूस के पास सोवियत संघ के समय से परमाणु हमले डेड हैंड की क्षमता है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सिक्योरिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी की वजह से मैंने रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि भड़काऊ बयान सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहे। शब्द बहुत कीमती होते हैं और कई बार अनजाने में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा मामला नहीं होगा। ट्रम्प ने बताया डेड इकोनामी तो रूस ने डेड हैंड की याद दिलाई ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनामी बताया था। उन्होंने कहा था-भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके जवाब में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति घबरा गए हैं। मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा था कि ट्रम्प को डेड हैंड की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए, भले ही यह अब मौजूद नहीं है। अगर रूस के पूर्व राष्ट्रपति के कुछ शब्दों से अमेरिका के शक्तिशाली राष्ट्रपति इतना घबरा जाते हैं तो रूस का रास्ता बिल्कुल सही है। हम अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे। सोवियत यूनियन ने 1980 के दशक में एक आटोमैटिक परमाणु रिटैलिएशन सिस्टम बनाया था, जिसे डेड हैंड कहते हैं।



■ ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा

# अली लारीजानी बन सकते हैं ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली लारीजानी जल्द ही सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव बन सकते हैं। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। लारीजानी आने वाले दिनों में एसएनएससी के प्रमुख के रूप में अली अकबर अहमदियन की जगह ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि एसएनएससी में संरचनात्मक परिवर्तन पूरे हो जाने के बाद ईरान में एक नई रक्षा परिषद की स्थापना की जाएगी, जिसकी संरचना निकट भविष्य में होने की उम्मीद है। ईरान की नई रक्षा परिषद स्थापित करने की योजना उसके खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की शुरुआत के ठीक एक महीने बाद सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि नई परिषद को ईरान की रक्षा नीतियों से संबंधित रणनीतिक मिशनों को अंजाम देने का काम सौंपा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में 'संरचनात्मक परिवर्तनों' को अंतिम रूप देने के लिए लिया गया है। एसएनएससी से संबद्ध ईरान के नूर न्यूज़ ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि आवश्यक आधार तैयार करने और संरचनात्मक सुधार करने के बाद, (ईरान के) कुछ उच्च-स्तरीय सुरक्षा संस्थानों के स्तर पर आसन्न परिवर्तनों के कार्यान्वयन की संभावना बढ़ गई है।

# भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस

## बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने कहा: हमने 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराया

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने में भारत फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि समझौता न होने की वजह से भारत को अब 25 प्रतिशत टैरिफ देना पड़ेगा, जो बांग्लादेश के मुकाबले ज्यादा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। यानी कि बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया। उन्होंने इसे कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि इससे बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री को मजबूती मिलेगी। यूनुस ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा: बांग्लादेश को मिली टैरिफ दर उसके कपड़ा इंडस्ट्री के प्रतिस्पर्धियों जैसे श्रीलंका, वियतनाम, पाकिस्तान और इंडोनेशिया के बराबर है, जिन्हें 19 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच टैरिफ दर मिली थी। यूनुस ने कहा एक समान टैरिफ के कारण बांग्लादेश के कपड़ा इंडस्ट्री पर कोई असर नही पड़ेगा। वहीं, बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रमुख वार्ताकार डा. खलीलुर रहमान ने कहा कि हम ज्यादा टैरिफ देने से सफलतापूर्वक बच गए हैं। यह हमारे कपड़ा इंडस्ट्री और उस पर निर्भर लाखों लोगों के लिए अच्छी खबर है। हमने अपनी वैश्विक भूमिका को भी बनाए रखा है और दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार तक पहुंचने के नए अवसर खोले हैं। रहमान ने आगे कहा कि हमने अपने देश के हितों को ध्यान में रख कर अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत की। ये हमारी प्राथमिकता थी। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यातक इंडस्ट्री है। कपड़ा इंडस्ट्री देश की जीडीपी का 11 प्रतिशत और कुल निर्यात (एक्सपोर्ट) आय में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है।



■ यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया

# इजरायल ने यमन से दागी कई मिसाइल को रोकने का किया दावा

**यरूशलम/सना।** इजरायल ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइल को रोकने का दावा किया है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि सेना ने शुक्रवार शाम यमन से इज़रायली क्षेत्र की ओर दागी गई एक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने या किसी के मारे जाने की कोई खबर नहीं है। बयान में कहा गया है कि आईडीएफ ने मिसाइल दागे जाने के तुरंत बाद एक अलर्ट जारी किया और लगभग पांच मिनट बाद पश्चिमी यरूशलम सहित मध्य और दक्षिणी इज़रायल के क्षेत्रों में वायु रक्षा सायरन बजने लगे जिससे लोग आश्रय स्थलों की ओर भागे। मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लैंडिग और टेकऑफ़ के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। यमन के हूती समूह ने बाद में अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि उसने बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक 'हाइपरसोनिक बैलिस्टिक' हमला किया और हमले ने 'अपना लक्ष्य हासिल कर लिया' जिससे हज़ारों इज़रायली 'आश्रय स्थलों की ओर भागने और हवाई यातायात रोकने' पर मजबूर हो गए।

# नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी

## जवान के लिए नेशनल अवार्ड पर शाहरुख ने जताई खुशी



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान ने फिल्म जवान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है।

शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। शाहरूख खान को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए 33 वर्ष हो गए हैं। पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर शाहरूख खान ने खुशी जताई है। शाहरूख खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में शाहरूख ने कहा, मुझे यह कहने की जरूरत नहीं कि मैं इस समय कृतज्ञता, गर्व और विनम्रता से भरा हुआ हूं। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए एक ऐसा पल है, जिसे मैं जीवनभर सराहूंगा जूरी, चेयरमैन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस सम्मान के योग्य समझा। उन्होंने कहा, मैं अपने निर्देशकों और लेखकों का भी दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं, खासकर से 2023 के लिए। राजू सर (राजकुमार हिरानी), सिड (सिद्धार्थ आनंद) आपका

## 71वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स की हुई घोषणा में रानी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉवे के लिए मिला पुरस्कार



**मुंबई।** अभिनेत्री रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत हैं। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। रानी मुखर्जी को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए तीन दशक हो गए हैं। रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत है। रानी मुखर्जी ने कहा, 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए मेरे करियर का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर मैं अभिभूत हूं। 30 साल के करियर में यह मेरा पहला नेशनल अवॉर्ड है। एक कलाकार के तौर पर, मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे कुछ बेहतरीन फिल्मों में काम करने का मौका मिला और मुझे उनके लिए बहुत प्यार भी मिला। मैं 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में मेरे काम को सम्मान देने के लिए नेशनल अवॉर्ड जूरी को धन्यवाद देती हूं। मैं इस खुशी को फिल्म की पूरी टीम, मेरे प्रोड्यूसर्स निखिल आडवाणी, मोनिशा और मधु, मेरी डायरेक्टर आशिमा छिब्बर और उन सभी के साथ बांटना चाहती हूं जिन्होंने इस बेहद खास प्रोजेक्ट पर काम किया। यह फिल्म मातृत्व की ताकत का जश्न मनाती है। रानी मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए यह पुरस्कार मेरे 30 साल के काम, अपने क्राफ्ट के प्रति मेरे समर्पण, जिसके साथ मैं एक गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस करती हूं और सिनेमा और हमारे इस खूबसूरत फिल्म इंडस्ट्री के प्रति मेरे जुनून को भी एक पहचान देता है। मैं अपना नेशनल अवॉर्ड दुनिया की सभी अद्भुत माताओं को समर्पित करती हूं। मां के प्यार और अपने बच्चों की रक्षा करने की उनकी शक्ति जैसा कुछ भी नहीं है। मुझे लगता है कि यह सही समय है कि मैं दुनिया भर के अपने सभी प्रशंसकों का एक बार फिर शुक्रिया अदा करूं, जिन्होंने इन 30 सालों में मेरा साथ दिया है।

## शाहरुख जैसे दिग्गज के साथ अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना सौभाग्य की बात: विक्रांत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी का कहना है कि शाहरुख खान जैसे दिग्गज कलाकार के साथ पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। विक्रांत मैसी ने शाहरुख के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है। विक्रांत मैसी ने कहा, मैं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, एनएफडीसी और 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के सभी सम्मानित निर्णायक मंडल सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरे अभिनय को इस सम्मान के योग्य समझा। मैं विधु विनोद चोपड़ा जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। आज, यदि मैं ऐसा कहूं तो, एक 20 साल के लड़के का सपना सच हो गया है। मेरे अभिनय को सम्मान देने और इस फिल्म को इतने प्यार से सुझाने के लिए मैं दर्शकों का हमेशा आभारी रहूंगा।



## कियारा के जन्मदिन पर सिद्धार्थ ने मंगाया स्पेशल केक

**मुंबई।** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने 31 जुलाई को अपना 34वां जन्मदिन मनाया है। इस खास मौके पर फैमिली और फैंस से मिले प्यार के लिए अब उन्होंने आभार जताया है। इसके लिए एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में उन्होंने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा, अपने पेरेंट्स और बच्ची को भी जिक्र किया है। न्यू माम कियारा ने अपने पोस्ट में स्पेशल केक की झलक भी दिखाई है। केक का डिजाइन उनके मदरहुड जर्नी को दिखा रहा है, जिसमें एक महिला गोद में बच्चे के लिए हुए है। केक पर लिखा है- श्हैप्पी बर्थडे की। वंडरफुल मामा। कियारा नोट में लिखती हैं- 'मेरा सबसे खास जन्मदिन। मेरे लाइफ के प्यारे लोगों से घिरा हुआ। मेरा बेबी, मेरे पति और पेरेंट्स।। और हमारे दोनों गाने रिपीट मोड में बज रहे हैं क्योंकि हम इस शानदार साल में कदम रख रहे हैं। आप सभी के विशेज के लिए शुक्रिया। बता दें कि 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बच्ची के पेरेंट्स बने हैं। डिलीवरी के बाद जब एक्ट्रेस को अस्पताल से डिस्चार्ज मिला तब कपल की ओर से पैपराजी के लिए एक नोट शेयर किया गया है, जिसमें रिक्वेस्ट की गई है कि उनकी बेटी की तस्वीरें क्लिक न की जाएं। सिद्धार्थ और कियारा की ओर से शेयर किए गए नोट में लिखा था, हमारी नन्ही परी आ गई है। इस खास पल का जश्न मनाने के लिए बस कुछ मीठा। प्लीज तस्वीरें ना क्लिक करें, सिर्फ आशीर्वाद दें। कियारा और सिद्धार्थ। वहीं, एक्ट्रेस की वर्क फ्रंट की बात करें तो कियारा की फिल्म श्वार 2श 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। उनके बर्थडे के मौके पर फिल्म का पहला गाना आवन-जावन रिलीज़ किया गया। फिल्म कियारा के साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। यह एक्शन थ्रिलर 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज की जाएगी।

## दो अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं अमिताभ

**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। अमिताभ बच्चन का जन्म 11 अक्टूबर को है, लेकिन वह 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। वर्ष 1982 में अमिताभ फिल्म कुली की शूटिंग कर रहे थे। सह-अभिनेता पुनीत इस्सर के साथ एक लड़ाई के दृश्य की शूटिंग के दौरान उनके पेट मे गंभीर चोट लग गई थी। अमिताभ कई दिनों तक अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रहे। यह चोट इतनी गहरी थी कि उनकी मल्टीपल सर्जरी हुई। अमिताभ बच्चन लगभग मौत के मुंह में जा चुके थे।

## चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में दिखाई देंगे समर्थ्य

**मुंबई।** अभिनेता समर्थ्य गुप्ता शो चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का भव्य ऐतिहासिक धारावाहिक चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान अब अपनी कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ की ओर बढ़ रहा है। दर्शक जल्द ही बड़े पृथ्वीराज चौहान के रूप में अभिनेता समर्थ्य गुप्ता को देखेंगे, जो इस वीर राजा की भूमिका निभाने जा रहे हैं। उनके प्रवेश से शो में एक नए युग की शुरुआत होगी, जिसमें भावनात्मक गहराई और इतिहास की एक अविस्मरणीय प्रेम कहानी - पृथ्वीराज और संयोगिता - को और भी खूबसूरती से दर्शाया जाएगा। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए समर्थ्य ने कहा, जब मुझे भारत के सबसे बहादुर राजाओं में से एक, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाने का प्रस्ताव मिला, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। वे एक सच्चे योद्धा थे जिन्होंने अपने प्राण मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित कर दिए। यह भूमिका आसान नही है, इसके लिए मुझे शारीरिक और मान. सिक दोनों रूप से तैयारी करनी होगी।

## तारा सुतारिया और वीर एक साथ स्पॉट किए गए



**मुंबई।** वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, हालांकि अब तक किसी ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन दोनों को कई बार साथ देखा गया है।

हाल ही में सामने आई एक वीडियो में वीर, तारा को प्रोटेक्ट करते नजर आए। वीडियो में तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया को मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। जैसे ही तारा कार से उतरीं तो वीर उन्हें पैपराजी से प्रोटेक्ट करते नजर आए। तारा और वीर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर दोनों के फैंस भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कुछ का कहना है कि अब क्लियर हो रहा है कि दोनों डेट कर रहे हैं तो कुछ ने प्यार वाला हार्ट इमोजी शेयर किया है। यह पहली बार नहीं है, जब वीर और तारा को साथ में स्पाट किया गया था। इससे पहले दोनों साथ में इटली वेकेशन भी मानने गए थे। दोनों ने अपने सोशल मीडिया पर सेम लोकेशन की फोटो भी शेयर की थी। बता दें, वीर और तारा कुछ महीने पहले लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वाक किया था, जिसके बाद से डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई। लैक्मे फैशन वीक में साथ रैंप वाक किया था। बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

## नेशनल फिल्म अवार्ड को लेकर मौसमी चटर्जी का खुलासा

### कहा- अवार्ड के बदले मांगे गए थे पैसे, किशोर कुमार से भी हुई थी ऐसी मांग



**मुंबई।** फिल्मों को दिए जाने वाले अवार्ड्स को लेकर इंडस्ट्री में हमेशा दो राय रही है। इंडस्ट्री में कई दिग्गज एक्टर और एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कभी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार नहीं मिला। वहीं, कई एक्टर्स ने दावा किया है कि उन्हें पैसे के बदले अवार्ड आफर हुई थी।

इंडस्ट्री में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपना करियर शुरू करने वाली मौसमी चटर्जी ने 70-80 के दशक में कई हिट फिल्में दी हैं। मौसमी बंगाली और हिंदी सिनेमा का चर्चित चेहरा रही हैं। उन्होंने अपने करियर में 'बालिका बधू', 'अनुराग', 'अंगूर', 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को लेकर मौसमी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें दो बार पैसों के बदले अवार्ड की पेशकश की गई थी। लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में उन्होंने कहा था- 'मुझे मेरी फिल्म अनुराग और रोटी कपड़ा और मकान के लिए आफर मिला। मैंने कहा कि मैं अवार्ड के लिए पैसे नहीं दूंगी।' इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ऋषि कपूर को लेकर भी खुलासा किया था कि उन्होंने फिल्म 'बाबी' के लिए पैसे देकर अवार्ड खरीदे थे। पैसे के बदले अवार्ड का जिक्र ऋषि कपूर अपनी किताब 'खुल्लम-खुल्लम' में भी बताया था। अपनी किताब में उन्होंने लिखा कि एक पीआर वाले के जरिए 30 हजार में अवार्ड खरीदा था। हालांकि, बाद में उन्हें इस बात का पछतावा भी हुआ। पैसे के बदले अवार्ड की पेशकेश सिंगर और एक्टर किशोर कुमार को भी हुई थी।

यह दावा उनके बेटे अमित कुमार ने विक्की लालवानी को दिए इंटरव्यू में किया था। अमित कुमार ने बताया था कि किशोर कुमार एक समय दूर गगन की छांव में के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बहुत करीब थे। साल 1964 में आई इस फिल्म को किशोर कुमार ने लिखा और डायरेक्ट किया था। इसमें उन्होंने बेटे अमित कुमार के साथ एक रोल किया था। फिल्म बाक्स आफिस पर बहुत सफल रही और फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार के देने की चर्चा भी थी, लेकिन मंत्रालय में किसी ने रिश्वत की मांग की, जिसकी वजह फिल्म को अवार्ड नहीं मिला। अमित ने इंटरव्यू में कहा-उन्हें दिल्ली मंत्रालय के किसी आदमी का फोन आया। उन्होंने मेरे पिता से कहा, अगर तुम कुछ दोगे, तो हम तुम्हें नामिनेट कर सकते हैं। मेरे पिता ने कहा, तुम मेरी जान के पीछे क्यों पड़े हो? मेरी फिल्म तो हिट है।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108